@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

रविवार, 12 जनवरी 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 63 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## 2025 में प्रमुख मिशनों के लिए इसरो तैयार: जितेंद्र सिंह

बंगलूरू, 11 जनवरी। इसरो 2025 में निर्धारित प्रमुख मिशनों के लिए तैयार है। इसमें जीएसएलवी लॉन्च से लेकर गगनयान तक शामिल हैं। गगनयान कार्यक्रम के तहत पहले मानव रहित कक्षीय मिशन की लॉन्चिंग की जाएगी। इसरो के अधिकारियों ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह को समीक्षा बैठक के दौरान इस बारे में जानकारी दी। बैठक में इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ और नामित अध्यक्ष वी नारायणन व मिशन निदेशक मौजूद रहे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, इसरो ने 2025 की पहली छमाही में प्रमुख अंतरिक्ष मिशन निर्धारित किए हैं, जिनमें दो जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) मिशन, वैश्विक ग्राहक के लिए लॉन्च व्हीकल मार्क-ढ्ढढ्ढढ्ढ (एलवीएम3) का एक वाणिज्यिक मिशन और गगनयान का पहला मानवरहित कक्षीय मिशन शामिल है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि साल का पहला मिशन जीएसएलवी-एफ15/एनवीएस-02 होगा, जो एनवीएस श्रृंखला में दूसरा नेविगेशन उपग्रह, एनवीएस-2 प्रक्षेपित करेगा। यह उपग्रह स्थिति, नेविगेशन और समय निर्धारण सेवाएं प्रदान करेगा। इसमें स्वदेशी रूप से विकसित परमाणु घड़ी को शामिल करने के अलावा, एनवीएस श्रृंखला में एल1 बैंड में सिग्नल भी शामिल हैं। श्रीहरिकोटा स्थित इसरो कॉम्प्लेक्स में लॉन्च वाहन का एकीकरण उन्नत चरण में है और जनवरी 2025 के अंतिम सप्ताह के दौरान इसकी लॉन्चिंग निर्धारित है। इसके अलावा, जीएसएलवी-एफ16 मिशन में इसरो-नासा संयुक्त मिशन, निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) का प्रक्षेपण किया जाएगा। निसार एक उन्नत माइक्रोवेव रिमोट सेंसिंग उपग्रह है, जो 12 दिनों में पूरी दुनिया का नक्शा तैयार करेगा और कृषि, भूकंप, भूस्खलन आदि के संबंध में डेटा प्रदान करेगा। श्रीहरिकोटा में जीएसएलवी वाहन प्रणाली अंतिम एकीकरण के लिए तैयार हो रही है और निसार उपग्रह परीक्षण के अंतिम चरण से गुजर रहा है। एलवीएम3-एम5 प्रक्षेपण एक वाणिज्यिक मिशन होगा, जिसमें ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रहों को लॉन्च किया जाएगा।

# गृह मंत्री अमित शाह ने झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित किया

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 11 जनवरी। दिल्ली विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा हो गई है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर एक साथ पांच फरवरी को मतदान होंगे। चुनावी पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। नेता एक दूसरे पर जमकर हमला बोल रहे हैं। दिल्ली में फर्जी वोट का मुद्दा गरमाया हुआ है। दिल्ली चुनाव के लिए वोटर लिस्ट को लेकर आप और भाजपा के बीच घमासान मचा हुआ है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि पांच फरवरी से दिल्ली में आप-दा मुक्ति दिन होगा। आपदा ने पंजाब को झांसा दिया। झूठ और गुमराह करना आप की राजनीति है। दिल्ली को आपदा मुक्त करने का समय आ गया है। आपदा वाले झूठ बोलकर वोट लेते हैं। दिल्ली पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड दस्तावेज मामले में जांच में शामिल होने के लिए आप विधायक मोहिंदर गोयल और उनके कार्यालय के कर्मचारियों को नोटिस भेजा है। जिसमें कुछ बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया था। फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए थे। भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भाजपा के चुनाव प्रचार गीत पर कहा, यह एक बहुत ही सुंदर गीत है। इस गीत में खूबसूरती के साथ-साथ दिल्ली के 10 सालों की बदहाली का जिक्र है। जो दर्द दिल्ली जी रही है, वह दर्द इस गाने में हैं। दिल्ली में भाजपा सरकार चाहिए। मुझे लगता है दिल्ली की जनता इस सच्चाई के साथ 5 फरवरी को इसका जवाब देगी और दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, कैग ने दिल्ली की खुशहाली को बर्बाद कर दलाल की भूमिका निभाने वाले आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार की पूरी कहानी उजागर कर दी है। यह वही सीएजी रिपोर्ट है जो अरविंद केजरीवाल 2013 में शीला दीक्षित के खिलाफ लड़ने का झंडा लहराते थे और आज उसी कैग रिपोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को भ्रष्ट घोषित कर दिया है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, अगर इनकी (क्क) नीतियां इतनी अच्छी थी तो फिर वे वापस क्यों ली गई? आज क्क के पास दिल्ली की टूटी-फूटी सड़कों, घरों में गंदा पानी, बढ़ते हुए बिजली के बिल, कूड़े के पहाड़ और प्रदूषण पर कोई जवाब नहीं है। आज दिल्ली की जनता आपदा मुक्त होना चाहती है। आप सांसद संजय सिंह ने दावा किया है कि भाजपा के सांसदों के सरकारी आवास के पते पर फर्जी वोट बनवाये जा रहे हैं। भाजपा के देशभर के तमाम




सांसदों के सरकारी आवास के पते पर भाजपा ने नई दिल्ली विधानसभा में फर्जी वोट बनवाने की एप्लीकेशन दी है। कांग्रेस नेता और नई दिल्ली विधानसभा सीट से उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने कहा, छ्त्र ने कहा है कि शराब नीति में 2000 करोड़ का घोटाला हुआ है। अब तो यह बात स्पष्ट हो गई है कि उन्होंने (अरविंद केजरीवाल) गलत काम किया है। उन्होंने सरकारी खजाना खाली कर दिया है। शराब नीति के कारण अगर 6 महीने में 2000 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। वह योजना अगर अभी तक चल रही होती तो हमें 10,000-12,000 करोड़ का नुकसान हो चुका होता। भाजपा ने आज एक नया गाना जारी कर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर जबरदस्त हमला बोला है। इस गीत के जरिए भाजपा ने शीशमहल समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी पर हमला बोला। वहीं, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, गीत एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से हम राज्य के महत्वपूर्ण मुद्दों को लोगों तक पहुंचाते हैं। इसके लिए भाजपा ने एक कैम्पेन गीत बनाया है, यह कैम्पेन गीत से ज्यादा वर्तमान दिल्ली की हकीकत का गीत है, जिसकी मुख्य पंक्ति वीरेंद्र सचदेवा ने लिखी हैं, हमने इसे आवाज दी है और इसमें अन्य गायक भी हैं। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, गीत एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से हम राज्य के महत्वपूर्ण मुद्दों को लोगों तक पहुंचाते हैं।

## बटेंगे तो मिलेगा उत्पीड़न, धार्मिक स्थलों को भुगतना पड़ेगा खामियाजा: मुख्यमंत्री योगी

**कौमी संवाददाता**

अयोध्या, 11 जनवरी। रामनगरी अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को लेकर अयोध्या सज-धज कर तैयार है। तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का उल्लास शनिवार से छलकने लगा। दोपहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के मंच पर पहुंचे। राम भक्तों ने जय श्री राम के उद्घोष से सीएम का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह का शुभारंभ किया। छह साल के धावक मोहब्बत, पंजाब से दौड़ लगाकर अयोध्या पहुंचे। यहां प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी के मंच पर सीएम योगी ने सम्मानित किया। सीएम ने उन्हें मोबाइल गिफ्ट में दिया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि 5 अगस्त 2020 पीएम मोदी ने इसी स्थान पर मंदिर के निर्माण की लिए पूजन किया था। सीएम ने कहा 2024 में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हर दिन



लगभग 1.5 से दो लाख श्रद्धालु यहां दर्शन करते हैं। पहले यहां महज तीन-चार घंटे ही बिजली मिलती थी। राम जी की पैड़ी में सरयू का जल सड़ता रहता था। सफाई की कोई व्यवस्था नहीं थी। अयोध्या के पास कोई हवाई अड्डा नहीं था। सीएम ने कहा कि आज अयोध्या के पास अपना हवाई अड्डा है। आज सरयू जी का जल सड़ता नहीं। यहां की सड़कें त्रेतायुग का स्मरण कराती हैं। आज अयोध्या, अयोध्या होने का अहसास कराती है। आज अयोध्या सोलर से चलती है। सीएम ने कहा कि अयोध्या एक दिन में ऐसी नहीं बनी है। इसके लिए लाखों लोगों को त्याग देना पड़ा। तपस्या करनी पड़ी। लाखों लोग 500 वर्षों से अपने आराध्य को स्थापित करने के लिए संघर्ष करते रहे। सीएम ने कहा कि शासन से लेकर हर किसी तक जिसने जिस भाषा में समझा, उसे उस भाषा में समझाया गया। आज हम भाव विभोर हो जाते हैं। हमारी तीन पीढ़ियां राम मंदिर आंदोलन से जुड़ी रहीं। यह हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है। कहा कि हमारे गुरुदेव जब अस्पताल में अंतिम समय पर थे, तब भी उन्होंने आखिरी बार अशोक सिंघल से बात की थी। उन्होंने पूछा था कि राम जी का मंदिर बन जाएगा न ? सीएम ने कहा कि राम जन्मभूमि के लिए जो आंदोलन शुरू हुआ था, वह आज सार्थकता की ओर आगे बढ़ रहा है। कहा कि जब दो वर्षों में राम मंदिर पूरी तरह तैयार हो जाएगा, तब यह अयोध्या धाम पूरे विश्व में सबसे सुंदर नगरी के रूप में निखरेगा। कहा कि राम मंदिर में सुविधाओं को आगे बढ़ाने का काम तेजी से चल रहा है। सीएम ने कहा कि एक बात ध्यान रखना होगा, कि आज से पहले वह कौन सी परिस्थितियां थीं, जब समाज बंटा था। यदि हम जाति के आधार पर बंटे रहेंगे, तो उत्पीड़न झेलना पड़ेगा। एक रहेंगे तो सनातन मजबूत होगा, देश मजबूत होगा।

## समय आने पर बताएंगे कौन है डीके, कैसे होती है वसूली?

बेतिया, 11 जनवरी। बिहार के पश्चिम चंपारण में कार्यकर्ता दर्शन व संवाद कार्यक्रम के लिए पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोल है। बगहा में कार्यक्रम को संबोधित करने राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार सरकार को डीके टैक्स का खौफ है। राज्य में सभी लोग डर रहे हैं। मंत्री तक डीके की खुशामद करते रहते हैं। समय आने पर बताएगे कि कौन है डीके? हमलोग जल्द ही इसका खुलासा भी करेंगे कि कैसे होती है वसूली? तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार आज भी देश के सबसे पिछड़े राज्यों में से एक है, जहां लोग रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। तेजस्वी ने बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी बिहार मे प्रगति यात्रा कर रहे हैं। यह पूरी तरह पदाधिकारियों के लूट करने के लिए छूट देने की यात्रा है। यह प्रगति यात्रा नहीं है यह दुर्गति यात्रा है। सीएम नीतीश कुमार जनता से बात करने के लिए दो अरब पच्चीस करो? पचहत्तर रुपये चाहिए। तेजस्वी ने कहा कि जिस गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र बांटे गए। वहां आज लाठी चल रहे हैं खून बहाये जा रहे हैं। आगामी चुनाव को देखते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर हमारी सरकार बनती है तो दो सौ यूनिट फ्री बिजली, माई-बहिन मान योजना, वृद्धा पेंशन में ब?ोत्तरी सहित कई योजनाएं शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से हम बात करेंगे उनके सुझाव के बाद अगर कुछ आवश्यक होगा उसको भी जो?ा जायेगा।

# शिवसेना यूबीटी अकेले लड़ेगी निकाय चुनाव

**सौरभ शर्मा**

नागपुर, 11 जनवरी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महा विकास अघाड़ी की हार को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के बीच, उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली प्रमुख घटक दल शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा की, जिससे विपक्षी दल की एकता पर सवालिया निशान लग गया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने गठबंधन में संबंधित दलों के कार्यकर्ताओं के लिए अवसरों की कमी और संगठनात्मक विकास के अधिकार को अकेले चुनाव लड़ने के प्रमुख कारणों के रूप में जिक्र किया। इससे दो दिन पहले, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने कांग्रेस को एक झटका देते हुए 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों में अरविंद केजरीवाल की आप को समर्थन देने की घोषणा की थी। संजय राउत ने कहा कि इंडिया ब्लॉक और महा विकास अघाड़ी गठबंधन- जिसमें सेना (यूबीटी), कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) शामिल हैं- लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए बने हैं। वहीं संजय राउत की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए, कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व इस बात पर फैसला करेगा कि कांग्रेस स्थानीय निकाय चुनावों में अकेले लड़ेगी या नहीं, जिसका कार्यक्रम अभी घोषित होना बाकी है। शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी)



के फैसले से एमवीए गठबंधन के सभी तीन घटकों की चुनावी संभावनाओं पर असर पड़ेगा। विधानसभा में एनसीपी (एसपी) समूह के नेता जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि अगर वे अकेले जाना चाहते हैं, तो हम उन्हें रोकने वाले कौन होते हैं? हम किसी को जबरन साथ नहीं ले जा सकते। विधानसभा चुनाव में हार के बाद हमें साथ रहना होगा। मुझे नहीं लगता कि यह सही फैसला है। इससे तीनों एमवीए दलों की चुनावी संभावनाओं पर असर पड़ेगा। संजय राउत ने आगे कहा, गठबंधन में, अलग-अलग पार्टियों के कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं मिलते हैं और इससे संगठनात्मक विकास में बाधा आती है। हम अपनी ताकत के दम पर मुंबई, ठाणे, नागपुर और अन्य नगर निगमों, जिला परिषदों और पंचायतों के चुनाव लड़ेंगे। संजय राउत ने आगे कहा कि उद्धव ठाकरे ने पार्टी को संकेत दिया है कि उसे अकेले ही चुनाव लड़ना चाहिए। वहीं राउत ने एमवीए में समन्वय की कमी के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। विधानसभा चुनावों में एमवीए की हार को लेकर कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार पर आरोप-प्रत्यारोप का आरोप लगाते हुए संजय राउत ने कहा कि जो लोग आम सहमति और समझौते में विश्वास नहीं करते, उन्हें गठबंधन में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे दावा किया कि लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद इंडिया ब्लॉक ने एक भी बैठक नहीं की। शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कहा, हम इंडिया ब्लॉक के लिए एक संयोजक भी नियुक्त नहीं कर पाए।

# फर्जी नैरेटिव का गुब्बारा फूटने के बाद की आरएसएस की प्रशंसा

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नागपुर, 11 जनवरी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एनसीपी (शपा) प्रमुख शरद पवार द्वारा हाल ही में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की तारीफ किए जाने के बाद उन पर तंज कसा। सीएम फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि पवार ने आरएसएस की प्रशंसा की, यह देखने के बाद कि कैसे संगठन 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा फैलाए गए फर्जी नैरेटिव पर काबू पाने में कामयाब रहा। सीएम फडणवीस के अनुसार, विपक्ष ने यह दावा किया था कि भाजपा संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के लिए 400 सीटें जीतना चाहती है, लेकिन आरएसएस ने इस गलत धारणा को खत्म कर दिया। हालांकि, बाद में भाजपा नेताओं ने इस नैरेटिव के बारे में दावा किया कि इससे पार्टी को कड़ी चोट पहुंची। सीएम ने कहा कि शरद पवार साहब बहुत बुद्धिमान हैं। उन्होंने निश्चित रूप से इस पहलू का अध्ययन किया होगा। उन्होंने महसूस किया कि यह (आरएसएस) एक नियमित राजनीतिक शक्ति नहीं बल्कि एक राष्ट्रवादी शक्ति है। किसी भी प्रतियोगिता में दूसरों की प्रशंसा करना अच्छा होता है। उन्होंने कहा कि शायद इसलिए पवार ने आरएसएस की तारीफ की होगी। नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान सीएम फडणवीस ने यह भी



बताया कि जून 2022 में जब एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया गया, तब उन्हें संगठनात्मक कार्य के लिए कहा गया था, लेकिन वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें सरकार में शामिल होने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे सरकार में एक संविधानेतर अधिकारी की तरह व्यवहार करने के लिए कहा था। फडणवीस से सवाल किया गया कि पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह में से कौन अधिक सख्त हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, पीएम बहुत अनुशासित नेता हैं, जबकि शाह को कभी-कभी राजनीतिक फैसले लेने के लिए राजी किया जा सकता है। इस दौरान फडणवीस ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनावों में अगर मुख्यमंत्री भाजपा से नहीं होता, तो पार्टी कार्यकर्ता खुश नहीं होते। उन्होंने कहा कि शिंदे ने खुद ही मिनटों में सहमति जताई कि सीएम भाजपा से होना चाहिए, जिसे खुद 132 सीटें मिली हैं और 288 सदस्यीय विधानसभा में वह बहुमत के करीब है। सीएम फडणवीस ने नागपुर में विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि ठाकरे ने घोषणा की थी कि सीएम बनने के बाद वह बदले की राजनीति नहीं करेंगे। इस पर सभी नेताओं ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। फडणवीस से पूछा गया कि क्या वह मुख्यमंत्री बनना पसंद करेंगे या भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि पार्टी द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, वह उसे स्वीकार करेंगे।

## दिल्ली महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आप में शामिल

नई दिल्ली, 11 जनवरी। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को ब?ा झटका लगा है। कस्तूरबा नगर के कोटला मुबारकपुर वार्ड से दिल्ली महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल शनिवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पटका और टोपी



पहनाकर प्रियंका अग्रवाल को आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ दिल्ली का चुनाव ल? रही है। प्रियंका अग्रवाल का आम आदमी पार्टी के परिवार में स्वागत है। उनके आने से कस्तूरबा नगर विधानसभा समेत पूरी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को मजबूती मिलेगी।

# हिमाचल प्रदेश मादक पदार्थों की समस्या से निपटने के लिए प्रतिबद्ध: सीएम सुक्खू

**नरेश मल्होत्रा**

शिमला, 11 जनवरी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से आयोजित नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सम्मेलन में नादौन से आभासी माध्यम से भाग लिया और ब?ते नशे के संकट से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश की प्रतिबद्धता पर बल दिया। सम्मेलन में नशीले पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें आठ उत्तरी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर विशेष ध्यान दिया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में नशीले पदार्थों की तस्करी के मामलों में 340 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2012 में लगभग 500 मामलों से ब?कर वर्ष 2023 में 2,200 मामले हो गए हैं। इसके अतिरिक्त हेरोइन से जु? मामलों का प्रतिशत भी दोगुना हो गया है, जो वर्ष 2020 में 29 प्रतिशत से ब?कर वर्ष 2024 में 50 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने सिंथेटिक दवाओं की चिंताजनक स्थिति का उल्लेख किया, जोकि दुष्प्रभावी होने के साथ इसकी रासायनिक संरचना के कारण नियंत्रित करना भी कठिन है। उन्होंने नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया, विशेष रूप से अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में, जो अवैध गतिविधियों का केंद्र बन चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी अक्सर संगठित अपराध और आतंकवाद का कारण बनती है, जो देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए ब?ा खतरा पैदा करती है। उन्होंने कानून प्रवर्तन, सार्वजनिक स्वास्थ्य, पुनर्वास और न्यायिक सुधारों के समन्वयन से मादक पदार्थों को नियंत्रित करने के लिए हिमाचल प्रदेश की बहुआयामी रणनीति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नशे की लत से पी?ित लोग स्वभाव से अपराधी नहीं होते। उन्होंने कहा कि हमारा दृष्टिकोण दंडात्मक उपायों से आगे ब?कर मजबूत पुनर्वास ढांचा विकसित करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य विधायिका ने एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 37 में संशोधन किया है, ताकि आदतन अपराधियों को जमानत हासिल करने की अनुमति देने वाली कानूनी खामियों को दूर किया जा सके। इस संशोधन से कानूनी ढांचा म?बूत हुआ है, जिससे यह अधिक कठोर और निवारक बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ क?ा रुख अपनाया है। नारकोटिक्स ड्रग्स एंड



साइकोट्रोपिक सब्सटांस (पीआईटी-एनडीपीएस) अधिनियम को राज्य में लागू करने के बाद अवैध तस्करी की रोकथाम शुरू कर दी गई है। यह अधिनियम मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में लगातार शामिल अपराधियों को हिरासत में लेने में सक्षम बनाता है, जिससे सार्वजनिक हितों की रक्षा होती है। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने पिछले तीन वर्षों में 16 करो? रुपये की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति जब्त की है, जिसमें पिछले वर्ष जब्त किए गए 9 करो? रुपये भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य मादक पदार्थों और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के लिए समर्पित एक विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन करने जा रहा है, जिसके पास विशेष संसाधन, स्वायत्तता और समर्पित पुलिस स्टेशन होंगे, ताकि नशीले पदार्थों के नेटवर्क के खिलाफ अभियान ते? किया जा सके। मुख्यमंत्री ने खुफिया जानकारी साझा करने और संयुक्त अभियानों को म?बूत करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग के महत्व पर, खासकर सीमा पार नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प?ोसी राज्यों और केंद्र सरकार के साथ सहयोग क्षेत्रीय सीमाओं पर सक्रिय तस्करी नेटवर्क को खत्म करने में महत्त्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमारे सामने चुनौतियां बहुत ब?ी हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश के लोगों के अटूट समर्थन, हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समर्पण और पुनर्वास के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ, हम एक नशा मुक्त राज्य बना सकते हैं।

## भारत में पैर पसार रहा चीनी वायरस, गुजरात में चार मामले

नई दिल्ली, 11 जनवरी। भारत में नए वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। देश में इसकी संख्या 13 तक पहुंच गई है, वहीं गुजरात में सबसे ज्यादा चार केस की पुष्टि हो चुकी है। इसमें तीन मामले राजधानी अहमदाबाद में सामने आए हैं। इसमे दो नवजात हैं, जिनकी उम्र एक साल से भी कम है। वहीं, संक्रमण का एक मामला 80 वर्षीय बुजुर्ग में भी पाया गया है। अस्थमा से पीड़ित इस मरीज का फिलहाल एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सबसे नया केस सबरकांठा से सामने आया है, जहां एक नौ महीने के बच्चे में संक्रमण की पुष्टि हुई है। ये सभी मामले एक हफ्ते से भी कम समय में सामने आए हैं। जानकारी के मुताबिक, 6 जनवरी को बच्चे को सर्दी, खांसी और सांस लेने में तकलीफ के चलते शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अहमदाबाद नगर निगम ने कहा कि बच्चे का विदेश या अन्य यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। गुजरात में एचएमपीवी का पहला मामला 6 जनवरी को दर्ज किया गया था, जब राजस्थान के दो महीने के एक बच्चे में वायरल बीमारी पाई गई थी, जिसमें बुखार, नाक बंद होना, नाक बहना और खांसी जैसे लक्षण थे। यहां एक अस्पताल में इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। बच्चे के संक्रमण के साथ, राज्य में 6 जनवरी से अब तक एचएमपीवी के चार मामले सामने आ चुके हैं। 2001 में खोजा गया एचएमपीवी पैरामिक्सोविरिडे परिवार से संबंधित है। यह रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस से बहुत करीब से संबंधित है। यह खांसने या छींकने से निकलने वाली सांस की बूंदों के साथ-साथ दूषित सतहों को छूने या संक्रमित व्यक्तियों के सीधे संपर्क में आने से फैलता है। अस्वीकरण- इस लेख में उल्लेखित तथ्यों व सूचनाओं को अमर उजाला के पेशेवर पत्रकारों द्वारा जांचा व परखा गया है। इस लेख को तैयार करते समय सभी तरह के निर्देशों का पालन किया गया है।

## दमिश्क की उमय्यद मस्जिद में भगदड़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुयी चार



**एजेंसी**

**इस्तांबुल।** दमिश्क की उमय्यद मस्जिद में भगदड़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। सीरियाई अखबार अल-वतन ने दमिश्क स्वास्थ्य विभाग के हवाले से यह खबर दी। तुर्की टीवी चैनल अहबेर ने बताया कि तीन लोग मारे गए है। अल-वतन ने बताया कि यह भगदड़ एक स्थानीय ब्लॉगर द्वारा शुरू किए गए मुफ्त भोजन वितरण के निमंत्रण के बाद हुई।रिपोर्ट में कहा गया है कि कम से कम 16 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से शाम तक केवल एक बच्चा अस्पताल में बचा था।

## ऑस्ट्रेलिया अमेरिका को अग्निशमन सहायता भेजने के लिए तैयार

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका में जंगल की आग पर काबू पाने में अधिकारियों की मदद करने के लिए तैयार है। स्काई न्यूज ऑस्ट्रेलिया ने आपातकालीन प्रबंधन मंत्री जेनी मैकएलिस्टर के हवाले से कहा कि संघीय सरकार ने राजनयिक चैनलों के माध्यम से अमेरिका में अधिकारियों से संपर्क किया है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि ऑस्ट्रेलिया जरूरत पड़ने पर आग पर काबू पाने में सहायता के लिए तैयार है। उन्होंने कहा हमें अभी तक सहायता के लिए कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है, लेकिन निश्चित रूप से, हमेशा की तरह, हम सहायता के लिए तैयार हैं। अमेरिका के प्रांत कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स काउंटी में लगी बेकाबू जंगल की आग में सात लोगों की मौत हो गई है और हजारों घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए हैं।

## कनाडा के नए प्रधानमंत्री का चुनाव होगा 09 मार्च को

**ओटावा।** कनाडा में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के प्रधानमंत्री के रूप में नए नेता का चुनाव 09 मार्च को होगा, जो देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करेंगे। पार्टी ने यह घोषणा की। सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के नेता एवं अंतरिम प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद इस पद के लिए अभी तक किसी का चयन नहीं हुआ है। अब नए नेता के चुनाव के लिए पार्टी की ओर से बयान सामने आया है। जिसमें कहा गया है कि पार्टी मतदान के बाद 09 मार्च को देश के अगले प्रधानमंत्री की घोषणा करेगी।

पार्टी ने एक बयान में कहा, कनाडा की लिबरल पार्टी ने आज घोषणा की कि पार्टी का अगला नेता चुनने की दौड़ 09 मार्च, 2025 को समाप्त होगी। बयान में कहा गया है कि विजेता की घोषणा उसी दिन की जाएगी। पार्टी ने अपने अध्यक्ष सचित मेहरा के हवाले से कहा, एक मजबूत और सुरक्षित राष्ट्रव्यापी प्रक्रिया के बाद कनाडा की लिबरल पार्टी 09 मार्च को एक नया नेता चुनेगी और 2025 का चुनाव लड़ने और जीतने के लिए तैयार होगी। यह समय देश भर के उदारवादियों के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने और शामिल होने का समय है। हमारी पार्टी और देश के भविष्य को नया स्वरूप देने के लिए विचारशील बहस में और मैं सभी उदारवादियों को हमारी पार्टी के लिए इस रोमांचक क्षण में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। लिबरल पार्टी की ओर से नए प्रधानमंत्री की दौड़ में पूर्व केंद्रीय बैंकर मार्क कार्नी और पूर्व वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड का नाम प्रमुख रूप से सबसे आगे चल रहा है।

## पुतिन के साथ जल्द हो सकती है बैठक: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन उनसे मिलना चाहते हैं और दोनों नेताओं के बैठक की योजना बनाई जा रही है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही शपथ लेने वाले हैं। इस बीच उन्होंने घोषणा की है कि रूसी राष्ट्रपति के साथ बैठक के लिए समय निर्धारित किया जा रहा है। अभी हालांकि वार्ता के लिए कोई समय



सीमा तय नहीं की गई है। फ्लोरिडा के पाम बीच में अपने मार-ए-लागो एस्टेट में बुधवार को रिपब्लिकन गवर्नरों के साथ बैठक करने से पहले श्री ट्रम्प ने रूसी नेता के बारे में कहा, वह (व्लादिमीर पुतिन) मिलना चाहते हैं। हम बैठक की योजना बना रहे हैं। नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा, राष्ट्रपति पुतिन उनसे मिलना चाहते हैं। उन्होंने ऐसा सार्वजनिक रूप से भी कहा है और हमें युद्ध और रक्तपात को खत्म करना होगा।

# भिखारियों और अपराधियों सहित 258 पाकिस्तानियों को सात देशों ने भेजा स्वदेश

**एजेंसी**

**कराची ।** पाकिस्तान को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। पिछले 24 घंटों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और 'सदाबहार दोस्त' चीन सहित सात देशों ने 258 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेज दिया है।

पाकिस्तानी इमिग्रेशन अधिकारियों के अनुसार, कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे 258 लोगों में से 244 को आपातकालीन यात्रा दस्तावेजों के आधार पर निर्वासित किया गया। 14 के पास वैध पाकिस्तानी पासपोर्ट थे।

केवल 16 निर्वासितों को 'संदिग्ध पहचान' के कारण गिरफ्तार किया गया, बाकी को केवल पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल जियो न्यूज ने बताया कि सऊदी अरब ने 232 लोगों को निर्वासित किया, जिनमें सात भिखारी, बिना परमिट के हज करते पकड़े गए लोग



और अपनी सजा पूरी करने के बाद वापस भेजे गए लोग शामिल हैं। इसके अलावा वे पाकिस्तानी शामिल हैं- जो देश में तय समय सीमा से ज्यादा समय तक रुके थे या बिना किसी कारण के या अपने वीजा की वैधता से अधिक समय तक काम करते पाए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया कि सऊदी एजेंसियों ने 112 लोगों को उनके प्रायोजकों की शिकायतों की वजह से वापस भेजा और 63 लोगों पर अन्य आरोप लगे थे। यूएई ने 21 लोगों को निर्वासित किया, जिनमें से चार ड्रग्स तस्करी में शामिल हैं, जबकि चीन, कतर, इंडोनेशिया, साइप्रस और नाइजीरिया ने एक-एक पाकिस्तानी नागरिक को वापस स्वदेश भेजा। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान से बड़ी संख्या में संदिग्ध यात्री विदेश गए हैं। ये लोग शरणार्थी, अवैध ड्रग तस्कर, भिखारी और मानव तस्कर बनकर दूसरे देशों में अवैध रूप से रह रहे हैं।

इस बीच सऊदी अरब के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (जीएसीए) ने घोषणा की कि देश की यात्रा करने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए पोलियो टीकाकरण प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया गया है। जीएसीए के अनुसार, नवीनतम निर्देशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को कठोर दंड और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान दुनिया के अंतिम दो पोलियो-स्थानिक देशों में से एक बना हुआ है। देश में पोलियोवायरस के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। 2024 में इस अपंग करने वाली बीमारी के 68 मामले सामने आए थे।

## 2024 में श्रीलंका की पर्यटन आय 53 प्रतिशत से अधिक बढ़ी

**एजेंसी**

**कोलंबो।** सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका (सीबीएसएल) के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि श्रीलंका ने 2024 में पर्यटन से




लगभग 3.17 अरब अमेरिकी डॉलर कमाए। आंकड़ों से पता चलता है कि 2023 से पर्यटन आय की तुलना में यह 53.2 प्रतिशत की वृद्धि है, जो लगभग 2.07 अरब डॉलर थी।

सीबीएसएल डेटा से पता चला है कि 2024 में 20 लाख से अधिक पर्यटकों ने श्रीलंका का दौरा किया, जो 2023 की तुलना में 38.1 प्रतिशत अधिक है। पर्यटन अधिकारियों ने हाल ही में कहा कि श्रीलंकाई सरकार 2025 में 30 लाख पर्यटकों को आकर्षित करके पर्यटन राजस्व में 5 अरब डॉलर का लक्ष्य रख रही है।

# विवादित चुनावी नतीजे के बीच निकोलस मादुरो तीसरी बार बने राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**काराकास (वेनेजुएला)।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से नियंत्रित नेशनल असेंबली के समक्ष तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। विपक्ष ने मादुरो पर चुनावी धांधली से जीत का आरोप लगाते हुए दावा किया कि चुनाव में उसे जीत मिली है। विपक्ष के राष्ट्रपति पद के दावेदार एडमंडो गोंजालेज को अमेरिका सहित कई देशों द्वारा निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में मान्यता दी गई। मादुरो के शपथ ग्रहण से एक दिन पहले ही विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि सरकार ने इसका खंडन किया है। वेनेजुएला की राजनीतिक अस्थिरता की तरफ हाल ही में तब विश्व भर की नजरें गई जब 28 जुलाई 2024 में मतदान समाप्त होने के कुछ घंटों बाद चुनाव अधिकारियों ने मादुरो



को विजेता घोषित कर दिया लेकिन उन्हें कितना मत मिला, उसकी संख्या नहीं बताई। वेनेजुएला के चुनाव प्राधिकरण और शीर्ष अदालत ने मादुरो को चुनाव में विजेता घोषित किया। हालांकि विपक्ष ने दावा किया कि उसने 80 प्रतिशत से अधिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से मतों की गणना एकत्र किए, जिसमें पता चला कि गोंजालेज को मादुरो से दोगुने वोट मिले हैं। मादुरो शासन के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन होते रहे हैं। 2011 में मादुरो के पहली बार चुने जाने के बाद से ही वैश्विक तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई और पूरी तरह तेल राजस्व पर निर्भरता के चलते वेनेजुएला आर्थिक संकट के दलदल में धंसता चला गया। मुद्रास्फीति आसमान छूने लगी और जरूरी चीजों की भारी कमी हो गई। जिसके बाद 2014 और 2017 में मादुरो शासन के खिलाफ जनता सड़कों पर उतरी जिसे सरकार ने सख्ती से नियंत्रित किया। इन प्रदर्शनों में काफी संख्या में प्रदर्शनकारियों की मौत हुई।

# जमानत पर 84 दिन बाद रिहा हुए रवि लामिछाने

**एजेंसी**

**काठमांडू।** सहकारी बैंक से करोड़ों की ठगी मामले में पिछले 84 दिनों से पोखरा पुलिस की हिरासत में चल रहे पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने शाम को जमानत पर रिहा हो गए, लेकिन आज ही उन्हें काठमांडू की जिला अदालत में पेश होना होगा।

पोखरा के सूर्यदर्शन सहकारी बैंक में ठगी मामले में पूछताछ और बयान के बाद जमानत की अर्जी पर सुनवाई करते हुए जिला अदालत पोखरा ने 9 जनवरी को रवि लामिछाने को 65 लाख रुपये के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। इसके बाद देर रात उन्हें रिहा कर दिया गया। चूंकि, रवि लामिछाने को पोखरा के अलावा चार अन्य जिलों के सहकारी बैंक घोटाले में प्रमुख अभियुक्त बनाया गया है, इसलिए उन्हें सबसे पहले काठमांडू जिला अदालत में पेश होना होगा।



राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रवक्ता मनीष झा ने बताया कि काठमांडू जिला अदालत में पेश होने के लिए रवि आज ही विमान से काठमांडू पहुंच रहे हैं। काठमांडू के स्वर्णलक्ष्मी सहकारी बैंक घोटाले में रवि लामिछाने को प्रमुख आरोपित बनाया गया है, इसलिए यहां से भी उन्हें जमानत लेनी होगी। इस पूरे मामले की जांच कर रहे केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) के प्रमुख दीपक थापा ने बताया कि उनकी तरफ से पोखरा की जिला अदालत में रवि को काठमांडू पुलिस के हवाले करने की अर्जी दी गई थी, लेकिन रवि के वकील की तरफ से उनके खुद ही हाजिर होने की शर्त पर काठमांडू पुलिस के हवाले नहीं किया गया था।

## गाजा पर इजरायली हमले में मारे गए 22 फिलिस्तीनी

**एजेंसी**

**गाजा।** इजरायली हवाई हमलों में एक पत्रकार सहित कम से कम 22 फिलिस्तीनियों की जान चली गई। इसके अलावा ईंधन की कमी से जूझ रहे गाजा में संचार 'ब्लैकआउट' होने का खतरा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



गाजा में नागरिक सुरक्षा ने बताया कि गाजा शहर के शुजैय्या पड़ोस में लोगों के एक समूह और एक घर को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में आठ लोगों की मौत और कई लोगों के घायल हो गये। बाद में, मध्य गाजा में अल-बुरेज़ शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले में सात लोग मारे गए।

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में, नासिर अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों ने कहा कि शहर में कई स्थानों पर हवाई और तोपखाने हमलों के बाद चार शव बरामद किए गए। मध्य गाजा के अल-नुसीरत में, अल-अवदा अस्पताल ने तोपखाने की गोलाबारी और ड्रोन हमलों से अल-ग़ाद टीवी के पत्रकार सईद नभान समेत तीन मौतों और छह घायल होने की सूचना दी।

# लॉस एंजिल्स आग: भीषण तबाही के बीच लूटेरों ने मचाया आतंक, 20 गिरफ्तार

**एजेंसी**

**लॉस एंजिल्स ।** लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी भयानक आग बढ़ती ही जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि तेज हवाएं आग को और भड़का सकती हैं। इस बीच क्षेत्र में लूटपाट के मामले सामने आ रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने लूटपाट की खबरों के बीच कहा कि पहली आग लगने के बाद से आपदा क्षेत्रों में लगभग 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लूना ने वादा किया है कि वह क्षेत्र में गश्त बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि उनके अधिकारी - जिन्हें जल्द ही कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के सैनिकों का भी साथ मिलेगा, निकासी क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को सक्रिय रूप से रोकेंगे।

लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ ने कहा, ÷जब हमारे पास



कानून के तहत निकासी का आदेश होता है और ऐसे में आप उस क्षेत्र में रहते हैं, तो आप दोषी हैं और अगर आप कुछ आपराधिक काम करते हैं, तो यह एक गंभीर मामला बन सकता है। लूना ने कहा, अगर आप ऐसे किसी एक इलाके में हैं और आप वहां के नहीं हैं, तो आपको गिरफ्तार किया जा सकता है। इस बीच सांता मोनिका शहर ने अराजकता के कारण कर्फ्यू घोषित कर दिया है। आग की वजह से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है। लाखों लोग घर छोड़ने पर मजबूर हुए है जिनमें अमेरिकी फिल्म जगत की कई हस्तियां भी शामिल हैं क्योंकि आग ने हॉलिवुड हिल्स को भी अपने चपेट में ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लॉस एंजिल्स में लगभग 100,000 घर, दफ्तर बिना बिजली के हैं। फायर फाइटिंग टीम को उम्मीद है कि अगले सप्ताह तक हवा और शुष्क मौसम की स्थिति बनी रहेगी, जिससे आग बुझाना और मुश्किल हो सकता है। यदि हवाएं बहुत तेज होंगी, तो फायर फाइटिंग एयरक्राफ्ट उड़ान नहीं भर पाएंगे।

# पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस ने यूरोप के लिए उड़ानें फिर से शुरू की

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) ने साढ़े चार साल की अवधि के बाद यूरोप के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दी।पीआईए के एक बयान में कहा गया है कि देश की अग्रणी विमान कंपनी ने आज देश की राजधानी इस्लामाबाद से पेरिस के लिए उद्घाटन उड़ान पीके-749 के साथ यूरोप की अपनी यात्रा को फिर से शुरू किया।

पीआईए के देश के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची के एक आवासीय क्षेत्र में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद जून 2020 में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और अमेरिका के लिए उड़ान संचालन पर प्रतिबंध लगा



दिया गया था। पिछले साल नवंबर में यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी द्वारा प्रतिबंध हटाने के बाद यूरोप के लिए पीआईए उड़ानें फिर से शुरू हुईं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उड़ान बहाली पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि उड़ानें बंद होने से राष्ट्रीय एयरलाइन को भारी नुकसान हुआ और यूरोप में रहने वाले पाकिस्तानियों के लिए भी बेचैनी हुई। उन्होंने कहा यूरोप के लिए पीआईए की उड़ानें फिर से शुरू होने से विदेशी पाकिस्तानियों को सुविधा होगी।

उन्होंने कहा कि यूरोप के लिए उड़ानें फिर से शुरू होने से संकेत मिलता है कि पीआईए प्रगति की ओर बढ़ रही है। श्री शरीफ ने बहाली में अपनी भूमिका निभाने के लिए विदेश मंत्री इशाक डार, विमानन मंत्री और रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ और संबंधित संस्थानों की सराहना की।

# नेपाल–भारत के बीच रहे सीमा स्तंभ मरम्मत का काम शुरू

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल और भारत की खुली सीमा के बीच दो देशों की अंतरराष्ट्रीय सीमा की पहचान रहे स्तंभों के मरम्मत का काम औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। दोनों देशों के बीच रहे बॉर्डर वर्किंग ग्रुप की बैठक के निर्णय के मुताबिक नेपाल के पूर्वी सीमा से इस काम की शुरुआत की गई है। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी सीमा के पास से सीमा स्तम्भ के मरम्मत के काम को दोनों देशों के सीमा सुरक्षा अधिकारियों ने किया है। नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल झापा जिले के एसपी कवींद्र राई ने बताया कि भारत के सिलीगुड़ी के पास और नेपाल के मेचीनगर में रहे बॉर्डर पिलर नंबर 95/12 से इसकी शुरुआत की गई है। एसपी राई के मुताबिक भारत की सीमा सुरक्षा बल एसएसबी की उपस्थिति में इस काम की शुरुआत की गई है।



दोनों देशों के बीच इस बात पर सहमति हुई है कि जितने भी जोड़ संख्या के सीमा स्तंभ हैं उसकी मरम्मत का काम एसएसबी के जिम्मे है जबकि बे-जोड़ संख्या वाले स्तंभों की मरम्मत का काम नेपाल की सशस्त्र प्रहरी बल एपीएफ के जिम्मे है। नेपाल के झापा जिले की सीमा भारत के पश्चिम बंगाल से 114.2 किलोमीटर की है जिसमें कुल 107 सीमा स्तम्भ होने की जानकारी एपीएफ के तरफ से दी गई है।

सीमा स्तंभ मरम्मत के साथ ही जहां पर यह सीमा स्तंभ टूट गए हैं या किसी कारण से गायब हैं वहां नए पीलर लगाने का काम भी किया जाएगा। सीमा स्तंभ मरम्मत के काम के समय दोनों देशों के तरफ से सीमा सुरक्षा बल के अलावा नेपाल के तरफ से जिला प्रशासन, सर्वे विभाग, स्थानीय जनप्रतिधियों की उपस्थिति में किए जाने पर सहमति हुई है। ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद ना हो।

## हमास की बटालियन के कमांडर की इजरायली हवाई हमले में मौत

**एजेंसी**

**यरूशलम।** इजरायली सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि गाजा शहर में हमास की बटालियन के कमांडर, उनके प्रमुख और दो विशिष्ट नुखबा कंपनी कमांडर पिछले हफ्ते हवाई हमलों में मारे गये । इज़रायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा, हवाई हमलों में हमास के गाजा सिटी ब्रिगेड में सबरा बटालियन के कमांडर ओसामा अबू नामोस को निशाना बनाया गया।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में कोयला खदान में विस्फोट, 12 लोगों की मौत की आशंका

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गैस विस्फोट के कारण एक कोयला खदान ढह जाने से सभी 12 खनिकों के मारे जाने की आशंका है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

बलूचिस्तान के मुख्य खान निरीक्षक अब्दुल गनी बलूच ने बताया कि खदान में विस्फोट मीथेन गैस के कारण हुआ था। यह विस्फोट उस समय हुआ, जब खनिक बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा के संजीदी इलाके में खदान के अंदर कोयला खोद रहे थे।

खनन इंजीनियरों और अन्य बचाव कर्मचारियों की कई टीमें मलबे को हटाने का काम कर रही हैं। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक डॉन ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान शुक्रवार दोपहर को चार खनिकों के शव बरामद किए गए।बचावकर्मियों के अनुसार, गैस विस्फोट के बाद खदान पूरी तरह से ढह गई। खदान



तक जाने वाले सभी रास्ते बंद हो गए और बचाव कार्य बाधित हो गए।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि बलूचिस्तान में सभी 12 कोयला खदानकर्मियों के मारे जाने की आशंका है। प्रांत के खनन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी अब्दुल गनी बलूच के हवाले से अखबार ने कहा कि एक निजी खदान के अंदर बारह कर्मचारी थे, जब विस्फोट के बाद पूरी खदान ढह गई। बचाव दल की गति धीमी हो गई, क्योंकि वह खदान का प्रवेश द्वार नहीं खोज पाए। पाकिस्तान के मानवाधिकार अयोग की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में खनन दुर्घटनाएं आम बात हैं, क्योंकि खदानों में स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों का पालन शायद ही कभी किया जाता है, जिसका मुख्य कारण खदानों का अनियमित और छिटपुट निरीक्षण है।

इसी क्षेत्र में एक कोयला खदान में पिछले साल हुए विस्फोट में 12 मजदूरों की मौत हो गई थी और आठ अन्य घायल हो गए थे। मार्च 2024 में विस्फोट बलूचिस्तान प्रांत के हरनाई जिले में गुफा के अंदर जहरीली गैस जमा होने के कारण हुआ था।

विस्फोट के समय मजदूर खदान के अंदर काम कर रहे थे और आठ और लोग, जो अपने फंसे हुए साथियों को बचाने की कोशिश में खदान में घुसे थे, वे भी फंस गए, क्योंकि पूरी खदान ढह गई।


**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# छोटा राजन दिल्ली के एम्स में भर्ती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कुख्यात अंडरवर्ल्ड सरगना छोटा राजन को नाक संबंधी बीमारी होने के कारण दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती किया गया है। यह जानकारी दिल्ली की तिहाड़ जेल के सूत्रों ने दी। सूत्रों ने बताया कि अंडरवर्ल्ड सरगना राजन को एम्स अस्पताल के नाक, कान और गला (ईएनटी) विभाग में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर ने उसका एक छोटा ऑपरेशन किए जाने की सिफारिश की है। अस्पताल में उस पर दिल्ली पुलिस और तिहाड़ जेल के सुरक्षाकर्मियों का विशेष पहरा लगाया गया है। एम्स के आसपास भी चौकसी बढ़ा दी गई है।

# पीएसी के जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली जिले के चाणक्यपुरी स्थित यूपी भवन में पीएसी के जवान ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक की पहचान जगराम सिंह यादव के रूप में हुई है। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि यूपी भवन के गार्ड रूम में एक शख्स ने खुद को गोली मार ली है। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया एक शख्स खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा हुआ है। पुलिस ने शख्स को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसेमृत घोषित कर दिया। वहीं जांच में मृतक की पहचान जगराम के रूप में हुई। वह पीएसी में बतौर हेडकांस्टेबल कार्यरत थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# दिल्ली विस चुनावः पहले दिन नौ लोगों ने किया नामांकन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद आज नामांकन के पहले दिन नौ लोगों ने नामांकन किया। इनमें से कोई भी बड़ी पार्टी का उम्मीदवार नहीं है। सभी नामांकन अलग-अलग सीटों पर किए गए। मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की नई विधानसभा के सदस्यों का चुनाव करने के लिए चुनाव का आह्वान किया है।

# भाजपा रमेश बिधूड़ी को बनाने जा रही मुख्यमंत्री चेहरा- आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा रमेश बिधूड़ी को अपना मुख्यमंत्री चेहरा बनाने जा रही है। दिल्ली के लोगों को पता है कि आम आदमी पार्टी के जीतने पर अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन अगर भाजपा को वोट दिया तो गाली देने वाले रमेश बिधूड़ी मुख्यमंत्री बनेंगे। आतिशी ने कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि आज सुबह भाजपा की सीईसी बैठक में यह तय हुआ है। शाम को संसदीय समिति की बैठक में इस फैसले पर मोहर लग जाएगी। उन्होंने कहा कि अब दिल्लीवालों के सामने दो विकल्प हैं। एक तरफ पढ़े-लिखे और काम करने वाले नेता अरविंद केजरीवाल और दूसरी तरफ गाली-गलौंज करने वाले रमेश बिधूड़ी हैं। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिन पहले रमेश बिधूड़ी ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और उनके साथ गाली-गलौज की। उसके अगले दिन रमेश बिधूड़ी ने मेरे और मेरे परिवार के बारे में अपशब्द कहे। इसी का रमेश बिधूड़ी को इनाम मिल रहा है।

# केजरीवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। प्रेस वार्ता कर केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली को अपराध की राजधानी बना दिया है।

महिलाओं के लिए अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में आए दिन डकैती, झपटारी और गैंगवार की घटनाएं हो रही हैं और पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा दिल्ली के लोगों से नफरत करती है। यह उनकी नफरत का कारण ही है कि वे पिछले 25 वर्षों में दिल्ली की सत्ता में वापस नहीं आए हैं।

केजरीवाल ने लोगों को आश्वासन दिया है कि आआपा सरकार बनने पर आरडब्ल्यूए को अपने संबंधित क्षेत्रों में निजी सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने के लिए दिल्ली सरकार रुपये देगी। यह रुपये सरकारी फंड से दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस को बदलना हमारा मकसद नहीं है। भाजपा अब धरना पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि कल मैं चुनाव आयोग में शिकायत करने गया था कि भाजपा रोहिंग्याओं के नाम पर पूर्वांचल के लोगों के वोट काट रही है।

# 'गलतियां होती हैं, मैं इंसान हूं, भगवान नहीं': मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'गलतियां होती हैं, मैं इंसान हूं, भगवान नहीं।'

श्री मोदी ने अपने पहले पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री के रूप में अपने अलग-अलग कार्यकाल के बारे में पूछे जाने पर, जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत के साथ एक पॉडकास्ट में, कहा, 'गलतियां होती हैं, मैं इंसान हूं, भगवान नहीं।' उन्होंने कहा, 'पहले कार्यकाल में, लोग मुझे समझने की कोशिश कर रहे थे और मैं दिल्ली को समझने की कोशिश कर रहा था। दूसरे कार्यकाल में, मैं अतीत के दृष्टिकोण से सोचता था। तीसरे कार्यकाल में, मेरी सोच बदल गयी है, मेरा मनोबल ऊंचा है और मेरे सपने बड़े हो गये हैं।'

प्रधानमंत्री ने आज यह टिप्पणी श्री कामथ की पॉडकास्ट श्रृंखला 'पीपल बाय डब्ल्यूटीएफ' में अतिथि



के रूप में उपस्थित होने के दौरान की। जब उनसे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके पुराने भाषणों के बारे में पूछा गया, तो प्रधानमंत्री ने जवाब दिया, 'मैंने कुछ असंवेदनशील तरीके से कहा था। गलतियां होती हैं। मैं इंसान हूं, भगवान नहीं। ' पॉडकास्ट में श्री मोदी अच्छे लोगों के राजनीति में आने की वकालत की, इस बात पर जोर दिया कि उन्हें महत्वाकांक्षा के साथ नहीं बल्कि एक मिशन के साथ राजनीति में आना चाहिये। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका ध्यान सरकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत पहुंचना सुनिश्चित करने के लिये समाधान खोजने पर रहेगा। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, ' मैं 2047 तक विकसित भारत के लिये सभी समस्याओं का समाधान चाहता हूं...सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत डिलीवरी होनी चाहिये। यही वास्तविक सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता है। इसके पीछे प्रेरक शक्ति एआई आकांक्षी भारत है।' सार्वजनिक जीवन की व्यापक चुनौतियों की चर्चा करते हुये श्री मोदी ने स्वीकार किया कि असहमति हर क्षेत्र में आम है, चाहे वह परिवार हो, कार्यस्थल हो या राजनीति। उन्होंने सार्वजनिक सेवा में संवेदनशीलता के महत्व पर जोर देते हुये कहा कि सहानुभूति के बिना कोई वास्तव में दूसरों के कल्याण के लिये काम नहीं कर सकता।

# आठ करोड़ की ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ड्रग्स तस्करी में लिप्त एक महिला समेत दो लोगों को साउथ ईस्ट जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों की पहचान नसीमा व हमीदुल के रूप में हुई है। हमीदुल बांग्लादेश का निवासी है। नसीमा उसकी मौसी लगती है। तीन माह पूर्व ही आरोपी अवैध रूप से सीमा पार कर भारत आया था। दोनों के कब्जे से आठ करोड़ रुपये मूल्य की 7.68 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। दक्षिण पूर्वी जिला डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि नारकोटिक्स स्क्वायड की टीम ने जंगपुरा एक्सटेंशन में छापेमारी कर हमीदुल को पकड़ा। जांच में पता चला कि वह बांग्लादेश का निवासी है। दिल्ली में वह अवैध रूप से रह रहा था। तलाशी में उसके पास 75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

पूछताछ में हमीदुल ने बताया कि उसकी मौसी नसीमा सनलाइट कॉलोनी में रहती है। मौसी ने ही उसे हेरोइन विभिन्न स्थानों पर बेचने के लिए दी थी। नसीमा के आवास पर छापा मारा गया मगर वह फरार मिली। तलाशी में पुलिस टीम को वहां से 80 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। एक सूचना पर पुलिस ने सन लाइट कॉलोनी के एक होटल से नसीमा को दबोच लिया।

होटल के कमरे से 693 ग्राम हेरोइन और बरामद की गई। नसीमा एक न्यूज चैनल के लिए काम कर चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मोदी से मिले योगी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकत की। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने दी है। प्रधामंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी की है। आधिकारिक रूप से इस मुलाकात का कोई ब्योरा नहीं दिया गया है लेकिन समझा जाता है कि श्री योगी ने प्रधानमंत्री को मुलाकात के दौरान राज्य के अन्य विषयों के साथ प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजनों की तैयारियों की ताजा स्थिति की जानकारी दी।

श्री योगी महाकुंभ की तैयारियों को लेकर दो दिन से प्रयाग में थे। उनका वहां का दौरा आज ही समाप्त हुआ। इस दौरान उन्होंने वहां महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने के अलावा कई अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने प्रयागराज में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवतीनंदन बहुगुणा की एक प्रतिमा का अनावरण भी किया ।

# प्रवासी भारतीय 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण का अभिन्न हिस्साः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाना एक राष्ट्रीय मिशन है और इसमें प्रवासी भारतीयों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय तथा उत्साहजनक भागीदारी जरूरी है।

श्रीमती मुर्मु ने ओड़िशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय देश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के दृष्टिकोण का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा , ' हमारा देश आज वर्ष 2047 तक विकसित भारत की ओर अग्रसर है। यह एक राष्ट्रीय मिशन है जिसमें विदेश में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है। प्रवासी भारतीय इस दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग हैं। उनकी वैश्विक उपस्थिति उन्हें एक अनूठा दृष्टिकोण प्रदान करती है



और उनकी उपलब्धियां उन्हें विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में रखती हैं।' राष्ट्रपति ने कहा कि प्रवासी भारतीय देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर आए हैं, बल्कि वे मूल्य और लोकाचार भी लेकर आए हैं जो सहस्राब्दियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता के क्षेत्र में हो, प्रवासी भारतीयों ने ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। राष्ट्रपति ने सभी प्रवासी भारतीय सम्मान विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की कहानियाँ न केवल भारत के लिए गौरव की बात हैं, बल्कि वे दुनिया भर में लाखों लोगों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित भी करती हैं। श्रीमती मुर्मु ने त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू को भी बधाई दी और कहा कि महिलाओं और प्रवासी भारतीयों पर विशेष ध्यान देने के साथ अपने देश का नेतृत्व करने में उनके उत्कृष्ट योगदान ने विश्व मंच पर एक उच्च मानक स्थापित किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां विचारों का संगम होता है, सहयोग स्थापित होता है और भारत और प्रवासी भारतीयों के बीच संबंध मजबूत होते हैं। भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत दर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह दृष्टिकोण एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के बारे में है जो न केवल हमारी आवश्यकताओं को पूरा करता है, बल्कि वैश्विक कल्याण में भी योगदान देता है।

# प्रवेश वर्मा के खुलेआम चादरें बांटने पर केजरीवाल ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने नई दिल्ली विधानसभा में खुलेआम चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे भारतीय जनता पाटी (भाजपा) नेता प्रवेश वर्मा के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल खड़ा किया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, ÷कल ही हमने चुनाव आयोग को शिकायत की थी कि खुले आम पैसे बांट रहे हैं, जॉब रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं और चश्मे बांट रहे हैं। आज खुलेआम चादरें बांटनी शुरू कर दीं। क्या चुनाव आयोग कुछ करने की हिम्मत कर पाएगा या भाजपा के सामने चुनाव आयोग भी बेबस है? दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि श्री वर्मा चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन न सिर्फ कर रहे हैं, बल्कि चौड़े होकर कह रहे हैं। जब उन्होंने हेल्थ कैंप के नाम पर चश्मे बांटे तो उन्होंने छिपाकर चश्मे नहीं बांटे, बल्कि एक्स पर पोस्ट करते हुए बांटे। जब उन्होंने अपने घर पर 'वोट के बदले नोट' बांटे तो उन्होंने छिपाकर नहीं बांटे, बल्कि खुलेआम बांटे। यह बिल्कुल साफ है कि श्री






वर्मा को पता है कि उनके पास पैसे, चश्मे, कपड़े और सलवार-कमीज के बांटने के अलावा और कुछ नहीं है। उनकी पार्टी ने आज तक कोई काम नहीं किया है। इसलिए वह आचार संहिता का उल्लघंन कर 'वोट के बदले नोट' बांटकर वोट इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारे देश का चुनाव आयोग इसका संज्ञान लेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली विधानसभा में 15 दिसंबर से 08 जनवरी तक तकरीबन 13 हजार मतदाताओं के नाम जोड़ने और साढ़े पांच हजार मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन आए हैं। नई दिल्ली विधानसभा में कुल एक लाख वोटर हैं यानि तीन हफ्ते में 13 फीसदी वोट बढ़ाने और साढ़े पांच फीसदी वोट घटाने की कवायद हो रही है। यह नामुमकिन है कि तीन हफ्ते में 15 हजार लोग दिल्ली और देश के अलग-अलग हिस्सों से नई दिल्ली के एक छोटे से इलाके में शिफ्ट हो जाएं। यह भी असंभव है कि तीन हफ्ते के अंदर साढ़े पांच हजार लोगों की मृत्यु हो जाए या वो शिफ्ट हो जाएं। यह साफ है कि एक बहुत बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा हो रहा है।

# दिल्ली चुनावःभाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में शामिल हुए मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की शुक्रवार यहां पार्टी मुख्यालय में अहम बैठक हुयी जिसमें बाकी उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुयी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में हुई सीईसी की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। श्री मोदी बैठक में शामिल होने के लिए जब पार्टी मुख्यालय पहुंचे तो श्री नड्डा ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत की। इस बैठक में श्री नड्डा, श्री मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, श्री इकबाल सिंह लालपुरा ,भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े , श्री दुष्यंत गौतम, श्री पवन राणा, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन, दिल्ली भाजपा के सह प्रभारी अतुल गर्ग, श्री सत्यनारायण जटिया, श्रीमती सुधा यादव सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए। श्री मोदी पार्टी मुख्यालय पहुंचने के बाद नये साल और आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं देने के लिए बैठक को कवर कर रहे मीडिया दल से भी मिले।

गौरतलब है कि भाजपा दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से 29 के लिए उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नयी विधान सभा के चुनाव की गजट अधिसूचना आज जारी हो चुकी है और नामांकन 17 जनवरी तक दाखिल किए जाएंगे। पार्टी सूत्रों से मिली अनुसार बैठक में दिल्ली विधानसभा की बाकी बची 41 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हुयी और पार्टी जल्द ही इन सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान करेगी। भाजपा द्वारा अब तक घोषित 29 प्रत्याशियों में बाहरी दिल्ली के पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा का भी नाम है। पार्टी ने श्री वर्मा को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में उतारा है। मुख्यमंत्री आतिशी को कालकाजी विधानसभा सीट पर भाजपा की ओर से पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी टक्कर देंगे ।

# आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर लगाया वोट खरीदने का आरोप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सांसद संजय सिंह और आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने प्रेस वार्ता कर भाजपा पर वोट खरीदने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भी तीखा हमला बोला।

अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आज संजय सिंह ने बेहद विस्फोटक खुलासा किया है। दिल्ली के लोग पिछले कुछ दिनों से देख रहे हैं कि भाजपा पार्टी के कुछ नेता दिल्ली में खुलेआम लोगों को प्रति व्यक्ति 1100 या 1000 रुपये दे रहे हैं। उन्होंने एक अन्य पोस्ट कर कहा कि भाजपा पार्टी दिल्ली का चुनाव बुरी तरह से हार रही है, इसलिए वो अब पैसे से वोट ख़रीदकर चुनाव लड़ना चाहती है। उनका सभी लोगों से अनुरोध है कि पैसे बांटने से जुड़ा वीडियो को सोशल मीडिया में हर जगह खूब फैला दो और सबको उस पार्टी की सचाई बता दो।

वहीं मनीष सिसोदिया ने एक्स पर आरोप लगाते हुए कहा




कि भाजपा पार्टी ने दिल्ली के चुनाव में फर्जीवाड़ा की सारी हदें पार कर दी हैं।

वहीं प्रेस वार्ता में सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि हाल ही में भाजपा के कुछ नेताओं ने दिल्ली में वोट खरीदने के लिए 1100-1100 रुपये बांटे थे। इस बात की चर्चा मीडिया और पूरी दिल्ली में हुई। खुलेआम नोट देकर वोट खरीदने की कोशिश की गई।

**इसी क्रम में सौरभ भारद्वाज** ने कहा कि वोट खरीदने के लिए पैसे देना भ्रष्ट आचरण की परिभाषा में सीधे तौर पर आता है। यह भ्रष्टाचार है। चुनाव आचार संहिता लगने के बावजूद दिल्ली के अंदर खुलेआम भ्रष्टाचार जारी है। लेकिन उससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि भ्रष्टाचार के अंदर भी भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

# कांग्रेस ने महाकुंभ की तरह छठ पूजा घाट बनाने का वादा किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस ने वादा किया कि यमुना तट पर 'महाकुंभ' की तरह छठ पूजा घाट बनाए जाएंगे, जिसे एक अलग जिला घोषित किया जाएगा और इसका नाम प्रतिष्ठित गायिका और पद्म भूषण शारदा सिन्हा के नाम पर रखा जाएगा, जिनका हाल ही में निधन हो गया। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'कांग्रेस ने सत्ता में लौटने पर छठ पूजा को 'महाकुंभ'की तरह बनाने का संकल्प लिया है और यमुना तट पर एक अलग छठ घाट का निर्माण किया जाएगा, जिसे एक अलग जिला घोषित किया जाएगा और इसका नाम 'शारदा सिन्हा घाट' रखा जाएगा।' उन्होंने कहा कि दिल्ली के विकास में पूर्वांचल के लोगों ने अहम भूमिका निभाई है। सिंह ने कहा, ÷हालांकि, आप और भाजपा ने उनके योगदान को भुला दिया है। दोनों ने चुनाव जीतने के बाद उन्हें वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया और उन्हें अपमानित किया।' कांग्रेस सांसद ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान पूर्वांचलियों की अनदेखी की और उन्हें अपनी जान जोखिम में डालकर घर वापस जाने के लिए मजबूर किया, जो अमानवीय और अपमानजनक है। उन्होंने कहा, 'बीजेपी और आप ने पूर्वांचलियों की भावनाओं को बहुत ठेस पहुंचाई है, क्योंकि उन्होंने यमुना नदी के किनारे अपने सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहार छठ पूजा को मनाने से रोक दिया है, क्योंकि यह अत्यधिक प्रदूषित है और उच्च न्यायालय ने प्रदूषित पानी में त्योहार मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आप सरकार ने जहरीली नदी को साफ करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।' कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, जिनके पिता पटना विश्वविद्यालय से स्नातक हैं, ने संसद में पूर्वांचलियों की तुलना रोहिंग्या और बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों से की थी।

# आम आदमी पार्टी ने सनातन सेवा समिति के गठन के बाद पदाधिकारियों की घोषणा की

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी ने सनातन सेवा समिति के गठन के बाद इसके पदाधिकारियों की घोषणा कर दी. 'आप' ने सनातन सेवा समिति का प्रदेश प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज को बनाया है, जबकि विजय शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है. 'आप'के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष समेत 8 पदाधिरियों की सूची जारी की है. इस समिति का उद्देश्य पुजारियों और संतों को एक मंच प्रदान करना है, जो सनातन धर्म के लिए काम कर रहे हैं. पिछले दिनों अरविंद केजरीवाल से प्रभावित होकर भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ को छोड़कर सैकड़ों पुजारी और संत 'आप'के सनातन सेवा समिति में शामिल हो चुके हैं.

सनातन सेवा समिति के पदाधिकारियों की घोषणा : 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक और कैबिनेट मंत्री गोपाल राय द्वारा सनातन सेवा समिति के पदाधिकारियों की जारी सूची के अनुसार, घनेंद्र भारद्वाज को प्रदेश प्रभारी, विजय शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष, जितेंद्र शर्मा को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, सरदार राजिंदर सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, ब्रिजेश शर्मा को प्रदेश संगठन मंत्री, मनीष गुप्ता और सरदार राजिंदर सिंह (हनी) को



प्रदेश सचिव और दुष्यंत शर्मा को प्रदेश संयुक्त सचिव बनाया गया है.

पुजारियों और संतों को एक मंच पर लाने के लिए सनातन सेवा समिति का गठन : आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को हर महीने 18 हजार रुपए देने के लिए पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की गारंटी दी है. आम आदमी पार्टी ने सभी पुजारियों और संतों को एक मंच पर लाने के लिए सनातन सेवा समिति का गठन किया है. अब पार्टी ने समिति के पदाधिकारियों की घोषणा की है.

आप ने पार्टी मुख्यालय पर आयोजित किया बड़ा कार्यक्रम :बीती 8 जनवरी को आम आदमी पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मंदिरों के पुजारी और संत समाज एकत्र हुआ था और पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा के लिए अरविंद केजरीवाल की जमकर तारीफ की थी. इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी, योगेश्वराचार्य जी महाराज, जगदगुरु स्वामी अवधेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज, आचार्य मधुर दास जी महाराज समेत सभी संत महात्मा और आचार्यगणों का आशीर्वाद प्राप्त किया था.

सौभाग्यशाली मानता हूं कि पुजारी और संतों का सेवा का मिला मौका : अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि मैं खुद को बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं कि भगवान ने सनातन धर्म के लिए दिन-रात काम कर रहे पुजारी और संत समाज की सेवा करने का हमें मौका दिया है।

# हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले में 25 साल से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान हरियाणा निवासी अजय कुमार दहिया (59) के रूप में हुई है। आरोपित हरियाणा में 20 साल से भेष बदलकर रह रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि आठ अगस्त 2000 को उत्तम नगर थाने में कष्णा सेठी नामक महिला ने अपने बेटे की गुमशुदगी और हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पीड़िता ने अपनी बहू सरोज के ऊपर आरोप लगाया कि उसका अवैध संबंध अजय दहिया के साथ है। उन्होंने दोनों पर हत्या का शक जाहिर किया। जांच के दौरान मृतक अश्वनी सेठी का शव हरियाणा के बिरधाना से बरामद हुआ। अश्वनी को गोली मारी गई थी। स्थानीय पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया। इधर मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। क्राइम ब्रांच की टीम आरोपित की लंबे समय से तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित हरियाणा में छुपा हुआ है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता कर आरोपित को दबोचा। आरोपित ने सोमपाल के नाम से फर्जी पहचान पत्र बना रखा था।

पूछताछ के दौरान अजय ने खुलासा किया कि वह सरोज से प्यार करता था। लेकिन उसका पति अश्वनी सेठी उनके बीच में आ रहा था। अश्वनी को ठिकाने लगाने के लिए दोनों ने मिलकर योजना बनाई। जिसके बाद अश्वनी को बहला-फुसलाकर अश्वनी को हरियाणा बुलाया और वहां उसे गोली मार दी। अपराध के बाद अजय और सरोज दिल्ली आए और यहां से हिमाचल प्रदेश चले गए। यहां अजय ने मजदूरी का काम शुरू कर दिया। समय बीतने के साथ अजय को शराब की लत लग गई। जिसके कारण उसका सरोज से अक्सर झगड़ा होने लगा। झगड़े से परेशान होकर सरोज घर छोड़कर चली गई। जिसके बाद आरोपित अजय हिमाचल से हरियाणा के पंचकूला आ गया। यहां उसने सब्जियां बेचना शुरू कर दिया। यहां उसकी मुलाकात एक अन्य महिला से हुई। जिससे उसने शादी कर ली।

## आमजन की शिकायतों को दूर करना राज्य सरकार व जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकताः एडीसी

एजेंसी

**नारनौल।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करना राज्य सरकार व जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। ऐसे में अधिकारी शिकायत मिलने के तुरंत बाद उस पर कारवाई शुरू करें। एडीसी आज राज्य सरकार के निर्देशानुसार लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में जन समस्याएं सुन रहे थे।

एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी आमजन समाधान शिविर में अपनी शिकायत लेकर आते हैं उनकी हर शिकायत पर पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक जिला व उप मंडल स्तर पर शिविर लगाए जाते हैं। नागरिक इन शिविरों में आकर अपनी शिकायतों का निराकरण करवा सकते हैं। आज लगे समाधान शिविर में बिजली, पानी, आधार, परिवार पहचान पत्र तथा अवैध कब्जे आदि की शिकायत प्राप्त हुई। इस मौके पर एसडीएम डा. रमित यादव, डीएसपी सुरेश कुमार तथा नगराधीश मंजीत कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## जन शिकायतों को नजरअंदाज करना नहीं होगा बर्दाश्तः डा. बलप्रीत सिंह

एजेंसी

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने कहा कि काम में लापरवाही और जनता की शिकायतों को नजर अंदाज करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाधान शिविर हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई एक जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य नगर निकायों से जुड़ी जन शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है।

वे निगम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आई 8 शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। गांव चौमा से आए संदीप यादव व अन्य नागरिकों ने समाधान शिविर में अवैध निर्माण से संबंधित शिकायत रखते हुए कहा कि इस बारे में वे पहले भी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन संबंधित सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सुनवाई के दौरान डा. सिंह ने पाया कि संबंधित सहायक अभियंता हरि प्रकाश व कनिष्ठ अभियंता हिमांशु समाधान शिविर से गैर-हाजिर हैं। उन्होंने दोनों अधिकारियों द्वारा ड्यूटी में कोताही बरतने और समाधान शिविर में उपस्थित न होने के कारण स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। अतिरिक्त निगमायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर की इस पहल से जनता को लाभ मिल रहा है। शिविर में एक ही स्थान पर सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहते हैं, जिससे नागरिकों को इधर-उधर चक्कर नहीं लगाने पड़ते। समाधान शिविर न केवल प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह जनता को राहत प्रदान करने में भी सफल साबित हो रहे हैं।

## जिला में 'जल संचय जन भागीदारी' का करवाएं सफल क्रियान्वयन : एडीसी अखिल पिलानी

**पलवल।** जल संसाधन विभाग हरियाणा के चेयरपर्सन केसनी आनंद अरोड़ा और सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के सभी जिला के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंस कर 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान का सफल क्रियान्वयन करवाने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस वीसी में जिला सचिवालय स्थित सभागार से अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी संबंधित अधिकारियों के साथ जुड़े। वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक जल संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। वीसी के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने जल संचय जन भागीदारी अभियान को सफल बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने बैठक में जिले में सतत रूप से गिरते हुए भूजल स्तर में सुधार लाए जाने तथा प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण व संवर्धन हेतु संचालित 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए इस अभियान का सफल क्रियान्वयन कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान की सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों का जल संरक्षण प्लान तैयार कराकर भिजवाएं।

## निगम कर्मचारियों की क्रमिक भूख हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्यव्यापी आंदोलन के तहत नगर निगम कर्मचारियों ने आज लगातार दूसरे दिन भी निगम मुख्यालय के समक्ष क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखी। भूख हड़ताल के अंतिम दिन तक सरकार ने कर्मचारियों की मांगों को अनसुना और देखा करते हुए नहीं की बातचीत की पहल नाराज कर्मचारियों जल्द ही राज्यस्तरीय बैठक बुलाकर करेंगे पड़े। आंदोलन का ऐलान आज की क्रमिक भूख हड़ताल में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव व नगर निगम सीवर मैन यूनियन के प्रधान अनूप वाल्मीकि की अध्यक्षता में सीवर विभाग, माली, बेलदार, वाटर सप्लाई, इलेक्ट्रिकल विभाग, सेनिटेशन विभाग एवं कार्यालय के 31 कर्मचारी साथियों ने भूख हड़ताल की। मंच का संचालन सीवर मैन यूनियन के सचिव प्रदीप चावरिया ने किया। सरकार नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि द्वारा सरकार जल्द 7 अगस्त 2024 को हुए समझौते में मानी गई।

# हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने की अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों की सुनवाई

## आयोग सभी को न्याय दिलाने को प्रतिबद्धः डा. रविंद्र बलियाला

एजेंसी

**नारनौल।** हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डा. रविंद्र बलियाला ने कहा कि आयोग अनुसूचित जाति के लोगों की सुरक्षा व कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। राज्य सरकार भी ऐसे मामलों के प्रति बहुत ही संवेदनशील है तथा हर मामले को संजीदगी के साथ लेती है। डा. बलियाला आज पंचायत भवन में अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर आयोग ने 56 शिकायतें सुनी।

हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि आयोग का मकसद किसी को दंडित करना नहीं है बल्कि पीड़ित व्यक्ति को सही मायने में न्याय दिलाना है। आयोग सभी को न्याय दिलाने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में पक्ष और विपक्ष दोनों को बुलाया गया था। कुछ मामलों में दोनों ही पक्ष नहीं पहुंचे हैं। ऐसे मामलों में कमीशन खुद उनसे संपर्क करके जानकारी हासिल करेगा। जब तक कमीशन सभी पीड़ितों से बात नहीं कर लेगा तब तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचेंगे।

उन्होंने बताया कि अगर अनुसूचित जाति के किसी भी नागरिक के साथ कोई ज्यादती होती




है तो वह पंचकूला में आयोग के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। हर मामले को पूरी प्रतिबद्धता के साथ सुना जाता है।

उन्होंने कहा कि आयोग का मकसद है कि समाज में किसी भी प्रकार का वैमनस्य पैदा ना हो। कुछ छोटे-मोटे मामले ऐसे भी आए हैं जिनमें सिविल प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी भाईचारे के साथ समझौता करवाने की कोशिश करें।

डॉ बलियाला ने कहा कि ज्यादातर मामलों में पुलिस प्रशासन की ओर से उचित समय पर आरोपियों का चालान पेश करके कोर्ट में पेश कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 तथा 1995 के सेक्शन तीन नियम 12 (4) के तहत मापदंड अनुसार इस वर्ग के लिए राहत राशि भी प्रदान की जाती है। अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति के नागरिकों पर अत्याचार या उनकी चल अचल संपत्ति के नुकसान की भरपाई की जाती है। इसके लिए उन्हें एफआईआर दर्ज करवाने के बाद ऑनलाइन आवेदन करना होता है। उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने आयोग का यहां पहुंचने पर स्वागत किया।

इस मौके पर आयोग के वॉइस चेयरमैन बिजेंद्र बड गुर्जर, अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रतनलाल बामनिया, रवि तरनवाल, मीना नरवाल डीएसपी नारनौल सुरेश कुमार, डीएसपी कनीना संदीप कुमार, जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# बहादुर पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए जल्द जारी होगी ओआरपी पॉलिसी : नायब सिंह सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अवैध इमीग्रेशन पर सख्ती से काबू पाने के लिए प्रदेश सरकार कानून बनाएगी। आगामी बजट सत्र में इस सम्बन्ध में नया कानून पेश किया जायेगा। साथ ही, अपराध रोकथाम में अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा जल्द ही एक ओआरपी पॉलिसी लाई जाएगी। इस पालिसी में जहाँ अच्छे काम को प्रोत्साहन होगा वही अपराध रोकने में ढिलाई तो सख्त कार्रवाई का प्रावधान भी होगा।

मुख्यमंत्री ने आज यह जानकारी पंचकूला में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध और कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करने उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अपराध की दर में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि साल 2024 में पिछले वर्ष की तुलना में क्राईम अगेंस्ट वूमेन के आंकड़ों में भी कमी आई है और हरियाणा प्रदेश ने साइबर क्राइम के मामलों में भी अच्छा काम किया है।




मुख्यमंत्री से कहा कि अपराध व अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए गए हैं। अच्छा काम करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा और कोताही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता के प्रति संवेदनशील बने और उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निदान करना सुनिश्चित करें।

**क्राइम पर शिकंजा कसने के लिए हरियाणा पुलिस को फ्री हैंड - मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए हरियाणा पुलिस को फ्री हैंड दिया है। साथ ही यह लक्ष्य भी दिया गया है कि नशा मुक्ति अभियान को आगे बढ़ाते हुए साल 2025 के अंत तक 70 प्रतिशत गांव को नशा मुक्त किया जाये। इसके अतिरिक्त नशे के काले कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.

**विदेश में बैठे अपराध में शामिल लोगों पर पुलिस करेगी प्रहार**

उन्होंने कहा कि विदेश में रहकर एक्सटॉर्शन कॉल सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल अपराधियों और यहाँ उनकी मदद करने वालों के खिलाफ मुहिम चला कर ऐसे लोगों पर कड़ा प्रहार करने के निर्देश भी पुलिस को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिन संसाधनों की आवश्यकता पुलिस को होगी, प्रदेश सरकार उपलब्ध करवाएगी।

**पुलिस आधुनिकीकरण पर खर्च होंगे 300 करोड़**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने चुनाव संकल्प पत्र में पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए 300 करोड़ रुपए की योजनाओं को लागू करने का वायदा किया था। इसके लिए पुलिस विभाग को आदेश दिए हैं कि एक विस्तृत प्रस्ताव बनाकर जल्द ही राज्य सरकार को भेजें। पुलिस साइबर क्राइम पर पूर्ण रूप से नियंत्रित करने के लिए अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार बढ़ा रही है ताकि इस पर पूर्णता अंकुश लगाकर साइबर जालसाज़ों पर अंकुश लगाया जा सके।

## समाधान शिविरों से प्रशासनिक कुशलता व जन सहभागिता बढ़ीः अजय कुमार

एजेंसी

**गुरुग्राम ।** प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में जन सेवा को समर्पित समाधान शिविर का जिले में प्रत्येक कार्य दिवस पर आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। डीसी अजय कुमार ने कहा कि यह शिविर न केवल शिकायतों के प्रभावी समाधान का माध्यम है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी प्रयास है। लघु सचिवालय में आयोजित हुए शिविर में तहसीलदार शिखा गर्ग ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भूमि विवाद, पेंशन, बिजली, पानी और अन्य जनकल्याण योजनाओं से संबंधित शिकायतें नागरिकों द्वारा शिविर में प्रस्तुत की गईं। कई मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जिनका समाधान तुरंत संभव नहीं था उनका निर्धारित अवधि में समाधान करने के निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में 16 नागरिकों ने अपनी शिकायत दर्ज करवाई। डीसी अजय कुमार ने कहा कि समाधान शिविर न केवल समस्याओं के निवारण का माध्यम है, बल्कि यह प्रशासन और जनता के बीच मजबूत संवाद का प्रतीक भी है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि हर



व्यक्ति को उसकी समस्या का समाधान सरल और सुलभ तरीके से मिले। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में नागरिकों की भागीदारी ने इसे सफल बनाया है। उन्होंने जिला वासियों से अपील की कि वे समाधान शिविर के आयोजनों का लाभ उठाएं। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आयोजित हो रहे समाधान शिविर का यह प्रयास जिले में सकारात्मक बदलाव और प्रशासनिक कुशलता का एक बेहतरीन उदाहरण है।

## मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल : विश्राम कुमार मीणा

एजेंसी

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। उन्होंने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष




(सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उपायुक्त ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## हीरो होंडा से उमंग भारद्वाज चौक तक 6 लेन हाईवे निर्माण पर डीसी ने अधिकारियों से की चर्चा

एजेंसी

**गुरुग्राम ।** हीरो होंडा चौक से उमंग भारद्वाज तक 6 लेन हाईवे निर्माण परियोजना के संबंध में जिला उपायुक्त अजय कुमार ने एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में सडक़ निर्माण से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सडक़ चौड़ीकरण, उमंग भारद्वाज चौक पर फ्लाईओवर बनाने सहित हीरो होंडा चौक पर अंडरपास बनाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा इस मार्ग निर्माण में आने वाले व्यवधान जैसे एचसीजी सीएनजी पंप, आश्रम व होटल जैसी इकाईयों को अन्य जगह शिफ्ट करने संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि आश्रम शिफ्ट करने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम जल्द शुरू होगा। इस बारे में अंतिम सहमति बन चुकी है। इसी तरह खांडसा चौक पर व्हीकल अंडरपास बनाया जाना है। इसके लिए जीएमडीए, एनएचएआई और एमसीजी जैसी संबंधित एजेंसी आपसी ताल-मेल से कार्य करने में जुटी हैं। एचवीपीएनएल अधिकारियों ने बताया कि विभाग के




66 केवीए ग्रिड सब स्टेशन को शिफ्ट करने संबंधी अनुमति मुख्यालय स्तर पर लंबित है। पेड़ कटाई संबंधी कार्य एनओसी के साथ किया जा रहा है। इसके अलावा इस रूट पर सीवरेज-ड्रेनेज संबंधी शिफ्टिंग पर भी विचार किया जा रहा है। जीएमआरएल की मुख्य आर्किटेक्ट नम्रता कलसी ने कहा कि संबंधित रूट पर मेट्रो भी प्रस्तावित है। विभागीय स्तर पर इस पर भी काम जारी है। साथ ही अन्य विभागों के साथ मिलकर समन्वय कर कार्य प्रगति पर जोर दिया जा रहा है। जिला उपायुक्त ने कहा कि विकास की रफ्तार में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं होना चाहिए। किसी प्रकार की परेशानी आती है तो तुरंत इसकी स्टेटस रिपोर्ट की जानकारी संबंधित अधिकारी उनके साथ सांझा करें।

## शक्ति बाल विवाह के विरुद्ध आवाज को सशक्त बनाने के लिए कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित

एजेंसी

**नारनौल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सुरा के दिशा निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में आज गांव बदोपुर में शक्ति बाल विवाह के विरुद्ध आवाज को सशक्त बनाने के लिए कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ता गिरीबाला यादव व संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा ने संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कानूनी प्रावधानों का इस्तेमाल किया जा सकता है। बाल विवाह की सूचना पुलिस, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, ग्राम पंचायत के सरपंच या प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट को दें सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत बाल विवाह करने वालों पर कार्रवाई की जा सकती है। बाल विवाह बच्चों के खिलाफ हिंसा का एक रूप है। इससे लड़कियों के साथ-साथ




उनके परिवार और समुदाय को भी नुकसान होता है। बाल विवाह को जड़ से मिटाने के लिए बच्चों को सुरक्षित एवं विकासात्मक माहौल प्रदान करने के लिए समाज को आगे आना चाहिए। बाल विवाह एक अभिशाप है इसे जड़ से समाप्त करना समाज के लिए अति आवश्यक है। बाल विवाह की सूचना आप हेल्पलाइन नंबर 112 व 1098 पर दे सकते हैं। टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल करके आप कानूनी सहायता भी ले सकते हैं। इस मौके पर सुपरवाइजर प्रवीण शर्मा ने भी अपने विचार रखें। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं ने बाल विवाह न करवाने की शपथ ली। इस अवसर पर सरपंच महेश कुमार, कृष्ण कुमार, रोहित, आशा वर्कर पूनम देवी व मंजू देवी के अलावा ग्रामीण मौजूद थे।

## आमजन की समस्याओं के समाधन को लेकर प्रदेश सरकार कटिबद्ध : लक्ष्मण यादव

### रेवाड़ी विधायक ने सेक्टर चार स्थित कैंप कार्यालय में सुनी लोगों की समस्याएं

एजेंसी

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आजमन की समस्याओं के समाधान कराने को लेकर पूरी तरह कटिबद्ध है। लोगों की किसी भी प्रकार की शिकायतें न रहे, इसके लिए सरकार के आदेश पर जिले के अधिकारी प्रत्येक कार्यदिवस पर समाधान शिविर लगाकर लोगों की शिकायतें सुन उनका निदान करा रहे हैं।

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव सेक्टर चार स्थित कार्यालय आवास पर पहुंचे काफी संख्या में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अधिकांश का मौके पर ही अधिकारियों को समाधान कराने के निर्देश भी दिए।इस दौरान लोगों से चर्चा करते हुए विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता ने पूरा विश्वास जताते हुए हरियाणा में भाजपा सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। जिस प्रकार लोगों ने भाजपा पर भरोसा जताया है, उससे प्रदेश सरकार पर भी जिम्मेवारियां बढ़ गई है कि वह आमजन की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरें।

उन्होंने कहा कि यही कारण है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी दिन-रात आमजन को राहत पहुंचाने की दिशा में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रदेश के सभी मंत्री तथा विधायक भी हमेशा आमजन के बीच रहकर उनके दुख-सुख को सांझा कर रहे हैं तथा लोगों की शिकायतों को सुनकर उनका निदान करा रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि जनसेवा के भाव के साथ निरंतर कार्य में जुटी प्रदेश सरकार का मानना है कि लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए धक्के न खाने पड़े। इसके लिए मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने सभी उपमंडल व जिला मुख्यालय पर प्रत्येक कार्यदिवस पर तमाम अधिकारियों को समाधान शिविर लगाकर लोगों की शिकायतें सुनने के आदेश जारी किए है।

# जल जीवन मिशन के तहत पीआरई सदस्यों को किया प्रशिक्षित

एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** जल शक्ति मंत्रालय के कार्यक्रम जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से खंड महेंद्रगढ़ के पीआरआई व ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों के लिए एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने उपस्थिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जिसके तहत प्रदेशभर के ग्रामीण उपभोक्ताओं को हर घर नल से नियमित स्वच्छ मुहैया करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनता द्वारा चुने हुए पंचायती राज के सदस्यों व ग्राम जल एवं सीवरेज समिति को भी इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए ग्राम स्तर पर अपनी भागीदारी और अधिक मजबूत करने की जरूरत है। हर घर नल से स्वच्छ के साथ-साथ पेयजल की गुणवत्ता को बरकरार रखने की जरूरत है। इसे साथ-साथ पेयजल के स्रोतों की भी नियमित जांच जरूरी है। हरियाणा प्रदेश में सरकार ने अब आजीविका मिशन के तहत कार्य कर रही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी जल जीवन मिशन के साथ जोडऩे का काम किया है। अब महिलाएं लोगों को जल के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पानी का बिल एकत्रित करना व नया कनैक्शन प्रदान करने का भी कार्य करेंगी। इसलिए एकत्रित धनराशि का 10 प्रतिशत राशि उनको प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे उपमंडल अभियंता नरेंद्र कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायतें व ग्राम जल एवं सीवरेज समिति जल से संबंधित किसी प्रकार की सुविधा के लिए विभाग से संपर्क करें विभाग की ओर से हर संभव सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जल संरक्षण में हर नागरिक अपना योगदान दें। खंड संसाधन संयोजक अशोक कुमार यादव ने 15वें वित आयोग संबंधित विस्तार से जानकारी प्रदान की। बीआरसी विक्रम सिंह ने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए सभी को जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने में भागीदारी करते हुए सार्वजनिक स्थानों व जल स्त्रोतों के पास गंदगी नहीं डालनी चाहिए। किसी एक व्यक्ति की लापरवाही डायरिया जैसी जल जनित बीमारी का कारण बनती है, समय रहते अगर पानी की गुणवत्ता और बचाव नहीं किया गया तो आने वाला कल बहुत भयावक होगा। बीआरसी अनिता भाटी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्वच्छ और सुरक्षित जल को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया है प्रत्येक राज्य का कर्तव्य है कि अपने नागरिकों को स्वच्छ जल सस्ती दरों पर उपलब्ध कराए,बरसात के मौसम में छतों के जल का संरक्षण, जल जनित बीमारियों, खुले चल रहे नलों पर टूंटी लगाने, पानी का उचित रखरखाव, स्वच्छ पानी पीने, डंडीदार लोटे का प्रयोग, हैंडवाश, आदि की जानकारी दी गई , बीआरसी मोहित ने बताया कि जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा पेयजल व्यवस्था प्रबंधन व स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक गांव में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की अहम भूमिका है। इसलिए ग्राम जल एवं सीवरेज समिति को अपने अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जागरूक होते हुए कार्य करने की जरूरत है ताकि पेयजल के उचित प्रयोग के साथ उसकी स्वच्छता बनी रहे।

# सफाई कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः अंजना पंवार

एजेंसी

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा कि सफाई कर्मियों की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव के लिए वर्तमान केंद्र सरकार ने कई अनूठी पहल की है। सरकार का ध्येय है कि समाज की अंतिम पंक्ति में बैठने वाले सफाई कर्मचारी सम्मान से रहें। इसलिए हम सभी का भी दायित्व बनता है कि सफाई कर्मचारियों के प्रति सम्मानपूर्वक व्यवहार रखते हुए उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराएं। स्वच्छ भारत बनाने के निर्धारित लक्ष्यों को इनके सहयोग के बिना पूरा नही किया जा सकता। वे स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सफाई कमर्चारियों के आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक उत्थान व उनके पुनर्वास के लिए संबंधित विभाग सभी जरूरी कदम उठाएं। अंजना पंवार ने अधिकारियों से नगर परिषद, नगर पालिकाओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों के हितों के लिए किए जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत सीवरेज सफाई का मैनुअल कार्य पूरी तरह बंद है। इसलिए निर्देशों की अवहेलना कतई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित एजेंसी अथवा निकाय द्वारा सभी सफाई कर्मचारियों को उनके आईकार्ड उपलब्ध कराए जाएं। जिसमें उनका ब्लड ग्रुप व पीएफ नंबर स्पष्ट रूप से अंकित हो। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाए। इस मौके पर उपायुक्त अभिषेक मीणा ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना हेतु अधिकारियों को हिदायत दी और कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में स्वच्छता के सिपाहियों की सबसे अहम भूमिका है, इसलिए उनके लिए निर्धारित नियमों की पालना के साथ-साथ उनकी सभी मूलभूत जरूरतों का भी ध्यान रखा जाए।

## नवंबर में औद्योगिक उत्पादन 6 महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की तेजी से मिला दम

एजेंसी

नई दिल्ली। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में आई तेजी के कारण नवंबर के महीने में देश में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गई है। औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि का ये पिछले 6 महीने का सबसे ऊंचा स्तर है। इसके पहले अक्टूबर के महीने में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत दर्ज की गई थी। वहीं 1 साल पहले नवंबर 2023 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 2.5 प्रतिशत रही थी। ये जानकारी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा आज जारी आंकड़ों में दी गई है। एनएसओ द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2024 के दौरान मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 5.8 प्रतिशत की दर से उत्पादन में वृद्धि हुई, जबकि 1 साल पहले नवंबर 2023 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के उत्पादन की वृद्धि दर 1.3 प्रतिशत थी। इसी तरह नवंबर 2024 में माइनिंग सेक्टर में 1.9 प्रतिशत की दर से और विद्युत के उत्पादन में 4.4 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई। एनएसओ के आंकड़े में बताया गया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर के दौरान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 4.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि 1 साल पहले इसी अवधि में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## रुपया 22 पैसे लुढ़ककर 86 रुपये प्रति डॉलर के पार

मुंबई। अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े आने से फेड रिजर्व की इस महीने के अंत में होने वाली बैठक में ब्याज दर कटौती के चक्र को रोकने की उम्मीद बढ़ने से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में तेजी के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 22 पैसे लुढ़ककर 86.08 रुपये प्रति डॉलर के सार्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 85.86 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया एक पैसे फिसलकर 85.87 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली के दबाव में 86.08 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया और इसी स्तर पर बंद भी हुआ। वहीं, बिकवाली की बदौलत यह 85.70 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर रहा।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी रेल यात्रियों को बड़ी सौगात

चेन्नई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने वंदे भारत रेक, अमृत भारत ट्रेन के डिब्बों और विस्टाडोम डाइनिंग कार का निरीक्षण किया. इसके बाद वह सिरमा एसजीएस लैपटॉप असेंबली प्लांट का उद्घाटन किया जिसमें वंदे भारत ट्रेन के लिए कुछ जरूरी उपकरण तैयार किए जाते हैं. मीडिया से बातचीत में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत ट्रेन साधारण नागरिकों के लिए बनाई गई है. इसके जनरल कोच में किसी भी प्रीमियम ट्रेन जैसी ही सुविधाएं हैं. इसे 'सबका साथ, सबका विकास' और'अन्त्योदय' की भावना से बनाया गयाहै. उन्होंने कहा कि इस ट्रेन में कई नई सुविधाएं मिलेंगी, जैसे सीटों और पंखों की गुणवत्ता, चार्जिंग पॉइंट और नए डिजाइन वाले शौचालय तैयार किए गए हैं. वंदे भारत ट्रेनों में भी लगातार सुधार किए जा रहे हैं. रेल मंत्री ने कहा कि 10 हजार लोकोमोटिव में कवच लगाया जा रहा है और 15 हजार किलोमीटर ट्रैकसाइड फिटिंग की जा रही है और इंजनों के आगे कैमरे भी लगाए जारहे हैं. अब नए डिजाइन के बोल्ट लगाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें निकाला न जा सके।

## पोको ने लॉन्च किया एक्स 7 और एस 7 प्रो स्मार्टफोन

नयी दिल्ली। स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी पोको ने भारतीय बाजार में एक्स 7 सीरीज के तहत अपना नया स्मार्टफोन एक्स 7 5जी और एक्स 7 प्रो 5जी लॉन्च करने की घोषणा की है, जिसकी कीमत क्रमशः 19999 रुपए और 24999 रुपए है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस स्मार्टफोन को ब्रांड एम्बेसडर अभिनेता अक्षय कुमार के साथ कंपनी के अधिकारियों ने लॉन्च किया है। उसने कहा कि पोको एक्स 7 में इस सेगमेंट का सबसे टिकाऊ 1.5के एमोलेड 3डी कर्व्ड डिस्प्ले दिया गया है। पोको एक्स7 प्रो 5 जी 6550 एम ए एच बैटरी के साथ आता है, जो सिलिकॉन कार्बन तकनीक और अधिक दक्षता, लंबी लाइफ और सेफ्टी के लिए एक ठोस इलेक्ट्रोलाइट द्वारा बेहतर बनाई गई है। शानदार, लैग-फ्री परफॉर्मेंस मीडियाटेक डायमेंशन 7300 अल्ट्रा चिपसेट पर चलने वाला एक्स 7 5जी में 5500 एम ए एच की बैटरी फोन को पूरे दिन बिजली सप्लाई करती है, जबकि 45वॉट हाइपरचार्ज डाउनटाइम को कम करता है। इस सीरीज में 50एम पी सोनी लिट-600 प्राइमरी कैमरा है।




# खंडेलवाल ने एलएंडटी के चेयरमैन के हफ्ते में 90 घंटे काम वाले बयान की आलोचना की

एजेंसी

नई दिल्ली। कफनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने एलएंडटी के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यन के हफ्तें में 90 घंटे कार्य सप्ताह की वकालत वाले बयान को 'पूरी तरह से अव्यवहारिक और मानव गरिमा एवं काम-काज के संतुलन की अवहेलना' करार देते हुए कड़ी आलोचना की है। खंडेलवाल ने कहा कि ऐसे बयान आधुनिक युग में मानसिक स्वास्थ्य और कर्मचारियों के कल्याण के महत्व की समझ की कमी को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, ÷हम एक ऐसी संस्कृति की ओर नहीं लौट सकते जो कर्मचारियों को केवल मशीनों की तरह देखती हो। कैट महामंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति, चाहे वह कॉरपोरेट सेक्टर में हो या स्व-रोजगार से जुड़ा हो, एक ऐसा



संतुलित जीवन जीने का हकदार है जहां व्यक्तिगत और पेशेवर आकांक्षाएं साथ-साथ पूरी हो सकें।इस संदर्भ में कैट महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के उन विचारों का समर्थन किया, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों और एक स्वस्थ कार्य वातावरण की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलने के लिए दीपिका पादुकोण की साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी हस्तियों और प्रभावशाली व्यक्तियों को प्रगतिशील कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपने मंचों का उपयोग करना चाहिए। हालांकि, कंपनी ने चारों तरह से तीखी आलोचना का सामना करने के बाद इसका बचाव किया है। खंडेलवाल ने आगे कहा, भारतीय व्यवसाय, चाहे वह बड़े कॉरपोरेट हों या सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) अपने कर्मचारियों की समर्पण भावना पर आधारित होते हैं। कड़ी मेहनत वाले घंटों को बढ़ावा देना केवल उत्पादकता को कम करेगा, तनाव को बढ़ाएगा और समग्र अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने नीति निर्माताओं, व्यापारिक नेताओं और प्रभावशाली व्यक्तियों से अपील की कि वे मिलकर ऐसे कार्यस्थल बनाने की दिशा में काम करें जो मानव मूल्यों का सम्मान करें, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें और स्थायी व मानवीय प्रथाओं के माध्यम से उत्पादकता को बढ़ावा दें। उल्लेखनीय है कि एलएंडटी के चेयरमैन ने कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम करने को कहा था, जिसकी चौतरफा तीखी आलोचना के बाद लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने चेयरमैन की टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि 'असाधारण परिणामों के लिए असाधारण प्रयासों की आवश्यकता होती है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



एजेंसी

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.27 प्रतिशत उबलकर 75.60 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 2.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 78.67 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## ईपीएफओ पेंशनर ने निर्मला सीतारमण से की मुलाकात, वित्त मंत्री का मांगों पर गौर करने का आश्वासन

एजेंसी

नई दिल्ली। ईपीएस-95 पेंशनरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने दावा किया है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये प्रति माह के साथ महंगाई भत्ता और अन्य मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।

ईपीएस -95 नेशनल आंदोलन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उनके नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने श्रीमती सीतारमण से यहां मुलाकात की और न्यूनतम पेंशन एक हजार रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये, इसमें महंगाई भत्ता जोड़ने और पेंशनर तथा उनके जीवनसाथी के लिये मुफ्त चिकित्सा उपचार की मांग की। उन्होंने बताया कि श्रीमती सीतारमण ने उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।श्री राउत ने कहा कि वित्त मंत्री से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय और राज्य सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान, निजी संगठनों, और देशभर के कारखानों से जुड़े



78 लाख से अधिक पेंशनभोगियों की दयनीय दशा पर प्रकाश डाला।

श्री राउत ने कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आश्वासन हमें उम्मीद देता है, लेकिन सरकार को आगामी बजट में 7,500 रुपये न्यूनतम पेंशन और महंगाई भत्ते की घोषणा करनी चाहिये। इससे कम कुछ भी वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक जीवन देने में विफल होगा।

उन्होंने कुछ श्रमिक संगठनों द्वारा 5,000 रुपये न्यूनतम पेंशन की मांग को अनुचित बताते हुये इसकी आलोचना की। उन्होंने कहा कि 7,500 रुपये न्यूनतम राशि है, जो एक सम्मानजनक जीवन के लिए आवश्यक है।

## राष्ट्रीय स्टार्टअप कार्ययोजना के तहत अब विनिर्माण क्षेत्र को नयी धार देने की सरकार की रणनीति

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार देश में नवाचार पर आधारित स्टार्टअप इकाइयों के फलने-फूलने के लिये अनुकूल वातावरण विकसित करने के प्रयासों की सफलता को आधार बना कर अब स्टार्टअप के जरिये विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित करने की रणनीति पर ध्यान केंद्रित करने जा रही है। यह जानकारी यहां वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिये '2016 की स्टार्टअप कार्ययोजना' के आज नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डीपीआईआई के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने यहां कहा, प्रश्न किया जाता है कि हम नया क्या करने जा रहे हैं। .. अब हमारा फोकस (ध्यान) विनिर्माण क्षेत्र में इन्यूबेटरों को प्रोत्साहित करना है। हम विनिर्माण कार्य में लगी कंपनियों को कह रहे हैं कि वे अपनी नयी नयी चुनौतियों को के समाधान के लिये स्टार्टअप के लिए चैलेंज प्रतियोगितायें आयोजित करें। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सरकार की इस पहल में वोल्वो,



आईटीसी , एसजेडब्ल्यू , योकोहामा, मिशेलिन, श्री सीमेंट और बोट जैसी कंपनियां विनिर्माण क्षेत्र में काम करने वाली स्टार्टअप इकाइयों को संसाधन, सीख और अपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के साथ सहयोगपूर्ण भागीदारी करना चाहती हैं। श्री भाटिया ने कहा, हम 2025 में इसको गति देना चाहते हैं। विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों से कह रहे हैं कि आप अपनी खास समस्याओं, के समाधान प्रस्तुत करने के लिये गैंडचैलेंज प्रतिस्पर्धा का आयोजन करें। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने 16 जनवारी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस घोषित किया है। इस सिलसिले में विभाग राजधानी और देश के बाहर पक्षधारकों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। डीपीआईआईटी सचिव ने बताया कि भारत 18-20 मार्च, 2025 को राजधानी में 'स्टार्टअप महाकुंभ' आयोजित करने जा रहा है जो देश में इस क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा, इसमें भाग लेने के लिये सऊदी अरब ने विशेष रुचि दिखाई की है। स्टार्टअप महाकुंभ में और यूरोप, अमेरिका तथा एशिया के दसियों दशों के शामिल होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि भारत ने 21 देशों के स्टार्टअप प्रोत्साहन निकायों के साथ सहयोग-सेतु और दो देशों के साथ सामरिक गठबंधन कर रखा है। उन्होंने एक सवाल पर कहा, स्टार्टअप इकाइयों का देश से बाहर जाने जाने जैसा कोई मुद्दा इस समय नहीं है, उल्टा हमारे आंकड़े कह रहे हैं कि बाहर से स्टार्टअप अब भारत आ रहे हैं।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.69 अरब डॉलर घटकर 634.58 अरब डॉलर पर

एजेंसी

मुंबई/नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पाचवें हफ्ते गिरावट दर्ज की गई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन जनवरी को समाप्त हफ्ते में 5.69 अरब डॉलर घटकर 634.58 अरब डॉलर रह गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 4.11 अरब यूएस डॉलर घटकर 640.28 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 3 जनवरी को समाप्त हफ्ते में है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.69 अरब डॉलर घटकर 634.58 अरब डॉलर रहा है। इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.44 अरब डॉलर घटकर 545.48 अरब डॉलर रह गईं। हालांकि, स्वर्ण भंडार का आरिक्षत मूल्य 82.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 67.09 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक 3 जनवरी को समाप्त हफ्ते में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.8 करोड़ डॉलर घटकर 17.81 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ)



के पास भारत का आरक्षित भंडार घटकर 4.199 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से आ रही गिरावट की वजह रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए रिजर्व बैंक का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सितंबर, 2024 के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब यूएस डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

# जेसन्स इंडस्ट्रीज ने आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी फिर से दाखिल किया

एजेंसी

नई दिल्ली। मुंबई स्थित जेसन्स इंडस्ट्रीज ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दोबारा दाखिल किया है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक जेसन्स इंडस्ट्रीज का 5 रुपये अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ 300 करोड़ रुपये तक के नए इश्यू और धीरेश शशिकांत गोसालिया द्वारा 9.46 मिलियन इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल है। इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण शामिल है। कर्मचारी आरक्षण हिस्से में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को छूट दी जा रही है। कंपनी के मुताबिक इस इश्यू से मिली रकम का इस्तेमाल




में से 165 करोड़ रुपये कुछ उधारी चुकाने या समय से पहले चुकाने के लिए 77.90 करोड़ रुपये अपनी सब्सिडिटी कंपनी जेसन्स इनोवेटिव पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के जरिए वर्किंग कैपिटल के लिए खास तौर पर सॉल्वेंट-बेस्ड चिपकने वाले और लचीले पैकेजिंग चिपकने वाले जैसे नए चिपकने वाले प्रोजेक्ट के लिए किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि मुंबई स्थित जेसन इंडस्ट्रीज कंपनी भारत में बिक्री मूल्य के मामले में पेंट सेक्टर में कोटिंग इमल्शन, टेप और लेबल सेगमेंट में पानी आधारित प्रेशर सेंसिटिव एडहेसिव के अग्रणी निर्माताओं में से एक है।

इसके साथ ही कंपनी ने एशिया-प्रशांत, मध्य पूर्व और अफ्रीका जैसे उच्च-विकास वाले क्षेत्रों में एक मजबूत उपस्थिति बनाई है। इसकी वर्तमान पाइपलाइन में विकास के तहत 22 उत्पाद शामिल हैं। पिछले तीन वित?त वर्षों और 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छह महीनों में कंपनी ने वुडवर्किंग, आरडीपी और तैयार निर्माण रसायनों जैसे उद्योगों में 42 नए उत्पाद लॉन्च किए हैं।

# फैबटेक टेक्नोलॉजीज की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री, पहले दिन ही निवेशकों का पैसा डबल

एजेंसी

नई दिल्ली। बायोटेक सेक्टर के लिए प्री-इंजीनियर्ड और प्री-फैब्रीकेटेड मॉड्यूलर पैनल बनाने वाली कंपनी फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड ने आज लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री की। घरेलू शेयर बाजार के निगेटिव सेंटीमेंट्स के बावजूद इस कंपनी के शेयर ने आज पहले दिन ही अपने आईपीओ निवेशकों का पैसा डबल कर दिया।आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 85 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर एसएमई सेगमेंट के लिए मैक्सिमम परमीसिबल प्रीमियम 90 प्रतिशत के साथ 161.50 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 169.57 रुपये के अपर




सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को आज पहले दिन ही 99.49 प्रतिशत का मुनाफा हो गया है?। फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड का 27.74 करोड़ रुपये का आईपीओ 3 से 7 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 740.37 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 224.50 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 1,485.52 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 715.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के जरिए 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 32.64 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। इस आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने, एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को खरीदने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड की आर्थिक स्थिति पर नजर डालें, तो 2021-22 में कंपनी को 3.60 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इसके अगले साल 2022-23 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़ कर 7.96 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि 2023-24 में कंपनी की कमाई में गिरावट आई, जिसके कारण इसका शुद्ध लाभ घट कर 5.78 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## बीएचईएल व ओएनजीसी के बीच नए व्यावसायिक अवसरों की तलाश के लिए समझौता

एजेंसी

हरिद्वार। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय के क्षेत्र में संयुक्त परियोजनाओं के नये अवसरों की खोज व सहयोग तथा फ्युल सेल, इलेक्ट्रोलाइज़र और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली पर आधारित परियोजनाओं के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी हरिद्वार स्थित बीएचईएल के संचार एवं जनसंपर्क प्रमुख अजीत अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि यह समझौता ज्ञापन देश के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन में योगदान देने के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के अंतर्गत उभरते क्षेत्रों में सहयोग के लिए दोनों संगठनों की संयुक्त शक्तियों का



लाभ उठाने में सहायता करेगा। बानी वर्मा, निदेशक (औद्योगिक प्रणाली और उत्पाद) एवं निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) - अतिरिक्त प्रभार, बीएचईएल, और अरुणांगशु सरकार, निदेशक (स्ट्रेटेजी एवं कॉर्पोरेट अफेयर्स), ओएनजीसी, तथा दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।उन्होंने बताया कि यह सहयोग भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों के अनुरूप है, तथा स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को अपनाने व बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## केंद्र ने राज्यों के लिए कर हस्तांतरण के रूप में 1,73,030 करोड़ रुपये जारी किए

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कर हस्तांतरण के रूप में राज्यों के लिए कुल 1,73,030 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। इसके पहले दिसंबर के महीने में भी केंद्र ने राज्यों के लिए 89,086 करोड़ रुपये हस्तांतरण किये थे। राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और उन्हें विकास तथा कल्याण संबंधी खर्च के वित्तपोषण में



सक्षम बनाने के लिए इस महीने अधिक राशि हस्तांतरित की गई है।केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के लिए 31,039.84 करोड़ रुपये, बिहार के लिए 17,403.36 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश के लिए 13,582.86 करोड़ रुपये, पश्चिम बंगाल के लिए 13,017.06 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र के लिए 10,930.31 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र के लिए 10,426.78 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसके अलावा देश के अन्य राज्यों के लिए भी केंद्रीय करों और शुल्कों का वितरण किया गया है।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, निवेशकों ने गंवाए 5.70 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही लिवाल और बिकवाल एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश में लग गए, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।आज दिन भर के कारोबार के बाद आईटी और टेक सेक्टर के अलावा बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज बैंकिंग, फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक दबाव बना रहा। इसी तरह एनर्जी, मेटल और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, आईटी इंडेक्स 3.44 प्रतिशत और टेक इंडेक्स 2.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने छह लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 429.79 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 435.49 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.70 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,078 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 829 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 3,162 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 87 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,518 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 401 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,117 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर बढ़त के साथ और 22 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 14 शेयर हरे निशान में और 36 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 62.38 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,682.59 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर-नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 299.49 अंक की तेजी के साथ 77,919.70 अंक तक पहुंचा?। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक 520.60 अंक की गिरावट के साथ 77,099.55 अंक तक लुढ़क गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 241.30 अंक टूट कर 77,378.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## सर्दियों के सुपरफूड गुड़ को खाने के 5 अलग-अलग तरीके, इन्हें अपनाने से मिलेंगे दोगुने फायदे



**गुड़ खाना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है. गुड़ हमारी बॉडी को कई तरह के बेनिफिट्स देता है. लेकिन सर्दियों में गुड़ को 5 तरीकों से खाने से इसके फायदे दोगुने हो जाते हैं. इस आर्टिकल में हम आपको उन्हीं के बारे में बताने जा रहे हैं.**

सर्दियों का मौसम आते ही हमारी सेहत का खास ध्यान रखना जरूरी हो जाता है. ठंड में बॉडी को गर्म रखने और एनर्जी देने के लिए गुड़ को बेहद फायदेमंद माना जाता है. ये सर्दियों से जुड़ी कई समस्याओं से बचाने में भी मदद करता है. आयुर्वेद में गुड़ का विशेष महत्व है, क्योंकि ये एक प्राकृतिक मिठास के साथ-साथ पोषण का खजाना है. इसमें आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं.

गुड़ खाने से इम्यूनिटी बढ़ती है, पाचन में सुधार और त्वचा को निखारने में भी मदद मिलती है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि गुड़ को कई अलग-अलग तरीकों से खाकर इसके फायदों को दोगुना किया जा सकता है? आइए जानते हैं गुड़ को खाने के 5 अलग-अलग और आसान तरीके.

दोगुना फायदे के लिए इन 5 तरीकों से खाएं गुड़

1. गुड़ और तिल के लड्डू

सर्दियों में गुड़ और तिल के लड्डू बेहद फायदेमंद होते हैं. तिल शरीर को गर्म रखने में मदद करता है और जब इसे गुड़ के साथ मिलाया जाता है, तो ये सेहत के लिए एक परफेक्ट कॉम्बिनेशन बन जाता है. ये लड्डू सर्दियों में आपकी एनर्जी को बढ़ाने और हड्डियों को मजबूत करने में सहायक है. तिल के लड्डू बनाने के लिए आप बस तिल को भून लें और इसमें गुड़ मिलाकर छोटे-छोटे लड्डू बना लें. इन्हें रोजाना नाश्ते में खाएं.

2. गुड़ का शरबत

वैसे सर्दियों में ठंडा शरबत पीना आम नहीं है, लेकिन गर्म पानी के साथ गुड़ का शरबत आपकी इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करता है. ये शरीर को डिटॉक्स करता है और खून साफ करने में भी सहायक होता है. इसे बनाने के लिए आपको बस गर्म पानी में गुड़ को घोल लेंना है और इसमें थोड़ा नींबू का रस मिलाकर इसे सुबह खाली पेट पीना है. ये काफी फायदेमंद होता है.

3. गुड़ और मूंगफली की चिक्की

गुड़ और मूंगफली की चिक्की एक पॉपुलर सर्दियों का स्नैक है. मूंगफली में प्रोटीन होता है और गुड़ के साथ इसका कॉम्बिनेशन टेस्टी और पौष्टिक होता है. ये न केवल शरीर को गर्म रखता है, बल्कि लंबे समय तक एनर्जी भी बनाए रखता है. इसे बनाने के लिए भुनी हुई मूंगफली को पिघले हुए गुड़ में मिलाएं और इसे सेट होने दें. ठंडा होने पर इसे टुकड़ों में काट लें.

4. दूध के साथ गुड़

गुड़ को गर्म दूध के साथ मिलाकर पीना सर्दियों में शरीर को अंदर से गर्म रखने का सबसे आसान तरीका है. ये पाचन को बेहतर बनाता है और नींद ना आने जैसी समस्या को दूर करने में मदद करता है. आपको बस गर्म दूध में गुड़ डालकर इसे सोने से पहले पीना है. ये आपके शरीर को आराम देगा और नींद को बेहतर बनाएगा.

5. रोटी के साथ गुड़

गुड़ और घी के साथ रोटी का कॉम्बिनेशन सर्दियों में बेहद फायदेमंद होता है. ये न सिर्फ टेस्ट में बढ़िया होता है, बल्कि शरीर को एनर्जी और पोषण भी प्रदान करता है. इसे आप रोटी पर थोड़ा सा घी लगाकर खाएं सकते हैं. इसे आप अपने खाने के साथ या नाश्ते में शामिल कर सकते हैं.

गुड़ खाने के फायदे

इम्यूनिटी बढ़ाए- गुड़ में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स और मिनरल्स शरीर की डिजीज रेसिस्टेंस को मजबूत बनाते हैं. ये आपकी इम्यूनिटी को भी बढ़ाता है.

# केजरीवाल का राजनीतिक भविष्य तय करेंगे 8 फरवरी के चुनाव परिणाम



चुनाव आयोग ने पुरुष उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को महिलाओं के बारे में बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान देने की चेतावनी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने यह बात कही, %शेरो-शायरी% के शुरुआती दौर के बाद उनका चेहरा सख्त था, कि अगर यह मतदाताओं को लुभाती है, तो यह 5 फरवरी को ही पता चलेगा।

दिल्ली में विधान सभा के चुनाव 5 फरवरी को होंगे। 8 फरवरी को नतीजे घोषित किये जायेंगे। भाजपा ने घोषणा के कुछ ही मिनटों के भीतर एक पोस्टर जारी किया कि फरवरी के मध्य तक दिल्ली में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। लेकिन आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के दावे से भाजपा को झटका लगा, जिन्होंने चुनाव आयोग द्वारा तारीखों की घोषणा से पहले ही दावा किया कि दिल्ली के मतदाता अरविंद केजरीवाल को चौथी बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट देंगे, इसिलए कोई चिंता की बात नहीं।

प्रियंका कक्कड़ के लिए अच्छी बात यह है कि रमेश बिधूड़ी उन्हें बुरा-भला नहीं कहेंगे। चुनाव आयोग ने चेतावनी दी है कि महिला उम्मीदवारों और आम तौर पर महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वालों को जवाबदेह ठहराया जायेगा और उन्हें जेल में डाला जायेगा। इस दुनिया के बिधूड़ियों के खिलाफ मामले दर्ज किये जायेंगे। हां, जिसे वे %जीरो टॉलरेंस% कहते हैं। निश्चित रूप से, बिधूड़ी जैसे स्त्री-द्वेषी लोग अपनी नाक को डिब्बे में बंद करके रखेंगे। बिधूड़ी को बस कुछ दिनों के लिए लिंचिंग से बचाया गया। अन्यथा, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और कांग्रेस की वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा बिधूड़ी की सजा का जश्न मना रही होतीं।

चुनाव आयोग ने पुरुष उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को महिलाओं के बारे में बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान देने की चेतावनी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने यह बात कही, %शेरो-शायरी% के शुरुआती दौर के बाद उनका चेहरा सख्त था, कि अगर यह मतदाताओं को लुभाती है, तो यह 5 फरवरी को ही पता चलेगा। दिल्ली में कुल मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 55 लाख है, जिसमें पुरुष मतदाता 83.89 लाख और महिला मतदाता लगभग 71.74 लाख हैं। पिछले चुनाव से 1.70 लाख मतदाताओं की वृद्धि हुई है। लेकिन शिकायतें हैं, वास्तव में आरोप हैं, कि मतदाता सूची में 5 लाख नये मतदाता जोड़े गये हैं। अगर यह सच है, तो यह एक बड़ी गड़बड़ी है और अगर भाजपा जीतती है, तो मोदी और शाह को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

आप और आप के %राजनीतिक विश्लेषकों की वफ़ादार टीम% इन अनुमानों का स्रोत हैं। एक बात तो तय है, अगर जो कहा गया है वह सत्य है तो ईवीएम को मतदाता सूची में धोखाधड़ी से कड़ी टक्कर मिलेगी, अगर अरविंद केजरीवाल हार जाते हैं, जो कि दूर की कौड़ी नहीं है। दिल्ली की धूल खाने लायक नहीं है।

मजेदार सवाल यह है कि क्या रमेश बिधूड़ी भाजपा के मुख्यमंत्री बनेंगे? दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को हराना ही काफी होगा। बिधूड़ी हमेशा दावा कर सकते हैं कि उन्होंने अपने पिता को कभी नहीं बदला! लेकिन बिधूड़ी के पास कोई मौका नहीं है। वे पूरी तरह से बीमार हैं। रमेश बिधूड़ी ऐसे व्यक्ति हैं जो अपनी पत्नी को कभी सवाल पूछने या जवाब देने नहीं देंगे। चुनाव आयोग को रमेश बिधूड़ी को नाम लेकर चेतावनी देनी चाहिए थी, और स्पष्ट शब्दों में कहना चाहिए था कि बिधूड़ी जैसे लोगों को चुनावी मैदान से बाहर कर दिया जायेगा।इसे %बिधूड़ी प्रभाव% कहिए। मीडिया को चर्चा का विषय मिल गया है। शाम को बिधूड़ी प्रभाव पर बहस होगी! भाषा और शिष्टाचार के मामले में बहुत पीछे रहने के कारण प्रधानमंत्री को खुद ही फटकार खानी चाहिए थी, लेकिन प्रधानमंत्री ऐसे मुद्दों पर अपनी सांसें बरबाद नहीं करते। प्रधानमंत्री के पास करने के लिए और भी बेहतर काम हैं, जैसे झुग्गी-झोपड़ी निवासियों को मुफ्त फ्लैट देना।

आवास एक बड़ा मुद्दा है, न केवल भारत और दिल्ली में, बल्कि केनेडा में भी, जब जस्टिन ट्रूडो को अपने अहंकार से ऊपर उठकर प्रधानमंत्री पद से हटना पड़ा क्योंकि वे मतदाता सूची में शामिल सभी केनाडाई लोगों को आवास नहीं दे पाये। नरेन्द्र मोदी अगर केनेडा के प्रधानमंत्री होते तो दो कार्यकाल पूरे कर लेते।यह एक अनुमान है, लेकिन अगर भाजपा को लगता है कि मुफ्त फ्लैट बांटने से दिल्ली पर राज हो जायेगा, तो दोबारा सोचें। मुफ्त चीजें जांच के दायरे में हैं और मुफ्त चीजें %विकसित भारत% के सपने के साथ मेल नहीं खातीं। यह सोचना कि मोदी को %महामानव% कहा जा रहा है और उनके पास दिखाने के लिए सिर्फ़ झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को मुफ़्त में फ्लैट बांटे जा रहे हैं। झुग्गी-झोपड़ियों को खत्म होने में समय लग रहा है; झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों का एक समूह मुफ़्त में फ्लैट पा रहा है, दूसरा समूह झुग्गियों में उनकी जगह ले रहा है।

यह कभी खत्म नहीं होता, चाहे मुफ़्त फ्लैट हो या पांच किलो आटा, दाल और चावल। मोदी का %विकसित भारत% का रास्ता दुनिया भर में सही और समय-परीक्षणित तरीके से लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के ज़रिए नहीं है। मोदी के टीवी चैनलों पर इस पर बहस होनी चाहिए, लेकिन दिल्ली में किस पत्रकार में हिम्मत है कि वह मोदी से उनके गरीबी-उन्मूलन के फॉर्मूले के बारे में पूछे?

अधिकांश शाम को, यह झूठ बोलने का समय होता है, जिसे प्राइमटाइम भी कहा जाता है, वह घंटा या दो घंटा जिसे कुछ टीवी चैनल न्यूज़-आवर भी कहते हैं, जो एंकरों के बीच समय को संतुलित करता है ताकि कंटेंट की तुलना में कई तरह के चेहरे पेश किये जा सकें। फिर बड़े-बड़े झूठे लोग इन बहसों में हिस्सा लेते हैं; झूठ बोलने वाले और धोखेबाज़, जो दर्शकों के सामने ईमानदार और सच्चे लगने में माहिर हैं, भले ही वे खुलेआम झूठ बोल रहे हों।

यह सबके साथ ऐसा ही है। रिपब्लिक चलाने वाले और उसके मालिक से लेकर आज और कल यहां रहने वाले साथी तक। रिपब्लिक के साथी ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से बात करने का दावा किया है, ऐसा करने वाले वे एकमात्र पत्रकार हैं। फिर जब मनमोहन सिंह इस दुनिया से चले गये, तो उन्होंने इस मृदुभाषी सिख बुद्धिजीवी की खिंचाई की। एक ही कहानी को बार-बार दोहराते हुए, मनमोहन की बोलती बंद हो गयी !बाकी लोग भी इससे बेहतर नहीं हैं। उनके बीच एक बात समान है, वह है एक और केवल एक के प्रति उनकी निष्ठा! जो सीधे मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री बन गये! आपने अनुमान लगाया, मीडिया द्वारा झूठ बोलने, झांसा देने और दर्शक और पाठक को धोखा देने का एक कारण यह आदमी भी है।

अब यह अरविंद केजरीवाल पर निर्भर है। आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ जिन्होंने अगले दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम के साथ भाजपा और कांग्रेस दोनों को मात दे दी। तो, क्या हुआ अगर वह उनके बॉस अरविंद केजरीवाल हुए? कक्कड़ टीवी डिबेट में नियमित रूप से आती हैं और वह आज शाम और कल भी वहां होंगी, झूठ बोलने वालों और झांसा देने वालों पर शोर मचायेंगी, जिनमें से कुछ को दर्शकों को एलिस वंडरलैंड की सैर कराने के लिए पैसे भी मिलते हैं।इडियट बॉक्स में कक्कड़ कभी भी भाजपा पर निशाना साधने से पीछे नहीं हटतीं; इन दिनों कांग्रेस पर भी, और उन्होंने कहा कि उन्हें निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर की उम्मीद है। ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग ने उनकी बात सुनी और कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए समान अवसर होगा। आशा करते हैं कि चुनाव आयोग प्रियंका कक्कड़ को %शर्म नहीं आती% कहने का कारण न दे, जो कि किये गये वायदों और पूरे न किए जाने पर उनकी सामान्य प्रतिक्रिया है। प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ कल्पना के लिए कुछ भी नहीं छोड़ती हैं।अन्य दलों के प्रवक्ताओं के खिलाफ खड़े होकर, आप की प्रियंका कक्कड़ अपनी अलग पहचान रखती हैं और अक्सर सवालों के जवाब देते समय अलग-अलग बातों पर चली जाती हैं। प्रियंका का काम सत्तारूढ़ पार्टी की आलोचना करना है और वह न्यूज़ ऑवर में रोज़ाना ऐसा करती हैं। आश्चर्य की बात यह है कि प्रियंका कक्कड़ ने %निष्पक्ष चुनाव में विश्वास% व्यक्त किया।

केजरीवाल के फिर से चुने जाने और उनके चौथे कार्यकाल के बारे में उनकी भविष्यवाणी तब तक सच नहीं हो सकती जब तक कि वह सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन पर लगायी गयी जमानत शर्तों का पालन करते हैं, लेकिन कक्कड़ इस मामले में अपनी बात कहने से इनकार नहीं करना चाहती थीं। 2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 70 में से 62 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा को आठ सीटें मिली थीं। क्या 8 फरवरी कोई अलग कहानी बतायेगी।

संपादकीय

## दिल्ली चुनाव 'इंडिया' के लिये महत्वपूर्ण

मंगलवार को निर्वाचन आयोग ने दिल्ली विधानसभा के चुनावी कार्यक्रम की जो तारीखें घोषित की हैं, उसके अनुसार इसकी सभी 70 सीटों के लिये 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 को नतीजे आएंगे। सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी को अपनी सरकार बचाने की चुनौती तो है, यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी से कहीं अधिक विपक्षी गठबन्धन इंडिया के लिहाज से महत्वपूर्ण है।देश की राजधानी में यह विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय राजनीति को भी प्रभावित करेगा। पिछले दोनों या यूं कहें कि तीनों चुनावों में जिस तरह से आप ने सफलताएं अर्जित की थीं और उसकी ताकत में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई, उसके चलते कई संकटों के बावजूद आप मजबूती से चुनाव की धुरी बनी हुई है। वह भाजपा के साथ कांग्रेस को भी एक समान चुनौतियां पेश कर रही है। भाजपा के पास खोने को यहां बहुत कुछ नहीं है लेकिन असली दुविधा कांग्रेस के सामने है जिसे यहां अपना खाता तो खोलना ही है, भविष्य में इंडिया के इस महत्वपूर्ण घटक के साथ सम्बन्धों को बनाये रखने की भी चुनौती है जिसका वह नेतृत्व करती है। लोकसभा चुनाव चाहे खत्म हो गया हो परन्तु एक शक्तिशाली प्रतिपक्षी गठबन्धन जो ठोस स्वरूप ले चुका है वह कैसे बरकरार रहे- यह चिंता भी कांग्रेस को करनी है।जन लोकपाल आंदोलन की कोख से जन्मी आप ने अपने पहले ही चुनाव में बड़ी कामयाबी हासिल की थी। उसे 28 सीटें मिली थीं तथा कांग्रेस के सहयोग से अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री तो बने थे परन्तु पर्याप्त बहुमत के अभाव में वे लोकपाल बिल पास नहीं करा पाये थे जिसका उन्होंने वादा किया था। 49 दिन की सरकार चलाने के बाद केजरीवाल ने फरवरी 2014 में इस्तीफा दे दिया था। उसके अगले साल हुए चुनाव में पार्टी को 70 में 67 सीटें मिली थीं। 2020 में भी उसे जबर्दस्त कामयाबी मिली थी, बावजूद इसके कि इस बार उसकी विधायक संख्या 62 रही। यह अवधि उसके लिये बड़े संकटों की रही क्योंकि इसी दौरान भाजपा के %ऑपरेशन लोटस% के रडार पर वह सतत रही। कथित शराब घोटाले के आरोप में उसके एक मंत्री सत्येन्द्र जैन, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और खुद केजरीवाल गिरफ्तार होकर लम्बे समय तक जेलों में रहे। दिल्ली के उप राज्यपाल ने राज्य के काम-काज में केन्द्र सरकार के इशारे पर कदम-कदम पर अवरोध पैदा किये। उसकी शक्ति घटा दी गयी। सीमित शक्तियों व संसाधनों के बावजूद आप ने जो काम किये उसके चलते निम्न वर्ग अब भी उसका वोट बैंक बना हुआ है जिसके बल पर आप अगली बार फिर से सरकार बनाने का भरोसा रखती है।आप के जो भी नेता जेलों में थे, वे बेशक जमानत पाकर बाहर आ गये हों परन्तु भाजपा ने चुनाव प्रचार के लिये भ्रष्टाचार को अपना प्रमुख हथियार बनाया हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए पार्टी का नाम तोड़-मरोड़कर %आप-दा% कहने का जुमला गढ़ा और पार्टी को बेहद भ्रष्टाचारी दल बताया। हालांकि उन्हें पता है कि भाजपा जिस दल का मुकाबला कर रही है उसका मुख्य मुद्दा विकास है, जिसमें शिक्षा, पानी, बिजली, सड़क आदि की प्रमुखता है। इसलिये मोदी यह भी कह रहे हैं कि भाजपा की सरकार बनी तो दिल्ली विश्वस्तरीय राजधानी बनेगी। दूसरी ओर आप ने विकास को मुद्दा बनाये रखा है।पिछले और इस चुनाव के बीच अनेक घटनाक्रम हुए हैं, जिनका सम्बन्ध आप से है। पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करने के उद्देश्य से आप ने दशक भर में अनेक राज्यों के विधानसभा चुनावों में अपने प्रत्याशी खड़े किये जिसके कारण भाजपा को कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के उम्मीदवारों को हराने में मदद मिली। इसलिये उस पर %भाजपा की बी-टीम% होने का ठप्पा लगा। उसने इस ठप्पे को मिटाने की कोशिश तो नहीं की लेकिन जब भाजपा ने उनके नेताओं को जेल भेजना शुरू किया तो वह दबाव में आई और लोकसभा चुनाव के पहले वह इंडिया गठबन्धन का एक घटक बन गया, बावजूद इसके कि वह राज्यों में कांग्रेस से अलग होकर ही लड़ता रहा। पंजाब में उसे सफलता भी मिली। वह विपक्षी दलों में कांग्रेस के अलावा अकेली ऐसी पार्टी है जिसकी दो राज्यों में सरकारें हैं। कई राज्यों में कम या ज्यादा संख्या में उसके सदस्य विधानसभाओं में निर्वाचित होकर बैठे हैं। फिर, इस चुनाव में भी उसकी स्थिति इसलिये मजबूत मानी जा रही है क्योंकि पिछले दो चुनावों में मिली बड़ी जीतों का फायदा संभवत- उसे मिले, लेकिन एंटी इनकम्बेंसी को नजरंदाज नहीं किया जा सकता।

# हुआ है शह का मुसाहिब फिरे है इतराता

गालिब की तरह राम भी खासे परेशान हैं कि उनके नाम पर हर तरह के अधर्म का डंका बजाया जा रहा है। जिन राम ने मर्यादा के उच्च मापदंड स्थापित किए, उनकी कथा कहने-सुनाने के नाम पर तमाम तरह के अमर्यादित बयान कुमार विश्वास दे रहे हैं और राम को लाने का दावा करने वाले मोदी राज की जनता ऐसी कि अपने देश की महिलाओं पर हो रही ओछी टिप्पणियों पर हंस-हंस तक ताली बजा रही है। कलयुग आने पर हंस के दाना चुगने और कौवे के मोती खाने पर भी अब उतना खौफ़ नहीं होता, जितना डर ये देखकर लगता है कि धर्म और संस्कृति के अवैध ठेकेदारों ने समाज को कितना निर्लज्ज बना दिया है।

गालिब परेशान हैं, जिंदगी भर तंगहाल रहे, लेकिन शायरी के दम पर जो रुतबा कायम किया वो डेढ़ सौ साल बाद भी कायम ही है, अलबत्ता अब राजीव कु मार नाम के एक उभरते शायर उन्हें चुनौती देने की फिराक में नजर आते हैं। अपने समकालीन शायर शेख़ इब्राहीम ज़ौक़ से भी गालिब की शायराना होड़ा होड़ी चलती थी, जिसमें गालिब कहते हैं-

हुआ है शह का मुसाहिब फिरे है इतराता।
वगरना शहर में %ग़ालिब% की आबरू क्या है।।

हालांकि ज़ौक और गालिब दोनों ही ये मानते थे कि मीर उनसे महान शायर थे। गालिब ने मीर के लिए भी लिखा है कि-

रेख्ते के तुम्हीं उस्ताद नहीं हो %ग़ालिब%।
कहते हैं अगले ज़माने में कोई %मीर% भी था।।

लेकिन इन नए उभरते शायर महाशय को अगले-पिछले किसी जमाने की परवाह नहीं है। यहां तक कि उन्हें अपनी शायरी पर इतना गुमान है कि वे रदीफ और काफिया की परवाह भी नहीं करते। इसलिए भरी महफिल में बेखौफ़, बिना फरमाइश के, वे शायरी सुना देते हैं। आप उनसे सवाल कीजिए, वो बदले में आपको शायरी सुना देंगे। सवाल गुम, जवाब नदारद, और शायरी पर बिन मांगी वाह-वाह, इससे अधिक शह और उनके मुसाहिब को और क्या चाहिए। लोकतंत्र, निष्पक्ष चुनाव, बेईमानी, आचार संहिता का पालन, ऐसे सारे सवालों को हाशिए पर डालने का इससे बेहतरीन नुस्खा हो ही नहीं सकता। गालिब को टक्कर देने का दुस्साहस करने वाले शायर की पंक्तियों पर मुलाहिज़ा फरमाएं-

सब सवाल अहमियत रखते हैं जवाब तो बनता है।
आदतन कलमबंद जवाब देते रहे,
आज तो रू-ब-रू भी बनता है
क्या पता हम कल हो न हो, आज जवाब तो बनता है।।

कुछ और पंक्तियां देखिए-


कर न सके इकरार तो कोई बात नहीं,
मेरी वफा का उनको ऐतबार तो है।
शिकायत भले ही उनकी मजबूरी हो,
मगर सुनना, सहना और सुलझाना हमारी आदत है।।

इन बेतुकी पंक्तियों को किस कोण से शायरी कहा जा सकता है, इस सवाल का जवाब तो उर्दू के जानकार ही देंगे, लेकिन देश के मीडिया को जी-हुजूरी की इतनी आदत पड़ गई है कि इन पंक्तियों पर दाद देने का सिलसिला चल रहा है। लिखा जा रहा है कि राजीव कुमार की मीडिया से बातचीत को उनकी शायरी का यह अंदाज खास बनाता है। खैर, पसंद अपनी-अपनी खयाल अपना-अपना। हालांकि राजीव कुमार की ऐसी पंक्तियों पर मिली दाद से फिर गालिब ही याद आते हैं, जिन्होंने लिखा-

थी ख़बर गर्म कि %ग़ालिब% के उड़ेंगे पुर्ज़े।
देखने हम भी गए थे प तमाशा न हुआ।।

गालिब इसीलिए परेशान हैं, क्योंकि तब जो तमाशा नहीं हुआ, अब वो सरेआम हो रहा है। अब गालिब के पुर्ज़े उड़ रहे हैं, उड़ाए जा रहे हैं और महफिलें लूटने का दावा भी हो रहा है। कुछ दिनों पहले गायक दिलजीत दोसांझ प्रधानमंत्री मोदी से मिलने गए थे और वहां उन्होंने चंद पंक्तियां गाई थीं, जब वे गा रहे थे तो मोदीजी बगल में रखी मेज को तबला बनाकर संगत करने की कोशिश में दिखे। सुर और ताल का कोई मेल नहीं बना, लेकिन मीडिया ने वाह मोदीजी वाह जैसी दाद दी थी, हालांकि दिलजीत शायद हैरान हो रहे होंगे कि जैसी संगत उन्हें अपने किसी कार्यक्रम में, किसी मंच पर नहीं मिली, वो मोदीजी ने कैसे मुमकिन कर दिखाई।

राहुल गांधी ने मोदीजी को बिल्कुल सही पहचाना है, उन्होंने एक बार कहा था कि वे भगवान को भी समझा सकते हैं कि उन्हें दुनिया कैसी चलानी है। दिलजीत दोसांझ के साथ बे ताल हो रहे मोदीजी को देखकर यही बात याद आई। वैसे दिलजीत दोसांझ जिस तरह काले कपड़ों में, काले आवरण में लिपटे गुलदस्ते को लेकर मोदीजी से मिलने गए थे, उसका जवाब मोदीजी इसी तरह दे सकते थे कि तुमने किसानों की बात की, अब तुम मेरा तबला वादन सुनो। दिलजीत को जवाब देने के बाद अब मोदीजी को फटाफट अपनी



कविता की नयी किताब भी प्रकाशित करवा लेनी चाहिए, क्योंकि कौन जानता है कि उनके बचाव में शायरी सुनाते-सुनाते राजीव कुमार महाशायर का दर्जा हासिल कर लें और श्रीमान मोदी की महाकवि वाली छवि को चुनौती पेश हो जाए।

प्रसून जोशी को तो भरपूर मौका मोदीजी ने दिया, अब उन्हें एक मौका कुमार विश्वास को भी देना चाहिए। कितने दिनों से नज़र में आने की कोशिश कर रहे हैं और घटियापन की नयी-नयी मिसालें पेश कर रहे हैं। मोदीजी का एकाध साक्षात्कार कुमार विश्वास को मिल जाए, तो शायद उनका जीवन सफल हो जाए, मोदीजी के कवित्व को नया मुकाम मिल जाए और शायद राम को भी थोड़ी राहत मिले।


गालिब की तरह राम भी खासे परेशान हैं कि उनके नाम पर हर तरह के अधर्म का डंका बजाया जा रहा है। जिन राम ने मर्यादा के उच्च मापदंड स्थापित किए, उनकी कथा कहने-सुनाने के नाम पर तमाम तरह के अमर्यादित बयान कुमार विश्वास दे रहे हैं और राम को लाने का दावा करने वाले मोदी राज की जनता ऐसी कि अपने देश की महिलाओं पर हो रही ओछी टिप्पणियों पर हंस-हंस तक ताली बजा रही है। कलयुग आने पर हंस के दाना चुगने और कौवे के मोती खाने पर भी अब उतना खौफ़ नहीं होता, जितना डर ये देखकर लगता है कि धर्म और संस्कृति के अवैध ठेकेदारों ने समाज को कितना निर्लज्ज बना दिया है। इस निर्लज्जता को कोई आईना दिखाए तो उस पर एफआईआर हो जाती है। अभी साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता, गोवा के लेखक दत्ता दामोदर नाइक पर आरोप लगा कि उन्होंने एक साक्षात्कार में मंदिर के पुजारियों को %लुटेरा% कहा था, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। उन पर एफआईआर दर्ज हुई, हालांकि श्री नाइक ने कहा कि वे कट्टर नास्तिक हैं और ऐसी एफआईआर से डरते नहीं हैं। परसाई जी होते तो उन पर भी ऐसी ही कार्रवाइयां शायद होती। परसाई जी ने लिखा था कि -मंदिर लूटने का मुहकमा मुसलमान राजाओं के यहां नहीं था। हिन्दू राजाओं के शासन में बाकायदा मंदिर लूटने का मुहकमा था। यह रिकॉर्ड है। मंदिर धर्म के कारण नहीं, धन के कारण लूटे जाते थे। सबसे ज्यादा मंदिर राजा हर्ष ने लूटे। परसाई जी ने मोदी शासन नहीं देखा, लेकिन कई दशक पहले उन्होंने लिखा था कि - देश एक कतार में बदल गया है। चलती-फिरती कतार है- कभी चावल की दुकान पर खड़ी होती है, फिर सरक कर शक्कर की दुकान पर चली जाती है। आधी जिन्दगी कतार में खड़े-खड़े बीत रही है।

हालांकि यहां थोड़ा सुधार करना पड़ता कि आधी नहीं पूरी जिन्दगी कतार में बीते, यही मोदी सरकार की कोशिश है। नोटबंदी से शुरु हुआ सिलसिला अब पांच किलो राशन लेने तक बना हुआ है और प्रधानमंत्री शीशमहल बनाम राजमहल का मुद्दा खड़ा करके घर-घर का खेल कर रहे हैं। इस बीच उनके घर (गृह) मंत्री यह देख रहे हैं कि जनता का ध्यान इधर-उधर भटकता रहे। इसलिए कभी एक योजना, कभी दूसरी योजना लाई जा रही है।

मंगलवार को भारत पोल पोर्टल लॉन्च हुआ है, जो विदेशों में छिपे भारत के अपराधियों की खोज का काम करेगी। ये काम पहले भी होता था, अब इंटर पोल की तर्ज पर भारत पोल बनाकर इसे तेज किया जाएगा। भारत पोल मेहुल चौकसी, नीरव मोदी जैसों को भी ढूंढ लेगा क्या, ये सवाल अब पूछे जा रहे हैं। वैसे भारत के साथ पोल की जगह खोज का शब्द युग्म होता तो बेहतर लगता। लेकिन भारत खोज बनाने से लोगों को भारत एक खोज की याद आ जाती और फिर नेहरू भी याद आते। वैसे भी नेहरू को भुलाने की सारी कोशिशें नाकाम ही हो रही हैं, ऊपर से भारत खोज हो जाता तो और मुश्किल हो जाती। इसलिए पोल ही ठीक है, कम से कम पोल खुलने से बची रहेगी। बाकी गालिब से लेकर परसाई तक सब परेशान हैं, मगर नेहरू मुस्कुरा रहे हैं। मोदी भारत खोज तक नहीं पहुंच पाए हैं।


# सिंगल लड़कियां!

अकसर हम रास्ते में, किसी रेस्टोरेंट या मॉल में कपल्स को हाथों में हाथ डाले घूमते हुए देखते हुए हैं। आजकल कपल्स का इस तरह घूमना बेहद आम है। लेकिन कुछ इस तरह के लोग भी होते हैं, जिन्हें इनका घूमना बिल्कुल भी पसंद नहीं आता। खासतौर पर सिंगल लड़कियों को। जी हां, ऐसे कपल्स को देखकर सिंगल लड़कियों के मन में बहुत सी ऐसी बातें आती हैं, जिनके बारे में अगर हम आपको बताएंगे, तो आईए जानते हैं कपल्स को देखकर क्या सोचती हैं सिंगल लड़कियां...



- काश! मुझे भी कोई ऐसा प्यार करने वाला मिल जाएं, जो मेरी जिंदगी में प्यार की कमी को पूरा कर दे।
- लड़की कुछ खास नहीं है। फिर भी इसे इतना हैंडसम लड़का मिल गया। अगर इसे ऐसा लड़का मिल सकता है, तो मैं क्या कम सुंदर हूं।
- सरेआम हाथों में हाथ डालकर घूम रहे हैं। शर्म ही नहीं है आजकल तो लोगों को।
- दिखावा है सब, कोई न करने वाले ये एक-दूसरे से शादी।
- जब प्रॉब्लमस आती हैं, तो प्यार खिड़की के रास्ते बाहर निकल जाता है।
- देखो कैसे बैठे हैं, मेरा बस चले तो अभी इनके पैरेंट्स को बुलाऊं, 2 थप्पड़ पड़ेंगे तो अकल ठिकानें आ जाएगी।
- यार कितना क्यूट कपल है। भगवान ने फ्री टाइम में बनाया है दोनों को।

## ज्वैलरी



# ईयरिंग्स डिजाइन्स जो एथनीक लुक को करें पूरा

इन दिनों शादियों का सीजन जोरो-शोरो पर चल रहा है। ऐसे मौके पर महिलाओं को हमेशा टेंशन लगी रहती है कि शादी में क्या पहन कर जाएं और क्या नहीं। अगर आउटफिट्स की सलेक्शन हो जाती है तो अक्सर मैचिंग ज्वैलरी को लेकर चिंता बनी रहती है। वैसे तो ज्वैलरी का ट्रैंड आए दिन बदलता रहता है लेकिन लड़कियां हैवी ज्वैलरी पहने से ज्यादा केवल ईयरिंग्स पहनना पसंद करती है, जो उनके ट्रैडीशनल लुक को कम्पलीट करते है। आज मार्कीट में आपको ईयरिंग्स की कई वैरायटी मिल जाएगी। आज हम आपको ईयरिंग्स के कुछ डिजाइन्स बताएंगे, जो इन दिनों ट्रैंड में तो है साथ ही आपकी हर आउटफिट्स के साथ परफैक्ट भी लगेगें।

**ओवरसाइज्ड चांदबाली:** इन दिनों ओवरसाइज्ड चांदबाली काफी ट्रैंड में है। बॉलीवुड डीवा भी इन्होंने इन दिनों काफी पसंद कर रही है। आप इन्हें अपने सिंपल आउटफिट के साथ भी ट्राई, जो काफी स्टाइलिश लुक देंगे।

- **टैसल्स ईयरिंग्स**
अगर आप अपने लुक साथ नया एक्सपेरिमेंट करना चाहती है तो इस बार टैसल्स ईयरिंग्स ट्राई करें। इन्हें आप वैस्टर्न और एथनीक हर लुक के साथ पहन सकती है जो आपको ट्रैंडी लुक देंगे।
- **ऑक्सीडाइज चेन डस्टर ईयरिंग्स**
अगर आप किसी शादी या फंक्शन में साड़ी पहनने वाली है तो उसके साथ ऑक्सीडाइज चेन डस्टर ट्राई करें। यह आपको मॉडर्न टच देंगे।
- **कुंदन पर्ल ईयरिंग्स**
कुंदन ईयरिंग्स का ट्रैंड हमेशा ही बना रहता है। अगर आप एथनीक वेयर के साथ कुंदन ईयरिंग्स ट्राई करें तो काफी अच्छा है।

**पर्ल और स्टोन्स ईयररिंग्स:** शादियों में अधिकतर महिलाएं ट्रेडिशनल आउटफिट पहनना ही पसंद करती है। अगर आप ट्रैडीशनल लुक के साथ चांदबाली ट्राई नहीं करना चाहती है तो पर्ल और स्टोन्स ईयररिंग्स ट्राई करें।




# ऐसे सेलेक्ट करें अपना ड्रीम लहंगा



शादी के लंहगे साथ लड़की की यादें जुड़ी होती है। जब कभी उस लहंगे को दोबारा पहनने की सोचती है तो उसको अपनी शादी का दिन याद आ जाता है। इसलिए लहंगे को खरीदते समय अपनी हाइट, फिगर और अपने त्वचा के रंग को ध्यान में रखना चाहिए। इसलिए पतली और लंबी लड़कियों को घेरे वाला लहंगा पहनना चाहिए। । क्योंकि घेर वाला लहंगा लंबाई और फिगर के अनुसार आपके लुक को बैलेंस करने का काम करता है। वैसे आप चाहे तो बड़े प्रिंट और बड़े पैच वर्क वाले लहंगे भी पसंद कर सकती हैं। ये आपके फिगर को और अच्छा लुक देगा। आज हम आपको आपकी बॉडी टाइप के अनुसार आपके ड्रीम लहंगो का चयन करने के तरीकों के बारे के जानकारी देने जा रहे हैं।



शादी का दिन हर लड़की की जिंदगी में बेहद खास होने के कारण अपनी शादी को लेकर लड़किया बहुत एक्साइटेड होती है। जिस दिन सभी की निगाहें सिर्फ उसी पर टिकी होती है। ऐसे में लड़कियां अपनी जिंदगी के इस दिन में खूबसूरती लगने के लिए हर चीज अच्छी लेना चाहती है। इसके लिए वह सबसे ज्यादा ध्यान अपने लहंगे को खरीदने पर देती है। शादी के लंहगे साथ लड़की की यादें जुड़ी होती है। अगर आप भी किसी की शादी में जाने की तैयारी कर रही हैं, या आप खुद दुल्हन बनने वाली है। लेकिन अभी तक आपने शादी में पहनने के लिए अपना ड्रीम लहंगा नहीं लिया या फिर आपका ड्रीम लहंगा आपके बजट के बाहर का ही मिल रहा है,तो ऐसे में आप परेशान न हो, आप की इस उलझन का समाधान हम लेकर आएं है।

## नॉर्मल हाइट और कर्वी फिगर

अगर आप नॉर्मल हाइट है और कर्वी फिगर की लड़की है। तो आपको घेरदार लहंगे की बजाय स्ट्रेट या फिश कट लहंगे को चुन सकती है। घेरदार लहंग पहनने से बचना चाहिए क्योंकि इससे आपकी हाइट और कम लगने लगती है। साथ ही आपको लहंगे पर हुए वर्क पर भी ध्यान देना चाहिए। वर्क बारीक और पैच वर्क छोटे होने चाहिए।

## लहंगे का फैब्रिक और बॉर्डर

आप सिर्फ डिजाइन और वर्क देखकर ही लहंगा न लें। आपको वर्क के साथ उसके फेब्रिक पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपकी हाइट नॉर्मल से ज्यादा है। तो लहंगें को अच्छा घेरा देने वाले नेट फेब्रिक को चुनें। लेकिन आपकी हाइट नॉर्मल या उससे कम है तो जॉर्जट या क्रेप बेस जैसे फेब्रिक को चुनें । जो लहंगे को लटकन दें। साथ ही बॉर्डर का भी ध्यान रखें अगर आपकी हाइट नॉर्मल या इससे कम है तो आपको चौड़े बॉर्डर वाले लहंगे खरीदने से बचना चाहिए। क्योंकि इस तरह का पैटर्न आपको और छोटा दिखाएगा। इसलिए आप बारीक बॉर्डर वर्क वाले या बिना बॉर्डर वाले लहंगे अच्छे लगेंगे। वहीं हाइट नॉर्मल से ज्यादा है तो आप चौड़े बार्डर वाला लहंगा चुन सकती हैं।

## लहंगे का वजन



यह तो सभी लड़कियों को पता होता है कि शादी की प्रक्रिया में बहुत समय लगता है। इसलिए लहंगे को खरीदते समय सिर्फ खूबसूरती या वर्क देखकर लहंगा ना खरीदें, वजन को भी ध्यान में रखना चाहिए। इसलिए लहंगे को खरीदने से पहले ट्राई करके जरूर देखें। इससे आपको आइडिया लग जाएगा कि आप इस लहंगे को लगातार कुछ घंटे पहन पाएंगी या नहीं।

## दिखावे पर ना जाएं

बड़े स्टोर्स में आपकी ज्यादा मोल भाव की ट्रिक काम नहीं करती। ऐसे में थोड़ी जांच करके किसी बुटीक और लोकल डिजाइनर से अपना वैडिंग लहंगा बनवाने में संकोच बिल्कुल ना करें। लोकल डिजाइनर और बुटीक में भी उसी तरह का लहंगा मिलेगा जैसा कि आपको बड़ी दुकानों में मिलेगा। ऐसा भी हो सकता है कि बुटीक वाले बड़ी दुकानों से भी ज्यादा अच्छा लहंगा तैयार करके आपको दें। वह आपके नाप के मुताबिक ही आपका लहंगा बनाते हैं जिससे आपको उसे पहनते समय आराम मिलता है।

## लहंगे का रंग

शादी के लहंगे को खरीदते समय उसके रंगों को भी ध्यान से चुनना चाहिए। ऐसे में आपको अपनी त्वचा के रंग का ध्यान रखना होगा। अगर आपका रंग नॉर्मल से फेयर है तो आप लाइट या डार्क किसी भी शेड्स को चुन सकती हैं। लेकिन अगर आपका कॉम्प्लेक्शन डार्क है तो आपको गहरे रंगों का चुनाव ही करना चाहिए। वहीं डस्की कॉम्प्लेशन वाली लड़कियों को अपने लिए ब्राइट कलर चुनने चाहिए।

## खुद की कला भी दिखाएं

अपने लहंगे को एकदम स्टालिश लुक देने के लिए आप लहंगे का बार्डर खुद ही ढूंढें। बड़े स्टोर्स में इस तरह के चयन की इजाजत नहीं होती, लेकिन छोटे बुटीक में इसके लिए कोई मना नहीं करता। लहंगे के बार्डर पर काफी मार्जिन होता है, जिसमें हम मनचाहा बॉर्डर बनाव सकते हैं। इसके लिए आप शहर के लोकल होलसेल दुकानों पर जाकर अपने लहंगे के अनुसार बॉर्डर का चयन कर सकती हैं। होलसेल की दुकानों पर जरी से लेकर गोटा पत्ती तक सब आसानी से मिल जाएगा।



# फैशन में आई फ्लेयर्ड जींस, ट्राई करें...



स्टाइल और कम्फर्ट के मामले में जींस सबसे बेस्ट आऊटफिट है। कैजुअली हो या फार्मली, इसे आप हर मौके पर वियर कर सकते हैं। कोलेज गोइंग हो या वर्किंग वुमेन, जींस पहनने के बाद महिला की पर्सनैलिटी में अलग सा ही उभार आता हैं इसीलिए तो आज यह वार्डरोब में अपनी खास जगह बना चुकी है। जींस में भी आपको बहुत सारे डिफरैंट स्टाइल देखने को मिलेंगे, जिसे आप अपनी बॉडी शेप के अनुकूल पहन सकते हैं। जींस में कुछ ट्रैंड्स ऐसे हैं जो फैशन में एवरग्रीन है जबकि कुछ स्टाइल्स आऊट और इन होते ही रहते हैं। इन दिनों बोहेमियन लुक फ्लेयर्ड जींस का फैशन ट्रैंड में है, इसे रैट्रो स्टाइल जींस भी कहा जाता है। अगर आप भी रैट्रो लुक को पसंद करती हैं तो फ्लेयर्ड जींस जरूर ट्राई करें। फ्लेयर्ड जींस घुटनों तक फिटेड और उससे नीचे खुली बेल-बॉटम स्टाइल में होती है जबकि कुछ लोग इसे बूट कट स्टाइल पेंट भी कहते है लेकिन यह उससे एकदम अलग होती है। बूट कट जींस थाईस से फिटेड नहीं होती और ना ही पैरों से बहुत ज्यादा लूज होती है। फ्लेयर्ड जींस का फैशन इन दिनों बॉलीवुड हसीनाओं को भी खूब भा रहा है। सोनम कपूर ने डेनिम जैकेट के साथ डेनिम की ही फ्लेयर्ड कट जींस वियर की। वैसे आप डेनिम जींस के अलावा अन्य फैब्रिक में भी फ्लेयर्ड पेंट ट्राई कर सकती हैं। फ्लेयर्ड में आप पैचवर्क, कलरफुल एम्ब्रायडरी वर्क, पोल्का व स्ट्राइप स्टाइल भी चूज कर सकते हैं। फ्लेयर्ड जींस उन लड़कियों के लिए परफैक्ट हैं जो स्किनी, स्ट्रेट लैग और ब्वॉयफ्रेंड जींस में कंफर्टेबल नहीं रहती।

### टिप्स

- फ्लेयर्ड जींस के साथ लूज की बजाए फिटेड टॉप पहनें।
- स्पोर्टी लुक चाहती हैं तो इनके साथ कलरफुल प्लेटफॉर्म शूज पहनें।

# सर्दी से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए ट्राई करें ये शॉल

नया साल आने में कुछ दिन बाकी हैं, जिस तरह से साल का आखिरी महीना यानि दिसंबर के दिन कम होते जा रहे रहे सर्दी भी बढ़ती जा रही है। सर्द हवाएं ठिठुरन को बढ़ा रही हैं और लोग गर्म कपड़ों से खुद को अच्छी तरह से कवर कर रहे हैं ताकि कुछ राहत पा सकें। इस मौसम में आप स्टाइलिश लुक पाने के लिए शॉल्स को भी कैरी कर सकते हैं। शॉल से सिंपल ड्रैस के साथ भी आप फैशनेबल लुक पा सकते हैं। इसे आप साड़ी, सूट, जींस, वैस्टर्न या ट्रेडिशनल हर तरह की ड्रैस के साथ आसनी से कैरी कर सकते हैं। बाजार में आपको शॉल में ढेरों तरह की वैरायटी आसानी से मिल जाएगी। जिसे आप अपनी पसंद के फैब्रिक,कलर या डिजाइन में खरीद सकती हैं।



**वेलवेट शॉल्स:** आजकल वेलवेट फैब्रिक को खूब पसंद किया जा रहा है। वेलवेट के पार्टी वियर शॉल्स आपकी ड्रैस की ग्रेस को बढ़ा देते हैं।

- **पश्मीना शॉल्स:** इस फैब्रिक के शॉल बहुत गर्म होते हैं। लाइट वेट होने के साथ-साथ यह स्टाइलिश भी हैं। आप इसे आसानी से कैरी कर सकते हैं।
- **फर शॉल्स:** फर सर्दियों के लिए बैस्ट फैब्रिक है। यह लाइट वेट होने के साथ-साथ बहुत गर्म होते हैं।
- **कश्मीरी शॉल्स :** कश्मीरी हैवी एंब्रॉयड्री वाले शॉल्स आपकी ड्रैस को और भी खूबसूरत बना देते हैं।

# चौड़े माथे वाली लड़कियां ट्राई करें ये हेयरस्टाइस

**कुछ लड़कियों का माथा चौड़ा होता है, जिन्हें कोई भी हेयरस्टाइस करते समय दस बार सोचना पड़ता है। कई बार चौड़े माथे की वजह शर्मिंदगी का सपना भी करना पड़ जाता है। अगर किसी पार्टी या फंक्शन पर हेयरस्टाइल बनाना हो तो अलग से टेंशन लगी रहती है।**



अगर आपको भी ही परेशानी होती है तो आज हम आपको ऐसे हेयरस्टाइल बताएंगे जो न सिर्फ आपके माथे को छिपाएंगे, बल्कि आपके लुक को नया मेकओवर भी देंगे।

## साइड बन

अगर आपका माथा अधिक चौड़ा है तो साइड बन हेयरस्टाइल ट्राई करें। इससे आपका माथा आसानी से कवर हो जाएगा और यह हेयरस्टाइल आप पर काफी सूट भी करेंगा।

## शोल्डर लेंथ वेल्स

आप शोल्डर लेंथ वेव्स भी डलवा सकते है। ध्यान रखें कि वेव्स शोल्डर लेंथ हेयर पर ही अच्छा लगता है। लंबे बालों में वेव्स अच्छे से दिखाई नहीं देते। इससे आपका माथा भी फ्लंट नहीं होगा।

### क्लासिक बन

अगर आप सिंपल बनाना चाहती है और अपने माथे को कवर भी करके रखना चाहती है तो क्लासिक बन बनाएं और आगे वाले बालों को बेबी कट करवाएं।

## स्ट्रेट फ्रिंज हेयर स्टाइल

अगर आपका माथा अधिक चौड़ा है तो आप स्ट्रेट फ्रिंज हेयरस्टाइल ट्राई कर सकती है। इस आपका स्टाइलिश लुक देने के साथ-साथ आपके चौड़े माथे को भी कवर कर देगा।

## शॉर्ट कर्ली हेयरस्टाइल

अगर आप साइड मांग निकालती है तो शॉर्ट कर्ली हेयरस्टाइल बैस्ट है। शॉर्ट हेयर कर्ल को एडजेस्ट करके मौथे को कवर कर लेते है।

## बॉब कट हेयरस्टाइल

यह काफी अच्छा हेयरस्टाइल है, जो आपके चौड़े माथे को कवर करने के लिए बैस्ट ऑप्शन है।

## स्मॉल बैंग्स हेयरस्टाइल

अगर आप अपने बालों को बांध कर रखना पंसद करती है तो स्मॉल बैंग्स हेयरस्टाइल ट्राई करें। इसमें आपका माथा आसानी से कवर हो जाएगा।



**कैजुअल फ्रंट फ्लिक्स** अगर आपको लंबे बालों से ज्यादा बॉय कट रखना चाहती है तो कैजुअल फ्रंट फ्लिक्स हेयरस्टाइल ट्राई करें। यह आपको काफी यूनिक और डिफरैंट लुक देगा।

# हेल्थ प्लस

## बीमारियों का घर मोटापा

**मोटापा** इस समय तमाम बीमारियों का घर बन गया है। यह बड़ों में ही नहीं, बच्चों में भी तेजी से बढ़ रहा है। भागती-दौड़ती जिंदगी में शारीरिक श्रम की कमी। पढ़ाई का दबाव घर एवं स्कूल दोनों में है। अत: खेलने का समय नहीं मिलता है। खाने-पीने का अस्त-व्यस्त टाइम टेबल, साथ ही बच्चों से अत्यधिक लाड़-प्यार। जंक फूड, कुरकुरे, बर्गर, नूडल्स, चिप्स आदि खाने, देर तक टेलीविजन देखते रहने से शरीर में अतिरिक्त कैलॉरी/फैट जमा हो जाती है। क्योंकि, इन चीजों में पोषक तत्व कम एवं फैट ज्यादा होती है, जो शरीर में एडीपोस सैल्स बढ़ाती है।



**मोटापे के कारण**

**वंशानुगत**-यदि परिवार में माता-पिता का शारीरिक गठन मोटापे की ओर है, तो बच्चों में भी यह आशंका ज्यादा होती है।

**मानसिक एवं शारीरिक**-जो बच्चे ज्यादा मेहनत न करके आरामदायक जीवन व्यतीत करते हैं, उनमें माटापे के चांस ज्यादा होते हैं।

**हार्मोनल**-पीयूष ग्लैंड एवं थायरॉइड ग्रंथि की असामान्य क्रियाशीलता भी मोटापा ला सकती है।

**खानपान**-डिब्बाबंद खाना, जंक फूड, चॉकलेट, टॉफी, फास्ट फूड, ब्रेड, कोल्ड ड्रिंक्स, पेस्ट्री, पेटीज आदि का अत्यधिक सेवन।

**लक्षण**

- शारीरिक क्षमता में कमी, मोटे बच्चे जल्दी थक जाते हैं।
- स्वभाव में चिड़चिड़ापन अनिद्रा, डिप्रेशन, एकाग्रता में कमी (याददाश्त में कमी)।
- डायबिटीज एवं ब्लडप्रेशर।
- जल्द चोटग्रस्त होना।
- घबराहट एवं अत्यधिक पसीना।
- वेरीकोज वेन एवं कम उम्र में घुटनों में दर्द की शिकायत।

**निवारण**

- शारीरिक श्रम करें, रोजाना खेलने का प्रयत्न करें। साइकिल चलाना, घर से बस स्टॉप तक पैदल चलें।
- तैरना भी एक अच्छा व्यायाम हो सकता है।
- फास्ट फूड एवं बाहर के खाने के स्थान पर घर का बना दलिया, उपमा, छाछ, ढोकला, दही, पराठा आदि सेवन करें।
- कोल्ड ड्रिंक्स की जगह जूस व फल का सेवन कर सकते हैं।
- चॉकलेट, पेस्ट्री, टॉफी, कुरकरे की जगह ड्राईफ्रूट-बादाम, काजू, मुनक्का आदि काम में लें।
- होम्योपैथी चिकित्सा में कैलकेरिया कार्ब, एंटीमक्रूड, थूजा, फ्यूकस बैलाडोना आदि में से दवा का सही चयन किया जा सकता है।

## इलाज से घबराएं नहीं

**शरीर** के किसी भी हिस्से में उभरे संवेदनाहीन चकते को नजरअंदाज न करें। यह कुष्ठ हो सकता है। शुरूआती अवस्था में इसका पूरी तरह इलाज संभव है। कुष्ठ रोग एक संक्रामक रोग है। यह माइक्रोबैक्टीरियम लेप्री द्वारा फैलता है। कुष्ठ रोग किसी भी अवस्था में पूरी तरह ठीक हो जाता है। शुरूआती अवस्था में इस रोग का इलाज आसानी से हो जाता है। चरमावस्था में यह शरीर में कई प्रकार की विकृतियां उत्पन्न कर देता है। आम लोग यह सोचते हैं कि यह रोग लाइलाज है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि यह जीवाणु जनित रोग है। यह रोग वंशानुगत नहीं होता है। कुष्ठ रोगी यदि बहुत अधिक संक्रामक नहीं है, तो यह रोग दूसरे स्वस्थ व्यक्तियों में नहीं फैलता है। यदि मां-बाप कुष्ठ रोग से ग्रसित भी हो, तो भी यह बीमारी बच्चों में जन्म के समय नहीं होती है। यदि कुष्ठ रोग अति संक्रमित स्थिति में है, तो परिचारक, प्रतिरक्षा के लिए दवाओं का सेवन करके रोग मुक्त रह सकता है। अन्य रोगों की तरह इसका इलाज संभव है।



**बच्चों में खतरा**

वयस्कों की अपेक्षा बच्चों में इस रोग का खतरा अधिक होता है। अत: जो बच्चे कुष्ठ रोगियों के संपर्क में रहते हैं, उनको इस रोग से बचाव के लिए अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है। आजकल बहुऔषधि प्रणाली (मल्टीपल ड्रग रेजिम) का उपयोग व्यापक रूप से हो रहा है। इनसे कुष्ठ रोग को नियंत्रित करने में आशातीत सफलता मिली है। जहां तक संभव हो दवाओं का सेवन खाने के बाद करना चाहिए। यदि दवाओं का कोई दुष्प्रभाव दिखाई पड़े, तो दवा सेवन तत्काल बंद कर विशेषज्ञ चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। कुष्ठ रोगों को देवी प्रकोप या पूर्वजन्म के दुष्कर्मो का परिणाम मानकर रोगी का साामाजिक बहिष्कार करना अनुचित है।

**कुष्ठ रोग की पहचान**

कुष्ठ रोगी की रोग ग्रस्त त्वचा से थोड़ी से छीलन लेकर परिवर्तित जील नेल्सन विधि से जांच की जाती है। इस रोग के जीवाणु गुच्छों के रूप में पाए जाते हैं, जिसे ग्लोबी कहते हैं। याद रखिए कि यदि कोई हल्के रंग का चकता शरीर के किसी हिस्से में हो रहा है एवं उसमें संवेदना नहीं हो जैसे पिन चुभाने पर दर्द का अहसास नहीं होना। ऐसी अवस्था में कुष्ठ रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

**जल्द इलाज के फायदे**

सामाजिक भय के कारण व्यक्ति अपनी बीमारी को छुपाता है। यही कारण है कि वह इस रोग के इलाज के लिए देरी से पहुंचता है। यदि आरंभिक अवस्था में इस रोग का इलाज हो जाए, तो किसी प्रकार की शारीरिक विकृति नहीं आती है एवं रोगी पूर्णतया ठीक हो जाता है।

## एक एप्पल रोज



**सेब** को जितना समझा जाता है, उसका महत्व उससे कहीं अधिक है। अंग्रेजी में कहा भी गया है, 'एन एपल ए डे', कीप्स द डॉक्टर अवे' अर्थात् एक सेब रोज खाओ और डॉक्टर को दूर भगाओ। यह उक्ति बहुत पुरानी है और अनेक परीक्षणों से इसकी पुष्टि हुई है। वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि सेब के सेवन से ह्रदय रोग, कैंसर, मधुमेह के साथ ही दिमागी बीमारियों जैसे पार्किंसन और अल्जाइमर आदि में भी आराम मिलता है।

विशेषज्ञों के अनुसार एक सेब रोज खाने से पाचन क्रिया ठीक रहती है, जिससे अनेक रोगों से सुरक्षा रहती है। सेब के फायदों को प्रचारित करने और सेब को प्रतिष्ठित करने के लिए यूरोप के कई देशों में एक दिसम्बर को 'ईट ए रेड एपल डे' मनाया जाता है। इसमें समारोह आयोजित कर किस्म-किस्म के सेब प्रदर्शित किए जाते हैं। सेब के विषय विशेषज्ञ भाषण देते हैं और सेब के बारे में साहित्य बांटा जाता है।

अध्ययनकर्ताओं के अनुसार लाल सेब में सेब की अन्य प्रजातियों की अपेक्षा अधिक एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो मनुष्य को कैंसर, ह्रदय रोगों और मधुमेह, दिमागी तथा याददाश्त संबंधी समस्याओं में फायदा पहुंचाते हैं। लाल सेब में उपस्थित फ्लैवोनोइड तत्त्व एंटी-ऑक्सीडेंट का काम करते हैं। यह दिमाग की कोशिकाओं को स्वस्थ रखते हैं, जिससे पार्किंसन और अल्जाइमर जैसे दिमागी रोगों से बचाव होता है। सेब रेशे [फाइबर] वाला फल है। इसमें प्रोटीन और विटामिन की संतुलित मात्रा होती है, लेकिन कैलॉरी कम होती है, जिससे यह ह्रदय को स्वस्थ रखने में सहायक है।

उच्च रक्तचाप या किसी अन्य समस्या के कारण जो लोग नमक का सेवन कम करते हैं उनके लिए सेब सुरक्षित और लाभकारी है क्योंकि सेब में सोडियम की मात्रा न के बराबर होती है। सेब शरीर में ग्लूकोज की मात्रा को संतुलित करने का कार्य करता है। इससे मधुमेह के रोगियों को लाभ होता है। इसके अतिरिक्त सेब स्मरण शक्ति बढ़ाने, शरीर को चुस्त और स्वस्थ रखने में कई स्तरों पर काम करता है। सेब सुपाच्य है, इसलिए आंतों को आराम मिलता है और शरीर सहज महसूस करता है। पेट में हल्कापन बना रहता है। उपवास के दौरान सेव और अधिक फायदेमंद हो जाता है।

## घुटने के दर्द में लाभकारी योग

**आजकल** घुटनों का दर्द बीस साल की उम्र में भी शुरू हो सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार आज पैंतीस साल की आयु में अस्सी प्रतिशत लोगों में घुटनों का दर्द शुरू हो जाता है। यह रोग किसी भी व्यवसाय (चिकित्सकों को भी) में लगे लोगों को होता है। एक बार दर्द शुरू हो जाता है और घुटने बदलने तक दर्द बंद नहीं होता है। दर्दनाशक दवाइयां खाते-खाते पेट बिगड़ता जाता है। पेट में अल्सर, शरीर का मोटापा आदि अनेक परिणाम दिखने लगते हैं। यह समस्या मोटे-दुबले दोनों प्रकार के स्त्री-पुरूषों में पाई जाती हैं। मोटे या स्थूल शरीर वालों को शीघ्र अनुभव होने वाला दर्द दुबले लोगों का भी पीछा नहीं छोड़ता और दुबले-मोटे सभी को समान रूप से कष्टदायक है। योगाभ्यास करते-करते अनेक वर्षो बाद भी घुटनों का दर्द अनुभव होता है या योग करने पर भी कम नहीं हुआ यह बात भी रोगियों ने और योगाभ्यासियों ने स्वीकार की है।



**क्यों होता है घुटनों का दर्द**

इसका उत्तर चिकित्सक यह कहकर देते हैं- शरीर मोटा होना, वंशानुगत या चोट लगने से, उमर का तकाजा, बुढ़ापा आदि। लेकिन, अनुसंधान से घुटनों के दर्द का एक कारण स्पष्ट हुआ वह यह है कि किसी रोगी को घुटनों पर चोट लगना, दुर्घटना में घुटने की टूट-फूट होना, घुटनों के बल गिर पड़ना आदि से जो दर्द बढ़ता है, वह जीवनभर रह सकता है। उससे ट्रॉमा निर्माण होता है। उसे ट्रॉमा आर्थराइटिस कहते है। इसका स्थायी उपचार व्यायाम ही होता है। उपरोक्त कारण सभी जानते और मानते हैं, परंतु उपरोक्त किसी भी कारण के न होते हुए घुटनों में दर्द होता है तो उसका प्रमुख कारण घुटनों को मोड़कर (एक घुटना या दोनों) रात्रि को सोना पाया जाता है। जो व्यक्तिएक घुटना मोड़ता है उसका वही घुटना दर्द करता है और दूसरा ठीक रहता है।

वर्षो तक इस आदत से घुटने में रक्तसंचार रात्रि की नींद में कम से कम हो जाता है। इसके विपरीत दैनिक जीवन में चलने-फिरने, चढ़ाव चढ़ने, सैर करने, व्यायाम करने, व्यायाम करने से घुटनों के जोड़ों में स्थित कारटीलेज का क्षय होता है। इसकी क्षतिपूर्ति रात्रि को घुटनों के सीधे रखने एवं रक्तसंचार सुचारू रूप से संभव है तभी कारटीलेज अपनी सामान्य आकृति में बनी रहती है और जोड़ का संचालन सामान्य होता है, परंतु रातभर घुटने मोड़ने से यह कार्य अनेक वर्षो से बंद हो जाता है। कारटीलेज में द्रव या कोलोजन रक्त प्रवाह के अभाव में आपस में जुड़ने लगती है। रोगी को खड़े होने पर अपना वजन ढोना और चलते समय संतुलन बनाना भयावह लगता है। हड्डियां आपस में टकराकर टेढ़ी होने लगती हैं। पैरों का आपसी अंतर बढ़ने लगता है।

व्यक्तिया रोगी चलते समय घुटने मोड़े बिना चलते हैं और डोलते हुए जैसे पेंगुइन पक्षी के समान चलने के लिए विवश हो जाते हैं। घुटनों पर सृजन स्थायी बन जाती है और कभी-कभी रक्तका पानी बन जाता है, जिसे इंजेक्शन से निकालना पड़ता है और बार-बार रक्तपानी में परिवर्तित होता रहता है। लगभग एक हजार रोगियों पर परीक्षण के बाद इस समस्या के निदान के दरमियान रोगियों को घुटनों पर नीकैप या क्रेप बैंडेज बांधकर रात्रि सोने की सलाह दी गई थी, साथ में निम्न योगाभ्यास सुबह-शाम नियमित करने की सलाह दी गई थी और छह माह से एक वर्ष तक यह योगाभ्यस करने पर घुटनों के दर्द पूर्ण रूप से समाप्त हो गए थे। एक्स-रे एवं जांच से सभी रोगियों का निदान किया गया था। एक वर्ष बाद दूसरे एक्स-रे से तुलना की गई थी जिसमें सुधार देखा गया था। घुटनों के अधिक दर्द में वज्रासन या पद्मासन वर्जित थे।

**घुटनों के लिए व्यायाम**

- घुटनों का संचालन जंघा से पैर को दोनों हाथों से ऊपर उठाकर घुटने से पैर को आगे-पीछे 10-15 बार चलाना।
- वहीं पकड़े हुए घुटने के निचले हिस्से से गोल घुमाना 10-10 बार सीधे-उलटे।
- पैर लंबे करके बैठें और टखनों को आगे-पीछे 10 बार चलाना और सीधे-उलटे घुमाना 10-10 बार।
- घुटनों की कटोरियां की मांसपेशियों को खींचना और ढीला छोड़ना 100 बार।
- अधिक दर्द न हो तो गद्दे पर 5 मिनट पद्मासन या वज्रासन।
- पेट के बल लेटकर मकरासन की स्थिति बनाकर एक पैर का घुटना मोड़कर ऊपर हिस्से को गोल 10-10 बार सीधे-उलटे घुमाएं।
- पीठ के बल लेटकर एक-एक पैर बिना घुटने से मोड़े 90 डिग्री पर उठाने का प्रयत्न करें 5-5 बार एक-एक पैर उठाएं।
- यौगिक साइकिलिंग- पीठ के बल लेटकर एक-एक पैर को साइकिल जैसे चलाएं। अभ्यस्त हो जाने पर दोनों पैरों से लेटे-लेटे साइकिलिंग सीधे-उलटे 25 से 50 बार करें, उपरांत शवासन करें।

**सावधानियां**

घुटनों के दर्द में रोगी को अधिक परिश्रम, अधिक लंबा चलना (2-3 किलोमीटर से अधिक), बार-बार चढ़ाव चढ़ना-उतरना, घंटों एक ही जगह खड़े रहना आदि से बचना चाहिए। घुटने दर्द के रोगी का यदि रक्तचाप बढ़ता है तो ऐसी स्थिति में भोजन में अधिक मात्रा में नमक, नमकीन, अचार, पापड़, इमली, कैरी और अमचूर से बचना चाहिए। इन पदार्थो से रक्त में पानी की मात्रा बढ़ने से शरीर एवं घुटनों पर सूजन आती है। इसे हाईपर एडीना कहते हैं। यह दर्द बढ़ाकर रक्तचाप भी बढ़ाता है। हरी सब्जियां, सलाद, नीबू, टमाटर, दही, केला, दूध, रोटी एवं चावल का उपयोग भोजन में करना उपयुक्तहोता है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-6-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-1-2-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-2-6-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-4-9

## काकुरो पहेली - 1955




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो - 1954 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

शादी के सीजन में जगह-जगह शादी में आने-जाने के कारण रमन के पास कपड़ों की कमी-सी हो जाती? है, फिर भी वो कुछ मैनेज करके अपने खास दोस्त की शादी में जाता है, वहाँ पर दोस्त के अंकल उससे पूछते है- बेटे! ये शर्ट तो बहुत अच्छी है!

रमन- जी, मेरी नहीं है।

अंकल- पैंट भी बहुत अच्छी है।

रमन- ये भी मेरी नहीं है।

अंकल- तो फिर किसकी है?

रमन- लाँड्री वाले की..!

❑ ❑ ❑

रमन सर्कस देखकर आने के बाद अपने दोस्त से मिलने गया तो उससे कहा- यार! सर्कस में एक मोटी औरत एक दुबले जोकर को खूब मारती रहती है और वह सिर्फ हँसता ही रहता है।

परेश बोला- यार तू बता इसमें नया क्या है? यह तो मेरे घर में रोज ही होता है।


❑ ❑ ❑

एडवोकेट (गवाह से)- अच्छा तो अब सही-सही बता दो फटाफट, नरेश की मौत आखिर हुई कैसे?

गवाह घबरा कर बोला- बड़ा ही भुलक्कड़ था हुजूर! हो सकता है घटना के समय वह साँस लेना भूल गया हो।

❑ ❑ ❑

## फिल्म वर्ग पहेली - 1955



**ऊपर से नीचे:-**

१. फिरोज खान, जीनत की 'हम तुम्हें चाहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कभी-कभी' में ऋषि की नायिका -३
४. 'बंदिश' में जैकी की नायिका-२
५. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ऐसे मिली निगाहें' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१०. 'मोहे छेड़ो ना' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
१३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'मय से मीना से ना' गीतवाली फिल्म-४
१५. 'कसम से तेरी आँखें' गीतवाली फिल्म-४
१६. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१८. अमिताभ, विनोद, सायरा की 'तुम भी चलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'फूल माँगू ना बहार' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
२३. 'उधर से जो तुमको मिले फुरसत' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'देखो देखो जी, ये है मेरी' गीत वाली जीतेंद्र, लीना की फिल्म-३
२७ रंजन, चित्रा, जयश्री की 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली फिल्म-३
२९.'तदबीर से बिगड़ी हुई' गीतवाली फिल्म-२
३१. गोविंदा, जूही की 'आ जाना जरा' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीतवाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. सलमान, आयशा की 'बैठा नीली झील किनारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
६. जीतेंद्र, रीना, रामेश्वरी की 'तूने मुझे बुलाया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जब भी ये दिल उदास' गीत वाली राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली आशा पारेख, सुनील दत्त की फिल्म-२
९. फिल्म 'कसक' की नायिका कौन थी-३
१२. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, परवीन की 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
१८. हिंदी फिल्मों का पहला 'ही-मैन' किसे कहा जाता है-४
२०. 'छुपा रूस्तम' में नायिका कौन -२
२१. फिल्म 'अंत' में नायिका कौन थी-२
२२. अजय देवगन, ट्विंकल की 'मेरे सीने में तेरा' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' गीत वाली फिल्म-२
२४.'चाइना टाउन' के संगीतकार कौन-२
२६. 'कभी खुशी कभी गम' में अमिताभ की पत्नी की भूमिका किसने की है-२
२७. 'फूल और कॉंटे' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२८. 'नी मैं यार मनाना नी' गीत वाली राजेश, राखी, शर्मिला की फिल्म-२
३०. राजकुमार, राजेश, माला की 'गुस्सा इतना हसीन' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'मनोरंजन' में शम्मी व संजीव कुमार के साथ नायिका कौन थी-३
३४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 1954**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | न | मो | ल | | फि | जा | | य | श |
| भ | | ह | व | स | | न | र्गि | स | |
| य | | ब्ब | | नी | ल | म | | बॉ | बी |
| | जी | तें | द्र | | ड़ा | | जीं | स | |
| घा | त | | | आ | ई | ना | | | मु |
| त | | आ | वा | रा | | रा | जा | जा | नी |
| क | री | ना | | ध | | ज | | | म |
| | ना | | बे | ना | म | | मौ | | जी |
| हे | | दा | ता | | हि | रा | स | त | |
| मा | या | | ब | ल | मा | | म | | माँ |

## सूडोकु -1955


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -1954 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 1955



**बाएँ से दाएँ**

1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**

1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली - 1954 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| रा | ह | | | म | | रा | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |

## घाट सेक्शन में खाई में गिरने से हथिनी की मौत



एजेंसी

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के पहाड़ी नीलगिरी जिले में कुन्नूर के पास 70 फीट गहरी खाई में गिरने से एक हथिनी (मादा हाथी) की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि हाथी को या तो चोट लगी होगी और बीमार हो गया होगा, जिससे उसके पैरों की गति प्रभावित होगी। इससे पूर्व हथिनी को पिछले कुछ हफ्तों से कुन्नूर घाट पर देखा गया था। वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा इसकी निगरानी की जा रही थी और इस दौरान घाट रोड पर एक जंगल को पार करते समय खाई में गिर गयी।

## केरल के राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अलग-अलग मुलाकात की।



प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने दोनों की मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए कहा, केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले आज दिन में राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पर पोस्ट किया, ÷केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जदीप धनखड़ से मुलाकात की।

## बीएसएफ ने किया भारत-पाक सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने गुरुवार की रात अमृतसर जिले में भारत-पाक सीमा पर गांव कोटराजादा के पास एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि अमृतसर जिले के गांव कोटराजादा के पास बीएसएफ के जवान गश्त पर थे। तभी एक पाकिस्तानी व्यक्ति ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया। इस बीएसएफ के जवानों ने उसे रोका गया लेकिन वह भागकर भारतीय सीमा में दाखिल हो गया। जवानों की बार-बार चेतावनी के बावजूद, घुसपैठिया आगे बढ़ता रहा। संभावित खतरे को भांपते हुए बीएसएफ जवानों ने आत्मरक्षा में कार्रवाई कर घुसपैठिए को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि घुसपैठिए के मारे जाने की पुष्टि के बाद उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से कुछ पाकिस्तानी करेंसी भी मिली है। इसके बाद बीएसएफ ने पंजाब पुलिस को इसकी सूचना दी गई। डीएसपी अजनाला ने गुरविंदर सिंह औलख ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से घुसपैठिए के शव को अपने कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## भू माफिया को देर सवेर खाली करनी ही होगी जमीनः सीएम योगी

**महाकुम्भनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में पूर्व स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि राजधानी लखनऊ में पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर मिला और आज प्रयागराज में स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय कमला बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भू माफिया को भी निशाने पर लिया। सीएम योगी ने चेतावनी दी कि भू माफिया ने प्रयागराज में जो सैकड़ों एकड़ भूमि कब्जाई है, उसे खाली करना ही पड़ेगा। सीएम योगी ने प्रयागराज के भूमाफिया को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रयागराज में सैकड़ों एकड़ भूमि पर तमाम भूमाफिया ने कब्जा किया हुआ है। देर सवेर तो इसे खाली होना ही है। इससे पूर्व सीएम योगी के मंच पर चढ़ते जय श्री राम, हर हर महादेव, हर हर गंगा मैया, वंदे मातरम का भी उदघोष हुआ। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूर्व स्वतंत्रता सेनानी कमला बहुगुणा के संघर्ष को भी याद किया। सीएम योगी ने कहा, कमला बहुगुणा ने बचपन से ही ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लिया। 8 साल की उम्र में ही उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ नारे लगाए, जिसके कारण उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने प्रताड़ित भी किया। जब उन्होंने घर में अपनी मां से शिकायत की तो मां ने उन्हें और मजबूत किया। मां बोलीं कि यह देश की आजादी के लिए संघर्ष का हिस्सा है और हमें इस तरह पिटाई की आदत डालनी होगी। तभी अंग्रेजों से हम अपने देश को आजादी दिला पाएंगे। सीएम योगी ने बताया कि 2019 के महाकुम्भ के दौरान एक शिविर में पहुंचे।

# छत्तीसगढ़ धान के साथ-साथ सब्जी और फलों का भी कटोरा बनेगा : शिवराज

एजेंसी

**रायपुर।** केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छत्तीसगढ़ आने वाले समय में धान के साथ-साथ सब्जी और फलों का भी कटोरा बनेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी और बागवानी फसलों को बढ़ावा दे रही है। केन्द्रीय मंत्री चौहान आज शाम दुर्ग जिले के ग्राम खपरी में आयोजित तीन दिवसीय किसान सम्मेलन के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने इस अवसर पर प्रगतिशील किसान संघ द्वारा निर्मित भवन का लोकार्पण तथा प्रशिक्षण केन्द्र का भूमिपूजन किया गया। साथ ही 13 जनवरी से उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित



महाकुंभ के लिए 200 क्विंटल सब्जी से भरे ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर किसानों ने केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान को गजमाला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों को समृद्ध बनाने तथा उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन एवं अनुदान हेतु 203 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। उन्होंने किसानों से अरहर, मूंग, उड़द फसलों के उत्पादन करने और प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की अपील की। मुख्यमंत्री साय ने किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 18 लाख आवास स्वीकृत किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी के वायदे को पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों से 3100 रुपये के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद कर रही है। किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। पिछले वर्ष 145 लाख मीटरिक टन धान की खरीद की गई थी, इस वर्ष 160 लाख मीटरिक टन धान खरीद का अनुमान है।

## मद्रास उच्च न्यायालय ने पूर्व कांग्रेस विधायक को बरी करने का फैसला किया रद्द



एजेंसी

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने वेल्लोर के कांग्रेस के पूर्व विधायक सी ज्ञानशेखरन और उनकी पत्नी को आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप से बरी करने के निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है। सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने इनके खिलाफ मामला दर्ज किया था।

डीवीएसी ने कथित तौर पर 2006 से 2011 तक विधायक रहने के दौरान 3.15 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित करने के आरोप में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। वेल्लोर की एक विशेष अदालत ने 2016 में श्री ज्ञानसेकरन और उनकी पत्नी मेकाला को बरी कर दिया था। हालाँकि डीवीएसी द्वारा दायर एक समीक्षा याचिका पर श्री न्यायमूर्ति वेलमुरुगन ने इसे स्वीकार कर लिया। डीवीएसी ने कहा कि पूर्व विधायक की पत्नी और उनके लिए आय का कोई स्रोत नहीं था उनके खिलाफ आरोपों के लिए प्रथम दृष्टया सबूत थे। निचली अदालत के इस आदेश को खारिज कर दिया गया साथ ही उच्च न्यायालय ने डीवीएसी को मामले को आगे बढ़ाने का भी निर्देश दिया।

## हिंदी न केवल संचार का माध्यम है बल्कि भारत की विविधताओं को भी जोड़ती हैः अनुप्रिया पटेल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आयोजित विश्व हिंदी दिवस समारोह का उद्घाटन किया। इस मौके पर अपने संबोधन में अनुप्रिया पटेल ने कहा कि हिंदी न केवल संचार का माध्यम है, बल्कि भारत की विविधताओं को भी जोड़ती है। उन्होंने कहा कि यह तथ्य कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों और चरणों में हिंदी में अन्य देशों के नेताओं के साथ संवाद करते हैं। विश्व मंच पर हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ाने में योगदान दिया है। यह हिंदी के प्रति हमारे गर्व की भावना को मजबूत करता है। यह हमारी एकता, अखंडता, प्रतिष्ठा, गौरव और सम्मान का आधार है। इस अवसर पर उन्होंने मंत्रालय की पहली इन-हाउस हिंदी पत्रिका, स्वास्थ्य सृजन का उद्घाटन किया। अनुप्रिया पटेल ने विश्व हिंदी दिवस के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मंत्रालय का समारोह हिंदी को एक सक्षम अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने की भारत की इच्छा और प्रतिबद्धता को



दर्शाता है। उन्होंने सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और हिंदी की लोकप्रियता बढ़ाने की दिशा में काम करने की जरूरत को भी रेखांकित किया।

पटेल ने यह भी कहा कि विश्व मंच पर हिंदी भाषा के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ रहा है। भारत की सीमाओं से परे जाकर नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान, फिलीपींस, फिजी और मॉरीशस जैसे पड़ोसी देशों में हिंदी सीखने की इच्छा बढ़ी है। उन्होंने हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का आग्रह करते हुए कहा कि हिंदी न केवल संचार का माध्यम है बल्कि भारत की विविधता को भी जोड़ता है। यह हमारी एकता, अखंडता, प्रतिष्ठा, गौरव और सम्मान का आधार है। इसलिए हिंदी भाषा के प्रयोग को बढ़ाया और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमारे युवाओं में अंग्रेजी और अन्य भाषाओं को सीखने का आकर्षण है, जो एक संभावना है।

## महिला सशक्तिकरण विकास के लिए अनिवार्य कदम : जयशंकर

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने महिला सशक्तिकरण को भारत के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि यह न केवल महिलाओं के अधिकारों का सम्मान है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। डा. जयशंकर ने यह बयान प्रवासी भारतीय दिवस के तहत 'डायस्पोरा दिवसः महिलाओं के नेतृत्व और प्रभाव का जश्न - नारी शक्ति' सत्र का उद्घाटन करते हुए दिया। उन्होंने इस दौरान महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा की जा रही पहलें भी साझा की। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक स्थिति को सुधारने के लिए कई योजनाओं का शुभारंभ किया है, ताकि वे समाज में अपने अधिकारों तथा स्थान को पूरी तरह से महसूस कर सकें। डा. जयशंकर ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचारों को स्पष्ट करते हुए कहा कि नारी शक्ति को समझना और बढ़ावा देना कोई रॉकेट साइंस नहीं है। इसके लिए केवल सही दिशा, अवसर और समर्थन की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने से उनकी पूर्ण




क्षमता सामने आएगी, जो राष्ट्र के विकास में सहायक होगी। उन्होंने इस मुद्दे को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण किसी समाज के सामाजिक और आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। यह विकास केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए लाभकारी साबित होता है।उन्होंने कहा कि सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए हैं। इससे महिलाओं की जीवनशैली में सुधार हुआ है और उन्हें रसोई में सुरक्षा और सुविधा मिल रही है।

विदेश मंत्री ने कहा,÷महिलाओं को स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मुद्रा योजना शुरू की गई है, जिसके तहत उन्हें छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए कर्ज दिया जा रहा है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ने में मदद कर रही है।' उन्होंने कहा,'महिलाओं को परिवार और करियर के बीच संतुलन बनाने के लिए सरकार ने मातृत्व अवकाश को 16 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया है। इस फैसले से कामकाजी महिलाओं को अपने बच्चे के पालन-पोषण के साथ-साथ काम पर लौटने का समय मिलता है। डा. जयशंकर ने कहा,'लिंग अनुपात में सुधार और महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू की गई है।

# केजरीवाल पर भाजपा का पलटवार, कहा-जाटों के नाम पर आआपा कर रही भ्रम की राजनीति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के जाटों को उनका हक नहीं दिया और अब दिल्ली में भ्रम की राजनीति कर रही है। दिल्ली का जाट इस बात को समझ चुका है कि उनको केजरीवाल सरकार के कारण ही आरक्षण नहीं मिला है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद कमलजीत सहरावत ने पूछा किआम आदमी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार के 10 वर्षों के दौरान केजरीवाल ने जाट आरक्षण की बात क्यों नहीं की अरविन्द केजरीवाल बताएं कि जाट समाज के किसी किसान परिवार में जन्मे व्यक्ति को उन्होंने राज्यसभा क्यों नहीं भेजा?

भाजपा सांसद सेहरावत ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी की सरकार ने इस विषय को लेकर दिल्ली विधानसभा में कोई चर्चा




ही नहीं की। दिल्ली का जाट इस बात को समझ चुका है कि उनको आप सरकार के कारण ही आरक्षण नहीं मिला है। जब भाजपा सत्ता में नहीं थी, तब भी भाजपा ने कई बार केंद्र की यूपीए सरकार से दिल्ली को आरक्षण देने की मांग की थी। जाटों का केंद्रीय आरक्षण में शामिल न होने का एकमात्र कारण दिल्ली में 10 वर्षों से रही अरविंद केजरीवाल की सरकार है। 5 जनवरी को अचानक चिट्ठी लिखकर इस विषय को उठाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यह नाटक बंद कर देना चाहिए, क्योंकि उनकी ही सरकार ने इस प्रक्रिया को शुरू नहीं किया। मात्र चिट्ठी लिखने से आरक्षण नहीं मिलता है, यह देश के संविधान में अंकित है। इस मौके पर कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं ने जगदीप धनखड़ जी का उपहास किया और अरविन्द केजरीवाल के सांसद भी उनका मजाक उड़ाने में शामिल थे। यह पूरे जाट समाज का अपमान था। कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के वादे मात्र चुनावी जुमले हैं, वे जब भी किसी मुद्दे पर फंसते हैं, तो दिल्ली की जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। जनता इनके चुनावी जुमलों को पहचान चुकी है और इन्हें करारा जवाब देगी।

किसी भी वर्ग और जाति को आरक्षण देने के लिए सबसे पहले विधानसभा में प्रस्ताव को पारित कराना होता है, जिसके बाद कैबिनेट नोट तैयार किया जाता है। उस कैबिनेट नोट को केंद्र सरकार के पास भेजकर, निवेदन किया जाता है कि इस जाति या वर्ग को आरक्षण प्रदान किया जाए। भाजपा नेता कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि जाट आरक्षण अरविन्द केजरीवाल का चुनावी जुमला है। आज जब दिल्ली की आप सरकार वेंटिलेटर पर है, जब स्वयं इनके नेता बेल पर बाहर हैं तो जाट आरक्षण का चुनावी जुमला छोड़ रहे हैं।

## राहुल गांधी को वीर सावरकर मानहानि मामले में जमानत मिली, अगली सुनवाई 18 फरवरी को

एजेंसी

**मुंबई।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को स्वातंर्त्यवीर सावरकर मानहानि मामले में पुणे की एक विशेष अदालत ने 25,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी।

पुणे के विशेष कोर्ट में आज राहुल गांधी को सुनवाई के लिए उपस्थित रहना था। लेकिन विदेश दौरे पर रहने की वजह से राहुल गांधी आज कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। राहुल गांधी के वकील ने मिलिंद पवार ने कोर्ट को बताया कि राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं, इसलिए मामले की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की जाए। इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की , जिसमें राहुल गांधी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। इसके बाद कोर्ट ने राहुल गांधी को 25,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। कोर्ट में आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन जोशी अदालत के समक्ष जमानतदार के रूप में खड़े हुए थे। वकील मिलिंद पवार ने कहा कि अदालत ने कांग्रेस नेता को कोर्ट में पेश होने से स्थायी छूट भी दी है। पवार ने कहा कि मामले की सुनवाई अब 18 फरवरी को होगी। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने मार्च 2023 में लंदन में भाषण देते हुए वीर सावरकर के बारे अपमानजनक व्यक्तव्य दिया था। इसी व्यक्तव्य को अपमानजनक बताते हुए सात्यिकी सावरकर ने पुणे की कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी।

# राजनाथ ने मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक समुदाय से एकजुटता का आह्वान किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया में कई तरह के संघर्ष और चुनौतियों के मद्देनजर वैश्विक समुदाय में एकजुटता बढ़ाने का आह्वान किया है।

श्री सिंह ने रक्षा मंत्रालय द्वारा फरवरी में आयोजित किये जाने वाले प्रतिष्ठित रक्षा प्रदर्शनी और एयर शो 'एयरो इंडिया 2025' से पहले यहां राजदूतों की गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए परस्पर समृद्धि और वैश्विक शांति सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने बैठक में आये विभिन्न देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों से कहा, यह सबसे महत्वपूर्ण है कि समान विचारधारा वाले देश शांति और समृद्धि के लिए सामूहिक कार्रवाई के लिए मिलकर प्रयास करें। इनके बिना, हमारी आने वाली पीढ़ियां आज के युग में आर्थिक विकास या तकनीकी नवाचारों का लाभ नहीं उठा पाएंगी। उन्होंने कहा कि भारत विकासशील देशों की प्रमुख आवाज के रूप में उभर रहा है और यह अनेक देशों के सामूहिक दृष्टिकोण की वकालत करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि समृद्धि की सामूहिक खोज में विविध विचारों पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच मार्गदर्शक सिद्धांतों सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए




भारत की प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य में, समकालीन चुनौतियों का समाधान करते हुए आपसी समृद्धि और शांति सुनिश्चित करने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के बीच एकता को बढ़ावा देना आवश्यक है। भारत ने हमेशा वसुधैव कुटुंबकम, 'एक पृथ्वी, एक परिवार' के मूल सिद्धांत के आधार पर साझा समृद्धि और साझा जिम्मेदारी का समर्थन किया है, जो 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन का विषय भी था।श्री सिंह ने एशिया के सबसे बड़े एयरो शो एयरो इंडिया को एक ऐसा आयोजन बताया, जहां देश एक साथ आते हैं जो सीमाओं से परे एक बंधन में बंधे रहते हैं। इस द्विवार्षिक आयोजन के पीछे के विजन के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि यह एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों के लिए अपने उत्पादों तथा प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए मिलन स्थल साबित हुआ है। उन्होंने इसे विभिन्न उद्योगों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, संयुक्त विकास और सह-उत्पादन के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए एक मंच के रूप में परिभाषित किया। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज भारत के पास एशिया में सबसे बड़ा रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र है और सरकार क्षमताओं को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गुजरात में मिला एचएमपीवी का चौथा केस, साउथ बोपल में 9 माह का बच्चा पॉजिटिव

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात राज्य में अहमदाबाद के साउथ बोपल में नौ माह बालक एचएमपीवी पॉजिटिव मिला है। बालक को सर्दी-खांसी और श्वास लेने में तकलीफ के चलते छह जनवरी को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। संदिग्ध लक्षण को देखते हुए बच्चे की एचएमपीवी जांच कराई गई जिसमें 9 जनवरी को इसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। बच्चे का सैम्पल लेकर स्वास्थ्य विभाग भी जांच कराएगा। राज्य में अभी तक तीन बच्चे और एक वृद्ध समेत चार एचएमपीवी पॉजिटिव मिल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि गुजरात में अब तक मिले एचएमपीवी के चार केसों में एक बच्चे को हॉस्पिटल से छु?ट्टी दी जा चुकी है। डिस्चार्ज बच्चा दो माह का है और उसे छह जनवरी को अहमदाबाद के चांदखेड़ा स्थित निजी हॉस्पिटल में



भर्ती कराया गया था। दूसरा केस अहमदाबाद के वस्त्रापुर के 80 साल के वृद्ध को एचएमपीवी वायरस का पॉजिटिव पाया गया था, जिसे हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। वहीं तीन दिन पूर्व साबरकांठा जिले की प्रांतिज तहसील के ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिक परिवार के 7 वर्षीय बच्चे को सर्दी, बुखार और श्वास लेने में तकलीफ के बाद हिम्मतनगर के बेबीकेयर हॉस्पिटल में दाखिल किया गया था। डॉक्टरों ने बच्चे की एक्सरे रिपोर्ट निकाली, जिसमें न्यूमोनिया के लक्षण पाए गए। बाद में सैम्पल लेकर निजी लेबोरेटरी से जांच कराई। गुरुवार को जांच रिपोर्ट के पॉजिटिव आने पर जिला स्वास्थ्य विभाग ने भी सैम्पल लिए। इन सैम्पलों को गांधीनगर और अहमदाबाद भेजा गया, जहां की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई। बेबीकेयर हॉस्पिटल की मेडिकल ऑफिसर डॉ स्मृति मेहता ने बताया कि बालक आईसीयू के वेंटीलेटर पर है। सरकार की गाइडलाइन के अनुसार उसका इलाज जारी है और स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## फिलीपींस, पलाऊ और माइक्रोनेशिया की यात्रा पर जायेंगे विदेश राज्यमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा 14-21 जनवरी 2025 तक फिलीपींस, पलाऊ और माइक्रोनेशिया का दौरा करेंगे। मार्गेरिटा 14 जनवरी 2025 को फिलीपींस की यात्रा के दौरान फिलीपींस के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। वह मनीला के मिरियम कॉलेज में शांति शिक्षा केंद्र के परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और फिलीपींस में भारतीय प्रवासियों के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। एमओएस (पीएम) की फिलीपींस यात्रा भारत-फिलीपींस द्विपक्षीय संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के समारोह के साथ मेल खाती है।विदेश मंत्रालय के अनुसार मई 2023 में पोर्ट मोरेस्बी, पापुआ न्यू गिनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग मंच के ऐतिहासिक तीसरे शिखर सम्मेलन के बाद, विदेश राज्य मंत्री की पलाऊ और माइक्रोनेशिया की यात्रा, प्रशांत द्वीप देशों (पीआईसी) में नेतृत्व के साथ हमारी भागीदारी जारी रखने का अवसर प्रदान करेगी। पलाऊ की सरकार के निमंत्रण पर विदेश राज्य मंत्री 16 जनवरी को पलाऊ के राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल में सुरंगेल व्हिप्स जूनियर के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। यात्रा के दौरान वे पलाऊ के नेतृत्व के साथ बैठकें करेंगे। विदेश राज्य मंत्री से पलाऊ में भारत द्वारा शुरू की गई विकास परियोजनाओं के संबंध में बातचीत करने की भी उम्मीद है। विदेश राज्य मंत्री 18 जनवरी को माइक्रोनेशिया के दौरे पर जाएंगे। यह भारत की ओर से देश की पहली मंत्री स्तरीय यात्रा होगी। विदेश राज्य मंत्री अपनी यात्रा के दौरान माइक्रोनेशिया के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और उनके साथ बैठकें करेंगे।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा से चार नक्सली गिरफ्तार,भेजे गए जेल

एजेंसी

सुकमा। सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल एवं डीआरजी सुकमा ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार नक्सली वर्ष 2023 में 02 ग्रामीणों की हत्या करने की घटना में शामिल थे। यह जानकारी सुकमा एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार ने एक प्रेस नोट जारी करके दी है। गिरफ्तार सभी नक्सलियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी है कि नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सली उपस्थित की सूचना पर 08 जनवरी को चिंतागुफा थाना से डीआरजी एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान के लिए ताड़मेटला के जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान कर ग्राम ताड़मेटला के जंगल क्षेत्र में खेत लाड़ी के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे, जिन्हें पुलिस पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपितों से पुछताछ करने पर अपना नाम सोड़ी देवा पिता स्व.पोज्जा (सीएनएम सदस्य, दुलेड़ आरपीसी अन्तर्गत) ग्राम ताड़मेटला स्कूलपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा, माड़वी माड़ा पिता स्व. हुंगा (मिलिशिया सदस्य) 25 वर्ष ग्राम ताड़मेटला



माडेमपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा, सोड़ी भीमा पिता हिड़मा (मिलिशिया सदस्य, दुलेड़ आरपीसी अन्तर्गत) ग्राम ताड़मेटला स्कूलपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा तथा मोटू उर्फ अश्विन उर्फ पोड़ियाम देवा (मिलिशिया सदस्य, मेट्टागुडेम आरपीसी अन्तर्गत) ग्राम मेट्टागुड़ा थाना पामेड़ जिला बीजापुर का का होना बताया। पकड़े गए आरोपितों से कड़ाई से पुछताछ करने पर उन्होंने अपने अन्य नक्सल साथियों के साथ मिलकर ग्राम ताड़मेटला थाना चिंतागुफा के कवासी सुक्का पिता कवासी जोगा एवं माड़वी गंगा पिता माड़वी मुक्का को पुलिस मुखबिरी करने के आरोप में मोरपल्ली के जंगल में जन अदालत लगाकर हत्या करना स्वीकार किया गया। घटना के संबंध में थाना चिंतागुफा में अप.क्र.05/2023 धारा- 147, 148, 149, 302, 343, 364, ता0हि0 25, 27 आर्म्स एक्ट, जोडना धारा 8(1)(3)(5) छ.ग. विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005, एवं थाना चिंतागुफा में अप.क्र.06/2023 धारा- 147, 148, 149, 302, 343, 364, ता0हि0 25, 27 आर्म्स एक्ट,जोडना धारा 8(1) (3) (5) छ.ग. विशेष सुरक्षा अधिनियम 2005 के तहत पूर्व से प्रकरण पंजीबद्ध है। उपरोक्त पकड़े गये नक्सली आरोपित घटना कारित करने के पश्चात विगत एक वर्ष से से फरार चल रहे थे।



# वेटेरिनरी साइंस में बनाएं उज्जवल भविष्य

यदि आपको पशु-पक्षियों से प्रेम है और उनकी सेवा करना चाहते हैं तो यह पेशा कल्याण, प्रतिष्ठा और पैसे के हिसाब से बहुत ही शानदार हो सकता है। पशुओं में होने वाली बीमारियों का पता लगाकर और उनका इलाज करके जो आपको संतुष्टि मिलेगी उसका कोई मोल नहीं है। इसके अलावा आप पशुधन में इजाफा करने में अहम भूमिका निभाएंगे। वर्तमान में पशुपालन एक इंडस्ट्री के रूप में उभरकर धनोपार्जन का माध्यम बना है। यदि आप वेटेरिनरी से रिलेटेड कोर्स कर लेते हैं तो रोजगार के लिए भटकना नहीं पडेगा।

### क्या काम है वेटेरिनरी चिकित्सक

वेटेरिनरी चिकित्सक का कार्य पशुओं के स्वास्थ्य का ख्याल रखना, बीमारियों से छुटकारा दिलाना उनके रहन-सहन एवं खान-पान में सुधार करना तथा उनकी उत्पादन तथा प्रजनन क्षमता बढ़ाना होता है। इसके अलावा पशुओं से मनुष्यों में होने वाले रोगों से बचाव के लिए चिकित्सकीय उपाय ढूंढने का कार्य भी करते हैं।

### जरूरी स्किल्स

*पशु-पक्षियों से प्रेम*
*पशु पक्षियों के व्यवहार की जानकारी*
*पशु-पशुओं के मौसमी रोगों की जानकारी*
*धर्य और लगातार कार्य करने की क्षमता*
*एजुकेशनल क्वालिफिकेशन*

वेटेरिनरी साइंस में ग्रेजुएशन करने के लिए इंट्रेंस एग्जामिनेशन होता है। इस परीक्षा में बैठने के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी तथा अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ 102 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह परीक्षा वेटेरिनरी काउंसिल ऑफ इंडिया के द्व ारा हर वर्ष आयोजित की जाती है। प्रत्येक राज्य के वेटेरिनरी कालेज की 15 प्रतिशत सीटें इस परीक्षा द्व ारा भरी जाती हैं। शेष सीटें राज्य के वेटेरिनरी कॉलेज स्वयं प्रवेश परीक्षा आयोजित करके भरते हैं। इसमें पोस्टग्रेजुएशन करने के लिए वेटेरिनरी साइंस में ग्रेजुएशन और पी-एचडी. के लिए पोस्टग्रेजुएशन होना अनिवार्य है।

### जॉब्स की संभावनाएं

भारत सरकार की उदारीकरण नीतियों तथा वेटेरिनरी इंडस्ट्री के व्यावसायीकरण के कारण यह इंडस्ट्री प्रतिवर्ष ग्रोथ कर रही है। सरकारी तथा गैर सरकारी पशुचिकित्सालयों में पशुचिकित्सक, एनीमल हसबैंड्री डिपार्टमेंट, पोल्ट्री फार्म, डेयरी इंडस्ट्री, मिल्क एंड मीट प्रोसेसिंग इंडस्ट्री, फूड मैन्यूफैक्चरिंग, फार्मास्युटिकल वैक्सीन प्रोडक्शन इंडस्ट्री से संबंधित मल्टीनेशनल कम्पनियों के आने से इसमें नौकरी की डिमांड बढी है। इसके अलावा निजी अस्पताल खोलकर आप धन अर्जित कर सकते हैं, रिसर्च एंड डेवलपमेंट तथा शिक्षण संस्थानों में शिक्षक के रूप में नौकरी कर सकते हैं। इसके जानकार बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी कार्य कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- शेर-ए काश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी, जम्मू
- हिमाचल प्रदेश कृ षि विश्वविद्यालय, पालमपुर
- नरेन्द्र देव यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, फैजाबाद
- बिहार वेटरिनरी कॉलेज, पटना
- बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, रांची
- गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर
- चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार
- कालेज ऑफ वेटरिनरी साइंस एंड एनीमल हसबैंड्री मथुरा, यूपी
- एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, लुधियाना



# क्रिमिनल जस्टिस के तौर पर बनाएं सुनहरा भविष्य

वर्तमान में दुनिया में काफी अधिक संख्या में आपराधिक मामले बढ़े हैं, पुलिसिया कार्रवाई सख्त हुई है। ऐसे में, सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ लोगों को सही न्याय मिलना किसी चुनौती से कम नहीं है। बेकसूर लोग भी कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने के लिए मजबूर होने लगे हैं। ऐसे में उन्हें इंसाफ दिलाने के अलावा अपराध और इसकी प्रवृति को लेकर जो अध्ययन किया जाता है वह क्रिमिनल जस्टिस के दायों में आता है। इनसे जुड़े लोगों की मांग इन दिनों काफी बढ़ी है। अभी तक यह विषय क्रिमिनोलॉजी के तहत आता था लेकिन अब अधिकतर संस्थानों और विश्वविद्यालयों में इसकी अलग से पढ़ाई होने लगी है। ऐसे में, क्रिमिनल जस्टिस एक सिस्टम है जो सामाजिक व्यवस्था बनाने, अपराध निर्धारित करने और कानून का उल्लंघन करने वालों की सजा निर्धारित करने का कार्य करता है। यह उन लोगों को सहायता भी प्रदान करता है जिन्हें किसी आपराधिक मामले में बेवजह फंसाकर उनकी जिंदगी बर्बाद करने का कार्य किया जाता है। यदि आप क्रिमिनल जस्टिस में करियर बनाने के इच्छुक हैं तो इससे संबंधित डिग्री लेने के बाद आपके पास कई विकल्प हैं और प्रत्येक विकल्प में न सिर्फ कई तरह की नौकरियां हैं बल्कि कई नौकरियां का रास्ता विभिन्न क्षेत्रों के जरिए आगे बढ़ता है।

क्रिमिनल जस्टिस से जुड़े लोगों का वेतन उनकी नौकरी, शिक्षा और अनुभव के आधार पर तय की जाती है। हालांकि जब भी क्रिमिनल जस्टिस की बात होती है तो एकेडमिक्स और शोध की बात नहीं होती है बल्कि यह उन लोगों के लिए है जो एडवांस डिग्री हासिल करना चाहते हैं। साइकोलॉजी और फॉरेंसिक साइंस से जुड़े लोग भी इस फील्ड से जुड़ते हैं और अपने भविष्य को नई दिशा देते हैं।

## दो तरह के है ऑप्शन

सामान्य तौर पर क्रिमिनल जस्टिस करियर दो तरह का होता है, पहला एप्लायड क्रिमिनल जस्टिस और दूसरा थ्योरिटिकल क्रिमिनल जस्टिस। एप्लायड क्रिमिनल जस्टिस के तहत क्रिमिनल जस्टिस की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग आती है जबकि थ्योरिटिकल क्रिमिनल जस्टिस के तहत अपराध के व्यवहार और अपराध के प्रति समाज का व्यवहार यानी फॉरेंसिक साइकोलॉजी और क्रिमिनोलॉजी का अध्ययन किया जाता है।

## पाठ्यक्रम

क्रिमिनल जस्टिस क्रिमिनोलॉजी का एक हिस्सा है जो सामाजिक व्यवस्था के तहत अपराध, अपराध के कारण, आपराधिक व्यवहार और दूसरे मामलों का अध्ययन करता है। इससे संबंधित विभाग की शुरुआत 1916 में ब्रेकली स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में हुई थी। इस विषय का अध्ययन रिसर्च क्रिमिनोलॉजी, सोशियोलॉजी और साइकोलॉजी विषय से जुड़े लोग करते हैं। भारत में अधिकतर विश्वविद्यालयों में इसकी पढ़ाई क्रिमिनोलॉजी से संबंधित कोर्स के तहत होती है लेकिन अब कहीं-कहीं इससे संबंधित डिप्लोमा कोर्स भी संचालित किया जाने लगा है। स्नातकोत्तर और पीजी डिप्लोमा कोर्स में एडमिशन स्नातक की डिग्री के बाद लिया जा सकता है। कई बार लॉ की डिग्री होने के बाद भी आपको इससे संबंधित अतिरिक्त कोर्स करना पड़ सकता है। इसे पाने के बाद ही आप इस फील्ड में आ सकते हैं।



## नौकरी

यदि आपने क्रिमिनल जस्टिस में डिग्री हासिल की है तो आपके पास कैरियर के कई विकल्प सामने आते हैं। इससे संबंधित डिग्री लेने के बाद आप एयरपोर्ट सिक्योरिटी ऑफिसर, लॉ लाइब्रेरियन, रॉ एजेंट, अल्कोहल, टोबैके एंड फायर आर्म्स एजेंट, एटॉर्नी, मीडिया क्रिमिनोलॉजी, जुवेनाइल कोर्ट काउंसलर, मिलिट्री ऑफिसर, लॉ क्लर्क, नेवल इनवेस्टिगेटर, सेक्रेट सर्विस एजेंट, बॉर्डर पैट्रोल एजेंट, एनजीओ, टीचर, क्रिमिनोलॉजिस्ट आदि के तौर पर कार्य कर सकते हैं।

## जरूरी योग्यता

इस क्षेत्र में आप तभी आगे बढ़ सकते हैं जब आप में कुछ मौलिक गुण हो। सफल होने के लिए कोर्ट-कचहरी की भाषा लिखने और प्रस्तुत करने की क्षमता, अपराध को लेकर समाज की प्रतिक्रिया की समझ, तर्कशक्ति, शोध और साइंटिफिक मेथडोलॉजी क्षमता, आलोचनात्मक सोच, अपराध की प्रकृति की समझ, निर्णय लेने की क्षमता, साक्षात्कार लेने की क्षमता, मानविकी, समाजशास्त्र और नेचुरल साइंस का बैकग्राउंड, क्रिमिनल लॉ की जानकारी, कम्प्यूटर में दक्षता आदि जरूरी है।



# वाइल्ड लाइफ में बनाएं सुनहरा भविष्य

तेजी से कम होती जंगली प्रजातियों की संख्या ने दुनियाभर के वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों की चिता बढ़ा दी है। वन्य जीवों के साथ वनों में पाई जाने वाली तमाम तरह की प्राकृतिक संपदा को लेकर भी देश-विदेश में कई शोधकार्य चलते ही रहते हैं। वन्य जीवों के संरक्षण को लेकर पूरी दुनिया में जिस तरह के प्रयास किये जा रहे हैं उससे वाइल्ड लाइफ से जुड़े कई तरह के कैरिअर उभरकर आ रहे हैं।

इसलिए वाइल्ड लाइफ से जुड़े किसी भी क्षेत्र में कैरिअर बनाने का अर्थ है आपको रोजगार के पीछे नहीं भागना होगा बल्कि रोजगार खुद आपके पास चलकर आएगा। दरअसल वाइल्ड लाइफ खतरों व मुसीबतों से भरा क्षेत्र माना जाता है, इसलिए इस क्षेत्र में करिअर बनाने वाले बहुत कम होते हैं।इस क्षेत्र में इतनी तेजी से काम हो रहा है कि अभी भी पूरी दुनिया में लाखों की तादाद में कुशल वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट की कमी है। अगर आपके पास इस क्षेत्र से जुड़ा थोड़ा-बहुत भी अनुभव है तो समझ लीजिए आपकी लॉटरी लग गई।

वातावरण को संतुलित बनाए रखने में जितनी भूमिका पेड़-पौधे निभाते हैं उतना ही महत्व जंगली जीवों का भी होता है। इसके बढ़ते बाजार ने वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ के कैरिअर को चार-चांद लगा दिये हैं। सरकारी सस्थाओं के अलावा देश-विदेश के एनजीओ भी वाइल्ड लाइफ से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए कुशल वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ की तलाश कर रहे हैं। हालांकि इस क्षेत्र में अन्य क्षेत्रों की तरह सुविधाएं नहीं हैं लेकिन यदि आप में काम करने का जुनून है तो पैसे कोई मायने नहीं रखते। वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ के काम को समझते हुए, इसके खतरों से वाकिफ होकर सस्थाएं इस क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों को धन संबंधी समस्याएं नहीं आने देती हैं। इस क्षेत्र में करिअर बनाने के लिए सबसे जरूरी चीज है, डर पर नियंत्रण होना। खतरनाक जंगली जीवों से यदि आपको डर लगेगा तो इस क्षेत्र में काम नहीं कर पाएंगे।

### निर्णायक क्षमता जरूरी

इस क्षेत्र में करिअर बनाने के लिए निर्णायक क्षमता होना बहुत जरूरी है। वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ को सेकेंडों के अंदर निर्णय लेना होता है। ऐसे में यदि त्वरित निर्णय लेने की क्षमता नहीं हुई तो कभी-कभी वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ की जान तक चली जाती है। यदि वाइल्ड लाइफ से जुड़े शोध कार्यों में कैरिअर बनाने के इच्छुक हैं तो तमाम तरह के डाटा का संग्रह होने के साथ टेक्निकल राइटिंग स्किल्स का भी होना जरूरी है। शोधकार्यों में कई घंटों तक लगातार काम करना पड़ता है, इसलिए मेहनत का जज्बा होना भी काफी अहम होता है।

इन तमाम खूबियों के अलावा अच्छी संवाद क्षमता भी होनी चाहिए। वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ को अकसर ही विदेशी पर्यटकों या शोधकर्ताओं से संवाद स्थापित करना पड़ता है। ऐसे में यदि वह बातचीत में कुशल नहीं होगा तो अपने विचार और ज्ञान के बारे में लोगों को कैसे परिचित कराएगा। इसके अलावा आपको वाइल्ड लाइफ से जुड़ी हर तरह की जानकारी होनी चाहिए। रोमांच व साहस से भरे इस क्षेत्र में अकसर ही घर से बाहर जंगलों में रहना पड़ता है। इसलिए होमसिक होना आपकी सफलता में बाधक बन सकता है।

### शैक्षणिक योग्यता

इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए विज्ञान विषय से 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए और 12वीं के बाद बायोलॉजिकल साइंस से बीएससी की डिग्री जरूरी है। एग्रीकल्चर में बैचलर डिग्री भी इस क्षेत्र में प्रवेश दिला सकती है। फॉरेस्ट्री या इन्वायरमेंटल साइंस से भी स्नातक की डिग्री ली जा सकती है।

### शुरुआती पारिश्रमिक

निजी क्षेत्र में वाइल्ड लाइफ साइंटिस्ट को शुरुआती चरण में 30 से 40 हजार रुपये मासिक तनख्वाह मिलती है। इसमें डिविजन अधिकारी भी शामिल होते हैं। मध्य अवस्था तक पहुंचते-पहुंचते यह 80 हजार रुपए तक हो सकती है। पीएचडी डिग्री होल्डर एक वरिष्ठ वैज्ञानिक की एक लाख रुपये प्रतिमाह तक आय हो सकती है। इसके विपरीत एनजीओ या सरकारी विभाग में वाइल्ड लाइफ साइंस से जुड़े कर्मचारियों को काफी ऊंची तनख्वाह पर नौकरियां मिलती हैं।



## लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग के कारण लेकर्स और हॉर्नेट्स का मैच हुआ स्थगित



एजेंसी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स प्रांत के जंगलों में लगी भीषड़ आग के कारण राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल एसोसियेशन (एनबीए) ने लॉस एंजिल्स लेकर्स और शार्लोट हॉर्नेट्स के बीच होने वाले बॉस्केटबॉल मैच को स्थगित कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एनबीए ने कहा, पूरा एनबीए परिवार इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान लॉस एंजिल्स के समुदाय के लिए अपनी संवेदनाएँ और समर्थन व्यक्त करता है। एनबीए ने कहा कि मैच की पुर्ननिर्धारित तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

## तमीम इकबाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की पुष्टि की। तमीम की घोषणा बांग्लादेश चयन पैनल द्वारा आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए खुद को उपलब्ध रखने के लिए कहने के बाद आई है। तमीम ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, 'मैं लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हूं। वह दूरी बनी रहेगी. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मेरा अध्याय ख़त्म हो गया है। मैं काफी समय से इस बारे में सोच रहा था. अब जब चैंपियंस ट्रॉफी जैसा बड़ा आयोजन आ रहा है, तो मैं किसी का ध्यान उस पर केंद्रित नहीं करना चाहता, जिससे टीम अपना फोकस खो सकती है' बेशक, मैं पहले भी ऐसा नहीं चाहता था।' उन्होंने कहा, कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने ईमानदारी से मुझसे टीम में लौटने के लिए कहा। चयन समिति से भी चर्चा हुई. मुझे अभी भी टीम में मानने के लिए मैं उनका आभारी हूं। हालाँकि, मैंने अपने दिल की बात सुनी है। तमीम ने फरवरी 2007 में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने जल्द ही सभी प्रारूपों में अपनी छाप छोड़ी और खुद को बांग्लादेश टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया। बाएं हाथ का बल्लेबाज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मुश्फिकुर रहीम के बाद बांग्लादेश के लिए दूसरा सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी है। तमीम के नाम सभी प्रारूपों में बांग्लादेशी बल्लेबाज के रूप में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय शतक भी हैं।

## पंजाब एफसी ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से छीनी जीत, ड्रा कराया मैच

**गुवाहाटी।** पंजाब एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में पहली बार ड्रा खेलकर लगातार चार मैचों के हार के सिलसिले को आखिरकार तोड़ दिया। पंजाब ने अंतिम समय में हुए गोल की मदद से इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए आईएसएल 2024-25 मुकाबले में मेजबान नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के लिए मोरोक्कन विंगर अलाएद्दीन अजारेई ने 24वें मिनट में सीजन का अपना 15वां गोल किया जबकि पंजाब एफसी की ओर से मिडफील्डर खैमिंथांग लहुंगडिम ने 82वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इस मुकाबले में रैफरी तेजस नागवेंकर ने दोनों हेड कोचों जुआन पेड्रो बेनाली और पेनागियोटिस दिलमपेरिस को डबल येलो (रेड कार्ड) कार्ड दिखाए। उन्होंने कुल 14 येलो कार्ड दिखाए। पंजाब एफसी के बोस्नियाई लेफ्ट-विंगर अस्मिर सुल्जीक को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। हाईलैंडर्स के हाथ से जीत फिसलने से स्पेनिश हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली निश्चित रूप से निराश होंगे। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी 15 मैचों में छह जीत, पांच ड्रा और चार हार से 23 अंक लेकर तालिका में छठे से पांचवें स्थान पर आ गई है। वहीं, पंजाब एफसी द्वारा पिछड़ने के बाद बराबरी हासिल करने से ग्रीक हेड कोच पेनागियोटिस दिलमपेरिस जरूर राहत महसूस कर रहे होंगे।

## आईएसएलः ईस्ट बंगाल एफसी पर दबदबा बरकरार रखना मैरिनर्स का लक्ष्य

**गुवाहाटी।** मोहन बागान सुपर जायंट इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेली जाने वाली इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 की कोलकाता डर्बी में ईस्ट बंगाल एफसी से भिड़ेंगे, तो वे चिर-प्रतिद्वंद्वियों पर अपना दबदबा कायम रखना चाहेंगे। मैरिनर्स ने दोनों टीमों के बीच नौ आईएसएल मुकाबलों में से आठ जीते हैं। मोहन बागान सुपर जायंट 14 मैचों में 10 जीत, दो ड्रा और दो हार से 32 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर हैं। ईस्ट बंगाल एफसी 14 मैचों में चार जीत, दो ड्रा और आठ हार से 14 अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर हैं। मैरिनर्स ने ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ प्रति मैच 2.4 गोल की औसत 22 गोल करने का प्रभावशाली रिकॉर्ड बनाया है जबकि रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड मोहन बगान के खिलाफ 0.56 गोल प्रति मैच की औसत से केवल पांच गोल कर पाई है, जो कि किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उनका दूसरा सबसे कम आंकड़ा है। लीग डबलः मैरिनर्स आईएसएल में ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ अपना चौथा लीग डबल पूरा करने उतरेंगे। उन्होंने ईस्ट बंगाल के खिलाफ अपने नौ आईएसएल मुकाबलों में से प्रत्येक में गोल किया है।

# भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को छह विकेट से हराया

एजेंसी

**राजकोट।** प्रतिका रावल (89) और तेजल हसबनिस (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारतीय महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड की महिला टीम को 93 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया हैं। इसी के भारतीय टीम ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। आयरलैंड के 239 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। 10 ओवर में फ्रैया सार्जेंट ने स्मृति मंधाना को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। स्मृति मंधाना ने 29 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (41) रनों की पारी खेली। इसके बाद हरलीन देओल (20) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (नौ) रन बनाकर आउट हुई। 34वें ओवर में एमी मग्वायर ने शतक की ओर बढ़ रही प्रतिका रावल को आउटकर



पवेलियन भेज दिया। प्रतिका रावल ने 96 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (89) रन बनाये। तेजल हसबनिस 46 गेंदों में 53 रन बनाकर नाबाद रही। ऋचा घोष ने (नाबाद आठ) रन बनाये। भारत ने 34.3 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। आयरलैंड की ओर से एमी मग्वायर ने तीन विकेट लिये। फ्रैया सार्जेंट ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड ने कप्तान गैबी लुईस (92) और ली पॉल (59) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत को जीत के लिए 239 रनों का लक्ष्य दिया था। आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 56 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये थे। सारा फोब्स (नौ), उना रेमंड-होयी (पांच), ऑर्ला प्रैंडरगस्त (नौ) और लॉरा डेलेनी (शून्य) पर आउट हुई। ऐसे संकट के समय गैबी लुईस और ली पॉल की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिये 117 रनों की साझेदारी हुई। 39वें ओवर में ऋचा और हरलीन ने ली पॉल को रनआउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ली पॉल ने 73 गेंदों में 59 रन बनाये। 44वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने शतक की ओर बढ़ रही गैबी लुईस को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। लुईस ने 129 गेंदों में 15 चौकों की मदद से (92) रनों की पारी खेली। आयरलैंड का सातवां विकेट 50वें ओवर में आर्लीन केली (28) के रूप में गिरा। क्रिस्टिना कुल्टर रीली (15) और जॉर्जिना डेम्पसी (पांच) रन बनाकर नाबाद रही।

## बॉक्सिंग की नर्सरी बनेगा पिथौरागढ़ : रेखा आर्य

एजेंसी

**पिथौरागढ़/नैनीताल।** उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि राज्य का सीमांत जनपद पिथौरागढ़ बॉक्सिंग की नर्सरी बनकर उभरेगा। श्रीमती आर्य ने यह बात पिथौरागढ़ के हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर लेलू में बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल का लोकार्पण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर कई बॉक्सर दिए हैं और अब मुझे उम्मीद है कि पिथौरागढ़ बॉक्सरों की नर्सरी बनकर उभरेगा। खेल मंत्री ने पूजन हवन के साथ ही विधिवत् बहुउद्देशीय क्रीडा हाल का लोकार्पण किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब खेलों और खिलाड़ियों का युग आ चुका है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हमने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि अगर आप खेलों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपको अपने करियर की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश ओलंपिक के आयोजन की दावेदारी में जुटा है और ऐसे में पिथौरागढ़ में राष्ट्रीय खेलों की बॉक्सिंग प्रतियोगिता का होना गौरव की बात है। इससे यहां नई बॉक्सिंग



प्रतिभाओं को निखरने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने खिलाड़ियों का भी आह्वान करते हुए कहा कि सरकार ने आधारभूत ढांचा खड़ा करके तैयारी पूरी कर दी है और अब जिम्मेदारी आपके कंधों पर है, आपको अपने हुनर को इस तरह निखारना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और राज्य का नाम रोशन हो सके। खेल मंत्री ने बहुउद्देशीय हाल तक पहुंचने वाली सड़क का निर्माण भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

## चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में स्थानीय जोड़ी के खिलाफ रोमांचक जीत दर्ज करते हुए मलेशिया ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां 50 मिनट तक चले मुकाबले में चिराग-सात्विक ने मलेशिया की ओंग यू सिन और टेओ ई यी की जोड़ी को सीधे गेम में 26-24, 21-15 से शिकस्त दी। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम प्रदर्शन करते हुए ओंग यू सिन और टियो ई यी की मलेशियाई जोड़ी से मिली कांटे की टक्कर दी। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 11-9 की बढ़त हासिल की, लेकिन ओंग यू सिन और टियो ई यी ने 13-13 से स्कोर की बराबरी की। इसके बाद भी मुकाबला बराबरी पर रहा। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार अंक हासिल कर 26-24 से जीत दर्ज की। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए स्कोर के अंतर को बड़ा दिया और दूसरे गेम में 21-15 से जीत के साथ मैच अपने नाम कर लिया। सेमीफाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना दक्षिण कोरिया के किम वोन हो और सेओ सेउंग जे से होगा।



## तेज गेंदबाज वरुण ऐरन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज वरुण ऐरन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया हैं। ऐरन ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, पिछले 20 वर्षो से मैंने अपनी तेज गेंदबाजी को जिया और महसूस किया है, लेकिन आज में क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। मेरी यह यात्रा ईश्वर, परिवार, मित्रो, टीम के साथियों, कोच, सहायक स्टाफ और प्रशंसकों के बिना कभी संभव नहीं था। सालों से मैं अपने करियर को समाप्त करने वाली चोट से जूझता रहा और वापस भी आया। राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी में जो कोच, फिजियो और ट्रेनर थे, उनकी वजह से ही यह संभव हो पाया। मैं इसके अलावा बीसीसीआई, झारखंड राज्य क्रिकेट संघ, रेड बुल और एसजी क्रिकेट को धन्यवाद देता हूं। मेरे करियर को संवारने में इनका अहम रोल रहा है।



मैं संन्यास के बाद भी क्रिकेट से जुड़ा रहूंगा। तेज गेंदबाजी मेरा पहला परिवार है। ऐरन ने पिछले साल ही रणजी ट्रॉफी से संन्यास लिया था। ऐरन भारत के लिए टेस्ट और एकदिवसीय दोनों खेल चुके हैं, जहां पर उन्होंने नौ टेस्ट मैचों में 18 और नौ एकदिवसीय मैचों में 11 विकेट लिए। ऐरन ने भारत के लिए अपना आखिरी मैच 2015 में खेला था। ऐरन आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, कोलकाता नाइटराइडर्स, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के लिए खेले। पिछली बार वह 2022 में आईपीएल खेले थे। हाल ही में उनको कॉमेंट्री बॉक्स में कॉमेंट्री करते हुए भी देखा गया।

# महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

एजेंसी

**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र ने किया। शुभारंभ पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार भी मौजूद रहे।

डा. सुभाष चंद्र ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देते हैं। यह सोच हमें जीवन की हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इसलिए हमें नियमित रूप से खेल और व्यायाम जैसी गतिविधियों को अपनाना चाहिए, ताकि हमारा शरीर तथा मन स्वस्थ रह सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी से ही ऐसे आयोजनों का महत्व और उद्देश्य सार्थक होता है। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि ग्रामीण आंचल



की महिलाएं अपने कामकाज के साथ-साथ खेलों में भाग लेने में भी रूचि दिखा रही हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सुदेश कुमारी ने बताया कि खंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं की विजेता महिला खिलाडि़यों ने इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। प्रतियोगिता के विजेता प्रथम को 4100 रुपये, द्वितीय को 3100 रुपये तथा तृतीय को 2100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

म्यूजिकल चेयर कंपीटिशन में ऐलनाबाद से कमलेश प्रथम, सिरसा से पूजा द्वितीय तथा नाथूसरी चौपटा से संगीता तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार 100 मीटर रेस में गांव डबवाली की संतोष प्रथम, बड़ागुढा से सोनू द्वितीय तथा नाथूसरी चौपटा से समेस्ता तृतीय रही जबकि 300 मीटर रेस में सुखचैन से सीमा को प्रथम, सुल्तानपुरिया से अमनदीप को द्वितीय तथा मिठनपुरा से पूनम को तृतीय स्थान मिला।वहीं, 400 मीटर रेस में सिरसा से मनीषा प्रथम, ऐलनाबाद से ज्योति द्वितीय तथा रानियां से कर्मपाल तृतीय स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो में सिरसा से सरोजबाला प्रथम, ऐलनाबाद से मंजू द्वितीय तथा ऐलनाबाद से लखविंद्र तृतीय स्थान पर रही। साइकिल रेस में सिरसा से ख्याति प्रथम, रानिया से वीरपाल द्वितीय तथा रानियां जसविंद्र तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की इंचार्ज मंजू चौधरी, सुपरवाइजर और आंगनवाड़ी वर्कर भी मौजूद रहीं।

## नीरज चोपड़ा वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक एथलीट : अमेरिका पत्रिका

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका की प्रतिष्ठित खेल पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' ने भारत के नीरज चोपड़ा को वर्ष 2024 का सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक एथलीट चुना है। 27 वर्षीय भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा को पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीतने और पूरे सत्र में छह स्पर्धाओं में भाग लेते हुए दो बार शीर्ष पर और शेष चार में उपविजेता के रूप में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है। नीरज चोपड़ा ने 2024 सत्र की शुरुआत मई में दोहा डायमंड लीग में 88.36 मीटर थ्रो के साथ की और वह चेकिया के जैकब वाडलेज के बाद दूसरे स्थान पर रहे। टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता ने फिनलैंड में पावो नूरमी गेम्स और भारत में नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता जीती। इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में 89.45 मीटर थ्रो के साथ अरशद नदीम के 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। लुसाने डायमंड लीग में चोपड़ा ने अपने करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ 89.49 मीटर थ्रो किया और ब्रुसेल्स में अपने सत्र का समापन किया। चोपड़ा दोनों प्रतियोगिताओं में पेरिस 2024 के कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

ट्रैक एंड फील्ड न्यूज ने जैवलिन थ्रो में एंडरसन पीटर्स को दूसरे स्थान पर और पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम छठे स्थान पर रहे थे। पाकिस्तान के एथलीट नदीम ने केवल दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं भाग लिया था जिसके कारण पत्रिका ने नदीम की सीमित भागीदारी को उनकी कम रैंकिंग का कारण बताया। उन्होंने ओलंपिक में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया था।

## अस्मिता खेलो इंडिया महिला योगासन लीग में 7000 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

एजेंसी

**बक्करवाला।** राष्ट्रीय अस्मिता खेलो इंडिया महिला योगासन लीग 2024-25 में पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड में होने वाले आगामी राष्ट्रीय खेलों से पहले बड़ी उम्मीदों के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता संपन्न हुई। आनंद धाम आश्रम, बक्करवाला, नांगलोई नजफगढ़ रोड पर पांच से सात जनवरी तक आयोजित लीग के अंतिम चरण में 270 से अधिक एथलीटों ने हिस्सा लिया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने एथलीटों को बधाई दी। उन्होंने भारत में योगासन के बढ़ते महत्व पर जोर देते हुए कहा कि 2026 एशियाई खेलों में इसे शामिल भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योगासन को अब 2026 एशियाई खेलों (जापान) में एक प्रदर्शनकारी खेल के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा उत्तराखंड में होने वाले आगामी 38वें



राष्ट्रीय खेलों में भी इसे एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल किया गया है।

राष्ट्रीय लीग के लिए प्रतिभागियों ने पिछले वर्ष देशभर में आयोजित क्षेत्रीय चैंपियनशिप के माध्यम से अर्हता प्राप्त की। इसमें 7000 से अधिक महिला एथलीटों ने भाग लिया। लीग में पांच श्रेणियां : पारंपरिक योगासन, कलात्मक योगासन (एकल), कलात्मक योगासन (जोड़ी), लयबद्ध योगासन (जोड़ी) और कलात्मक योगासन (समूह) शामिल थीं। भारत के चार क्षेत्रों से अंडर-18 और 18 से ऊपर की आयु वर्ग के शीर्ष आठ एथलीटों ने पांच श्रेणियों में भाग लिया।

## तमिलनाडु ड्रैगन्स ने श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को 2-1 से हराया



एजेंसी

**राउरकेला।** तमिलनाडु ड्रैगन्स ने हीरो हॉकी इंडिया लीग के रोमांचक मैच में श्राची बंगाल टाइगर्स को 2-1 से हराया। आज यहां बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में तमिलनाडु ड्रैगन्स के लिए कार्थी सेल्वम ने (16वें) और उत्तम सिंह ने (37वें) मिनट में गोल दागा।

पहला क्वार्टर दोनों टीमों ने गोल करने की प्रयासें के बावजूद गोल रहित रहा। कार्थी ने दूसरे क्वार्टर के कुछ सेकंड के भीतर ही गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद श्राची बंगाल टाइगर्स के रुपिंदर पाल सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक से गोल कर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। ड्रैगन्स ने 37वें मिनट उत्तम सिंह के गोल की बदौलत फिर से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद दोनों टीमें पेनल्टी कॉर्नर और पेनल्टी स्टोक के मौकों को भुनाने में विफल रही। अंततः तमिलनाडु ने रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 2-1 से जीत लिया। इस जीत के साथ तमिलनाडु ड्रैगन्स अंक तालिका में शीर्ष पर पहुचं गई है।

## नागल और बोपन्ना ऑस्ट्रेलियन ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ओलंपियन सुमित नागल और रोहन बोपन्ना रविवार को मेलबर्न पार्क में शुरु हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। सुमित नागल पुरुष एकल में चेकिया के 26वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी तोमस माचाक के खिलाफ अपने मुकाबले की शुरुआत करेंगे। यह नागल का पांचवां ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ और तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन होगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष सुमित नागल ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुलविक को हराकर क्वालीफाइंग राउंड से मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। 2024 में ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ सीजन-ओपनिंग ग्रैंड स्लैम जीतने वाले रोहन बोपन्ना इस बार कोलंबिया के निकोलस बैरिएंटोस के साथ टीम बनाएंगे। वहीं, एबडेन बेल्जियम के जोरेन व्लीजन के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। युकी भांबरी



अपने फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी के साथ टीम बनाएंगे, जबकि एन श्रीराम बलाजी और रिथविक बोल्लिपल्ली भी युगल में भाग लेंगे। टूर्नामेंट के लिए युगल ड्रॉ बाद में घोषित किए जाएंगे। साल के चार टेनिस ग्रैंड स्लैम में से ऑस्ट्रेलिया ओपन पहला टूर्नामेंट होगा और 25 जनवरी को पुरुष एकल और महिला युगल के फाइनल के साथ इस टूर्नामेंट का समापन होगा।

## रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 : गत विजेता मार्युल स्पामो ने शानदार जीत के साथ महिला फाइनल में प्रवेश किया

एजेंसी

**लेह।** महिला वर्ग में गत विजेता मार्युल स्पामो ने रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के पहले सेमी-फाइनल में हमास क्विंस के खिलाफ 11-0 की शानदार जीत हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई। कप्तान पद्मा चोरोल इस मैच में प्रमुख खिलाड़ी रही, जिन्होंने चार गोल किए और सीजन की दूसरी हैट्रिक पूरी की । पुरुषों के वर्ग में हमास वारियर्स ने वसीम बिलाल की कप्तानी में 11-3 की शानदार जीत दर्ज की, जिससे उन्होंने सेमी-फाइनल में जगह बनाई। वसीम ने छह गोल किए, जो इस दिन के मैचों में किसी भी खिलाड़ी द्वारा किए गए सबसे अधिक गोल थे । चांगथांग शांस ने शम वोल्व्स के खिलाफ 2-2 के ड्रॉ के बाद सेमी-फाइनल में जगह पाई, जबकि जांस्कर चादर टैमर्स ने अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में 4-0 की जीत के साथ अपनी सीज़न की समाप्ति की। सभी तीन सेमी-फाइनल कल होंगे। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 का आयोजन लद्दाख प्रशासन और लद्दाख आइस हॉकी एसोसिएशन के साझेदारी से नवांग डोरजे स्टोबडन (एनडीएस ) स्टेडियम, लेह में हो रहा है। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 का अंतिम ग्रुप स्टेज दिन चांगथांग शांस और शम वोल्व्स के बीच रोमांचक मुकाबले से शुरू हुआ। पिछले साल के रनर-अप शांस ने पहले पीरियड में रक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाया, और 9वें मिनट में वोल्व्स के स्टानजिन नामग्याल द्वारा की गई गलती के कारण आत्म-गोल से 1-0 की बढ़त बनाई। 26वें मिनट में टेयरिंग नुर्बू द्वारा शानदार बराबरी गोल के बाद, वोल्व्स ने वापसी की वहीं दूसरे पीरियड में दोनों टीमों ने महत्वपूर्ण मौके गंवाए। अंतिम पीरियड में तीव्र क्रिया हुई, जब नुर्बू का दूसरा गोल वोल्व्स को 47वें मिनट में 2-1 की बढ़त दिलाया। लेकिन शांस के कप्तान चांबा त्सेतन ने 50वें मिनट में देर से गोल करके अपनी टीम को 2-2 से बराबरी पर लाया और सेमी-फाइनल में अपनी जगह पक्की की। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के सातवें दिन हमास वारियर्स ने चांगला ब्लास्टर्स को 11-3 से हराकर सेमी-फाइनल में जगह बनाई। वारियर्स ने शुरुआती समय में धमाकेदार प्रदर्शन किया, जिसमें हिलाल अल शेख ने सिर्फ 4 मिनट में पहला गोल किया। कप्तान वसीम बिलाल ने 8वें मिनट में बढ़त दोगुनी की। हालांकि ब्लास्टर्स के कप्तान नामगैल नुर्बू ने 10वें मिनट में गोल करके प्रतिक्रिया दी, लेकिन वारियर्स ने अपने जवाबी हमलों से बढ़त बनाए रखी, और वसीम ने पहले पीरियड के आखिरी क्षणों में गोल करके 3-1 की बढ़त दिलाई। दूसरे पीरियड में ईसा मोहम्मद ने वारियर्स की बढ़त और बढ़ाई। जबकि ब्लास्टर्स ने एक गोल किया, वारियर्स ने और गोल किए, जिसमें वसीम की शानदार हैट्रिक भी शामिल थी । अंत में वारियर्स ने 11-3 के स्कोर के साथ मैच खत्म किया। इस जीत के साथ हमास वारियर्स ने न केवल सेमी-फाइनल में जगह बनाई, बल्कि इस सीज़न में किसी भी टीम द्वारा किए गए सबसे अधिक गोल का रिकॉर्ड भी तोड़ा। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के पहले महिला सेमी-फाइनल में गत विजेता मार्युल स्पामो ने हमास क्विंस को 11-2 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। रिंछेन डोलमा ने पहले ही मिनट में गोल करके स्पामो के लिए शुरुआत की, इसके बाद कप्तान पद्मा चोरोल ने दूसरे मिनट में गोल किया। शबिना खावसर ने 9वें मिनट में एक और गोल किया, और पद्मा ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए 14वें मिनट में हैट्रिक पूरी की। पहले पीरियड के अंत तक स्पामो ने 5-0 की बढ़त बनाई। दूसरे पीरियड में स्पामो का दबदबा और बढ़ा, और उन्होंने 8-1 की बढ़त बनाई। अंतिम पीरियड में भी स्पामो का प्रदर्शन जारी रहा, और पद्मा ने अपने चौथे गोल से 11-2 के स्कोर से मैच खत्म किया।



## हमें बस 5 मिनट पहलेलॉस एंजेलिस की आग से बाल-बाल बचीं

# नोरा फतेही

## खुद किया खुलासा

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में लगी आग से हजारों इमारतें तबाह हो गईं और 1 लाख 30 हजार से ज्यादा लोगों को अपना घर खाली करने पर मजबूर होना पड़ा है. पड़ोसी राज्यों के फायर फाइटर्स भी आग बुझाने की कोशिश में लगे हुए हैं, लेकिन अभी इस पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है और लगातार ये बढ़ती जा रही है. मंगलवार को पैसिफिक पैलिसेड्स में लगी विनाशकारी आग तेजी से फैल गई है और 15,000 एकड़ से ज्यादा एरिया को अपनी चपेट में ले लिया है. ये इलाका मशहूर हस्तियों के घरों के लिए जाना जाता है, जिनमें से ज्यादातर हॉलीवुड सेलिब्रिटीज हैं. इसी क्रम में एक्ट्रेस नोरा फतेही भी जंगल की आग में फंस गई थीं और उनको अपना घर खाली करके भागना पड़ा. नोरा ने वीडियो शेयर करके पूरी कहानी बताई है.

नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर दो वीडियो पोस्ट किए हैं. पहले वीडियो में वो जंगलों की आग को दिखा रही हैं. वहीं दूसरे वीडियो में उन्होंने बताया कि कैसे वो फटाफट वहां से अपना सारा सामान पैक करके जान बचाकर भाग निकली हैं.

**आग से बचकर निकलीं नोरा**

नोरा फतेही ने वीडियो शेयर कर कहा, मैं लॉस एंजेलिस में हूं और जंगल की आग बहुत भयानक है. मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा, ये क्रेजी कर देने वाला है. हमें 5 मिनट पहले ही यहां से जाने का आदेश मिला है, इसलिए मैंने जल्दी से अपना सारा सामान पैक किया और मैं यहां से इस इलाके से निकल रही हूं. मैं एयरपोर्ट के पास जाऊंगी और वहीं रहूंगी, क्योंकि आज मेरी एक फ्लाइट है और मुझे उम्मीद है कि मैं इसे ले पाऊंगी. मुझे उम्मीद है कि ये कैंसिल नहीं होगी, क्योंकि ये सब बहुत डरावना है. मैंने पहले कभी ऐसा एक्सपरियंस नहीं किया है. मैं आप लोगों को अपडेट देती रहूंगी. उम्मीद है कि मैं समय पर बाहर निकल पाऊंगी. और हां मुझे उम्मीद है कि लॉस एंजेलिस में लोग सुरक्षित रहें.

**प्रियंका चोपड़ा ने भी शेयर किया पोस्ट**

इससे पहले नोरा ने कार से आग दिखाते हुए एक छोटा सा वीडियो शेयर किया था. इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, एलए में आग अभी बहुत भयानक हैज मुझे उम्मीद है कि सभी ठीक होंगे. प्रियंका चोपड़ा ने भी अपने लॉस एंजेलिस मैंशन से एक वीडियो शेयर किया.

इसमें उनके घर से कुछ मील दूर एक पहाड़ी पर आग दिखाई दे रही थी. प्रियंका ने पोस्ट करते हुए लिखा, मेरी संवेदनाएं सभी के साथ हैं. मुझे उम्मीद है कि हम सभी आज रात सुरक्षित रहेंगे. एक्ट्रेस ने रेस्क्यू करने वाले और फायर फाइटर्स को उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद दिया.

## एक इंच भी हिल जातीं जूही चावला, तो कट जाती गर्दन, खतरनाक तरीके से शूट हुआ था इस फिल्म का क्लाइमैक्स



साल 1999 में एक फिल्म रिलीज हुई थी 'अर्जुन पंडित.' इस फिल्म में जूही चावला और सनी देओल नजर आए थे. फिल्म मारधाड़, एक्शन से भरपूर थी और इसके गाने सुपरहिट थे. फिल्म के क्लाईमैक्स में सनी देओल बुरी तरह से घायल हो जाते हैं और जूही चावला उनको बचाने की कोशिश करती हैं. इस क्लाईमैक्स सीन के दौरान जूही की एक चूक के चलते उनकी गर्दन कट सकती थी. एक्ट्रेस ने खुद एक पुराने इंटरव्यू के दौरान इस बात का खुलासा किया था कि 'अर्जुन पंडित' के लिए उन्होंने रेलवे ट्रैक के नीचे तीन फीट गहरे ट्रेंच (गड्ढे) में ये सीन शूट किया था.

जूही चावला ने बड़े-बड़े एक्टर्स के साथ फिल्में की हैं और वो हिट भी रही हैं. उन्हीं में से एक फिल्म है 'अर्जुन पंडित', जिसके डायलॉग्स भी खूब मशहूर हुए थे. इस फिल्म के क्लाईमैक्स की शूटिंग बड़े खतरनाक तरीके से हुई थी. जूही चावला ने खुद इससे जुड़ी पूरी कहानी बताई थी.

**जरा सी चूक और कट जाती मेरी गर्दन**

साल 2022 में ई-टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू के दौरान जूही ने कहा कि, अर्जुन पंडित की शूटिंग रेलवे यार्ड में हो रही थी. तभी क्लाईमैक्स में सीन है, जिसमें सनी देओल और मुझे गुंडों को चकमा देने के लिए छिपना होता है. मैं और सनी देओल महालक्ष्मी यार्ड में रेलवे ट्रैक के नीचे तीन फीट गहरे ट्रेंच में छिपे थे. इस सीन के लिए हमारे ऊपर से हाई स्पीड में ट्रेन को गुजरना होता है. उस वक्त हम दोनों किसी भी हालत में उस ट्रेंच में से एक इंच भी नहीं हिल सकते थे. क्योंकि अगर उस वक्त जरा सी चूक हो जाती तो मेरी गर्दन कट सकती थी.

**शायद दोबारा कभी न करूं वो सीन**

जूही चावला ने आगे बताया, तब मैंने सनी को कसकर पकड़ रखा था और सबकुछ भगवान भरोसे छोड़ दिया था. अगर मुझसे वो सीन दोबारा करने के लिए कहा जाता तो शायद मैं कभी उसे दोबारा नहीं करती. सनी देओल और जूही चावला की जोड़ी इस फिल्म में पसंद की गई थी. दोनों ने साथ में फिल्म डर में भी काम किया है.

## कौन है कुनिका सदानंद, जिसका कुमार सानू संग जुड़ा था नाम, पहली पत्नी ने मचा दी थी तोड़फोड़?



कुमार सानू म्यूजिक इंडस्ट्री में बड़ा नाम है, उन्होंने कई सारी फिल्मों में अपनी आवाज दी है. हालांकि, प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही वो अक्सर ही अपने पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में बने रहे हैं, जिसमें से खासकर की उनकी लव लाइफ है. हालांकि, सिंगर का एक अफेयर उनकी पहली शादी टूटने की वजह भी बन गया. हाल ही में इस बात दोबारा जिक्र इसलिए हो रहा है कि उनकी एक्स गर्लफ्रेंड ने अपने रिश्ते के बारे में खुलकर एक इंटरव्यू में बात की है.

90 के दशक के फेमस सिंगर कुमार सानू अपने अफेयर को लेकर काफी चर्चा में रहे हैं. उनका पहला नाम एक्ट्रेस कुनिका सदानंद के साथ जुड़ा था, हालांकि वो उस वक्त शादीशुदा थे और उनके बच्चे भी थे. जिस वक्त दोनों की मुलाकात हुई थी, उस समय कुमार सानू ने अपनी अच्छी पहचान बना ली थी और कुनिका अभी अपने स्ट्रगल के दौर में थीं. कुनिका टीवी इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं. उन्होंने 'लाखों में एक' फिल्म में भी काम किया है. एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में अपने रिश्ते के बारे में बात की है, साथ ही उन्होंने ये भी बताया है कि किस तरह से सिंगर की पहली पत्नी गुस्से में उनकी कार तोड़ दी थी.

**मुश्किल दौर में थी पहली शादी**

हाल ही में कुनिका सदानंद सिद्धार्थ कनन के पॉडकास्ट में नजर आईं. इस दौरान एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उनका और कुमार सानू का रिश्ता पति-पत्नी जैसा था. कुनिका ने बताया कि जब वो ऊंटी में अपने फिल्म की शूटिंग कर रही थी, तो उसी दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी. उस वक्त कुमार सानू वहां अपनी बहन और भतीजे के साथ छुट्टियों के लिए गए थे. एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो उस वक्त उनका और उनकी पहली पत्नी रीता का रिश्ता मुश्किल दौर में था, जिससे सिंगर काफी परेशान थे.

**5 साल बाद टूट गया रिश्ता**

कुनिका ने बताया कि एक दिन सिंगर काफी नशे में हो गए थे और होटल की खिड़की से कूदने जा रहे थे. उसी वक्त सभी ने उन्हें संभाला, जिसके बाद से दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी. ऊंटी से वापस आने के बाद ही सिंगर अपनी पत्नी से अलग रहने लगे और फिर उनका और कुनिका का रिश्ता परवान चढ़ने लगा. हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को पब्लिक तौर पर सामने नहीं लाया था. एक्ट्रेस ने बताया कि वो दोनों एक साथ करीब 5 साल तक थे, उन्होंने कहा, मैं उनके लिए पत्नी की तरह थी, मैं उन्हें अपने पति की तरह मानती थी.

**एक्ट्रेस की तोड़ दी थी गाड़ी**

हालांकि, इन सभी के बीच कुमार सानू की पहली पत्नी को एक्ट्रेस से काफी परेशानी होने लगी थीं. इसकी वजह ये थी कि कुमार सानू जब भी रीता को पैसे देने में देर कर देते थे, तो वो इसकी वजह कुनिका को ठहराती थीं. एक्ट्रेस ने बताया कि पैसे न मिलने के गुस्से में उन्होंने हॉकी स्टिक से उनकी गाड़ी तोड़ दी थी, साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि वो उनके घर के बाहर आकर चिल्लाती भी थीं. कुनिका ने कहा कि मैं उस वक्त उन्हें समझती थी, क्योंकि वो सिंगर को नहीं बल्कि सिर्फ अपने बच्चों के लिए पैसे चाहती थीं.


## ब्रेकअप के बाद फिर साथ नजर आएंगे आदित्य और

# श्रद्धा कपूर

## रोमांस करते आएंगे नजर



पहली बार आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर 'आशिकी 2' में नजर आए थे, जो कि साल 2013 में आई थी. फिल्म के रिलीज होने के बाद से ही दोनों स्टार्स लोगों के ऑनस्क्रीन फेवरेट कपल बन गए है. हालांकि, इस फिल्म के बाद दोनों साल 2017 में शाद अली की फिल्म ओके जानू में दिखे थे. उसके बाद से दोनों किसी फिल्म में नजर नहीं आए. बीच में दोनों की डेटिंग की खबरें भी काफी फैल रही थी, हालांकि, कुछ वक्त बाद ही दोनों एक-दूसरे से अलग हो गए. अब खबर आ रही है कि दोनों वापस से एक रोमांटिक फिल्म के लिए साथ आने वाले हैं.आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी एक बार फिर से बड़े पर्दे पर नजर आने वाली है, जिसका फैन्स काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे थे. दोनों की केमिस्ट्री को ऑडियंस बहुत पसंद करते हैं.



खबर है कि फिल्ममेकर मोहित सूरी की अगली फिल्म में दोनों रोमांस करते नजर आएंगे, हालांकि इसको लेकर अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है. लेकिन खबर की मानें, तो ये प्रोजेक्ट फाइनल होने के आखिरी फेज में ही है.

**साथ में काम करने को तैयार**

फिल्मफेयर के एक सोर्स ने इस बारे में बात करते हुए बताया कि मोहित और उनकी क्रिएटिव टीम फिल्म की स्टोरी और इसकी स्टोरी लाइन पर काम करने में लगी हुई है. आने वाले कुछ हफ्तों में ही फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी की जा सकती है. सोर्स ने ये भी बताया है कि दोनों स्टार्स साथ में फिल्म करने के लिए तैयार हैं. 'आशिकी 2' भी मोहित सूरी की डायरेक्ट की हुई फिल्म है.

**'ओके जानू' में आए थे नजर**

इससे पहले दोनों की जोड़ी को मोहित सूरी की फिल्म में पसंद किया गया था, अब आने वाली फिल्म की खबर के बाद सभी लोग एक्साइटेड हैं. हालांकि, दोनों की फिल्म 'ओके जानू' को दर्शकों ने ज्यादा प्यार नहीं दिया था. आदित्य और श्रद्धा की फिल्मों की बात करें, तो आखिरी बार श्रद्धा हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' में नजर आई थीं, ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. वहीं आदित्य क्राइम थ्रिलर सीरीज 'द नाइट मैनेजर' में दिखे थे, साथ ही वो 'मेट्रो इन डिनो' पर भी काम कर रहे हैं.